सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
15.03.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 242


14 लव सेक्स और धोखा-2 से उर्फी करेंगी बड़े पर्दे पर डेब्यू



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



# युवाओं की सरकार, युवाओं से सरोकार



श्री चम्पाई सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC)







**₹15 लाख**
तक विद्यार्थियों को ऋण सुविधा...
...बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के

**4%**
साधारण ब्याज दर से भुगतान
शेष ब्याज का वहन झारखण्ड सरकार द्वारा

**15 वर्ष**
तक ऋण वापसी की अवधि
ऋण बिना किसी जमानती सुरक्षा के

ऋण वापसी की प्रक्रिया
पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद से

अध्ययन अवधि में
ही ऋण का ब्याज चुकाने पर ब्याज के
दर में 1% की छूट

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 322712 (Higher Education,Technical Education and Skill Development Department) IPRD 23-24

विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के ठिकानों पर इडी ने दी थी दबिश

# छापेमारी में 35 लाख कैश, फर्जी स्टांप समेत कई दस्तावेज बरामद

**इडी ने बताया : विधायक अंबा प्रसाद के आवास पर आपराधिक गतिविधियों से वसूली, नक्सली लेवी, बालू का अवैध कारोबार और जमीन कब्जे को लेकर हुई छापेमारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अवैध खनन सहित कई मामलों की जांच कर रही ईडी ने बीते मंगलवार को रांची हजारीबाग के 20 ठिकाने पर छापेमारी की थी। ईडी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मनी लॉड्रिंग के आरोप में पूर्व मंत्री योगेद्र साव, विधायक अंबा प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के ठिकाने पर तलाशी ली गई थी। इस क्रम में 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, बैंक आदि के नकली स्टाम्प, हाथ से लिखी



रसीद, डायरी, अहम दस्तावेज समेत अन्य सामान बरामद किये गये। जबरन वसूली, लेवी वसूली, अवैध बालू खनन, जमीन पर कब्जा, समेत कई आरोप हैं। अवैध बालू खनन से संबंधित ईडी ने साक्ष्य बरामद किये हैं।

### इडी को मनी लॉड्रिंग की मिली थी शिकायत

जानकारी के मुताबिक ईडी से विधायक अंबा प्रसाद को लेकर मनी लॉड्रिंग की शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज एफआइआर की जानकारी भी ईडी के अधिकारी ने मांगी थी। इसी आधार पर मंगलवार को ईडी की अलग अलग टीम रांची और हजारीबाग के कई ठिकानों पर छापामारी की थी।

## पुलिस ने ईडी को थाने में बुलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस ने ईडी को समन जारी कर थाने में बुलाया है। यह समन एससी एसटी थाने में दर्ज मामले को लेकर किया गया है। इस समन का जवाब रांची के गोंदा थाने में हाजिर होकर देना है। हेमंत सोरेन ने एसटी एससी थाने में आवेदन के माध्यम से ईडी पर छवि खराब करने का आरोप लगाया था। 27 जनवरी को हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर ईडी की छापेमारी हुई थी। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी के कुछ घंटे पूर्व रांची के एसटी-एससी थाना में आवेदन देकर ईडी के अफसरों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## सीएम को बीआरपी-सीआरपी का ज्ञापन

**रांची।** बीआरपी सीआरपी अपनी चिर प्रतिक्षीत सेवा शर्त नियमावली कैबिनेट से पास करने के लिए गुरुवार को सीएम के नाम ज्ञापन दिया। संघ ने सीएम से अनुरोध किया है कि 19 वर्षों की सेवा के बाद अभी तक नियमावली कैबिनेट से पास नहीं हुई है। इससे बीआरपी सीआरपी की स्थिति कष्टप्रद है।

ग्रामीण विकास सचिव ने संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का रोल अहम : श्रीनिवासन

**मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए मजबूत निगरानी रखें**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने गुरुवार को झारखंड में संचालित ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की। इसमें अधिकारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए मजबूत निगरानी होनी चाहिए। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में मनरेगा का अहम रोल है। उन्होंने हर माह समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का नियमित और विस्तार से समीक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि मनरेगा से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लाभुकों की भी अकाउंटेबिलिटी तय होनी चाहिए। इससे योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने में भी मदद मिलेगी और लाभुकों को बिचौलियों से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत पंचायतों में चल रही योजनाओं का सोशल ऑडिट रेगुलर होना चाहिए। इससे योजनाओं में गड़बड़ी और लापरवाही पर अंकुश लगेगा।

वहीं, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने वित्त वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजनाओं की प्रगति, महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से रखी। उन्होंने मुख्यमंत्री को वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्य योजना से अवगत कराया।




### राज्य में 2.89 लाख सखी मंडलों का गठन

दीनदयाल अंत्योदय- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य में 2.89 लाख सखी मंडलों का गठन किया गया है। इससे 32.94 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। विगत चार वर्षों में 1.18 लाख सखी मंडलों का गठन कर 15.29 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। वहीं 5 लाख से अधिक महिला किसानों को लखपति महिला बनाया जा चुका है। ग्रामीण विकास सचिव ने महिला उत्पादक संगठन, जोहार परियोजना, झारखंड सूक्ष्म टपक सिंचाई परियोजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना, पलाश ब्रांड, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बिरसा विशिष्ट जनजातीय विकास योजना एवं उड़ान परियोजना, प्रखंड भवन निर्माण कार्य आदि से जुड़ी जानकारी भी दी।

### विभाग की योजनाएं और लक्ष्य

वर्तमान वित्त वर्ष में भी अबतक कुल 6.26 लाख योजनाओं को किया गया पूर्ण, बंजर भूमि पर कैक्टस लगाने की योजना, वेगन लेदर में होगा उपयोग, अबुआ आवास योजना अंतर्गत ग्रामीणों के कच्चा मकान को किया जा रहा पक्का, चालू वित्त वर्ष में 1015 लाख मानव दिवस का सृजन, वर्तमान वित्त वर्ष में 900 लाख अनुमोदित मानव दिवस के विरुद्ध अब तक कुल 1015 लाख मानव दिवस सृजन किया जा चुका है। वहीं शत-प्रतिशत मजदूरी का भुगतान किया गया है। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत ग्रामीणों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से गत 4 वर्षों में कुल 1,31,850 एकड़ भूमि पर बागवानी के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 1,10,665 एकड़ भूमि पर बागवानी के माध्यम से अबतक कुल 1,27,381 परिवारों को लाभान्वित किया गया है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन के तहत मनरेगा तथा राज्य योजना मद की राशि से बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन अन्तर्गत एक लाख सिंचाई कूप निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को पशु शेड दिए जाने का प्रावधान है। इसके तहत 27,786 योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। अबतक 13,309 योजनाओं में शेड निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 97.83 प्रतिशत निर्माण पूर्ण हो गया है।

## पंकज मिश्रा के तीन सहयोगियों पर आरोप गठित

**1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि की मनी लाउंड्रिंग का मामला**

**इनपर आरोप गठित हुआ**
भगवान भगत, सहयोगी टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज में अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा सहयोगी भगवान भगत, सहयोगी टिंकल भगत एवं कृष्णा साहा पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में आरोप गठित कर दिया गया। आरोप का गठन साहिबगंज जिले में अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में किया गया है। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान कृष्णा साहा व्यक्तिगत और जेल में बंद भगवान भगत व टिंकल भगत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुआ। अदालत ने तीनों के खिलाफ लगे आरोपों को पढ़कर सुनाया। तीनों ने अपने आप को निर्दोष बताया और कहा कि आगे ट्रायल को तैयार हैं। इसके बाद अदालत ने तीनों पर आरोप गठित किया। मामले मेंअब ईडी की ओर से सबूत प्रस्तुत किया जाएगा। मामले में तीनों आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका पीएमएलए कोर्ट ने पूर्व में खारिज कर चुकी थी। मालूम हो कि भगवान भगत एवं टिंकल भगत जेल में है, जबकि कृष्णा साहा जमानत पर बाहर है।

## सीपीए का 67वां सम्मेलन सिडनी में

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक हुई। बैठक की शुरूआत अध्यक्ष झारखंड विधानसभा सह सभापति राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखण्ड शाखा रबीन्द्रनाथ महतो ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य से शुरू की। सीपीए के सदस्य डॉ सबा अहमद के निधन पर दो मिनट मौन धारण भी किया गया। अध्यक्ष ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की आगामी सम्मेलन के संबंध में बैठक में जानकारी दी कि 4 नवंबर से 8 नवंबर 2024 तक सीपीए का 67वां सम्मेलन सिडनी, न्यू साउथवेल्स ऑस्ट्रेलिया में आयोजित होगी।

प्रभारी सचिव झारखंड विधानसभा सह सचिव राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा जावेद हैदर बैठक में वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया एवं जानकारी दी कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा के सदस्यों की संख्या वर्तमान में 126 है।

धनबाद में जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामला

# सीबीआई ने हाईकोर्ट को दी दोषियों के व्हाट्सएप चैट की पूरी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड पर झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। गुरुवार की सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि दोषियों के व्हाटसएप चैट से ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली है, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि इस घटना में किसी और व्यक्ति की भूमिका शामिल है।

वहीं हाईकोर्ट ने अदालतों की सुरक्षा के लिए उठाए गए सभी कदमों की विस्तृत जानकारी राज्य सरकार से मांगी है। बता दें कि वर्ष 2021 में धनबाद सिविल कोर्ट के जज उत्तम आनंद की हत्या कर दी गयी थी। हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया था और इसे जनहित याचिका में तब्दील कर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है।

**खबर एक नजर में**

### राज्यपाल से मिले लालचंद महतो



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को राज्य के पूर्व मंत्री एवं बहुजन सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालचंद महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। इस मौके पर राज्यपाल को कतिपय समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।

### राज्यपाल से मिला पंचायत प्रतिनिधि संघ का दल



**रांची।** विकास कुमार महतो के नेतृत्व में त्रीस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघ का एक शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मिलकर समस्याओं का ज्ञापन सौंपा।

### यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ने राज्यपाल को बतायी समस्याएं



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को फेडरेशन ऑफ द यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड का एक शिष्टमंडल अध्यक्ष डॉ बबन चौबे के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। इस पर फेडरेशन के सदस्यों ने राज्यपाल को विवि की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

ओबीसी की आवाज को बुलंद करने से रोकने को ईडी के बढ़े हाथ

# देश के एक बड़े नेता के ईशारे पर विधायक अंबा के यहां हुई ईडी की छापेमारी : राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधायक अंबा प्रसाद ओबीसी के हक और अधिकार की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक बुलंद करती रही हैं। इसी आवाज को दबाने के लिए उनके विरुद्ध ईडी की यह कार्रवाई एक राजनीतिक षड्यंत्र है। यह मुखर आवाज कहीं लोकसभा में जाकर ओबीसी की आवाज को बुलंद न करें, इसलिए उन्हें घेरने का काम किया जा रहा है। ईडी आज सिर्फ राजनीतिक हथकंडा बनकर के रह गई है। यह बातें गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने प्रेस वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि अंबा प्रसाद को लोकसभा चुनाव लड़ने से रोकने के लिए देश के एक बड़े नेता के इशारे पर ईडी द्वारा छापामारी की कार्रवाई की गई है। झारखंड प्रदेश से कहने को तो कई ओबीसी सांसद और केंद्र में मंत्री तक हैं, लेकिन वे सभी ओबीसी समुदाय के मुद्दे को कभी भी न तो संसद में रखते हैं और न ही आवाज को बुलंद करते हैं। चाहे मामला जाति जनगणना का हो, मंडल कमीशन की अनुशंसा लागू करने, ओबीसी का प्रमोशन में आरक्षण का हो, ओबीसी के क्रीमी लेयर हटाने का हो, ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का हो, उत्तर प्रदेश में 630 दिनों से धरना पर बैठे 69000 शिक्षक नियुक्ति में 6800 ओबीसी अभ्यर्थी का आरक्षण घोटाले सहित कई मामले में ओबीसी सांसदों की आवाज लोकसभा में नहीं निकलती है।



अंबा प्रसाद इन सब मामलों में वे झारखंड में सबसे अलग विधायक हैं। वह न सिर्फ विधानसभा, बल्कि सड़क पर भी उतर कर ओबीसी की आवाज को बुलंद करती हैं। ऐसी स्थिति में झारखंड प्रदेश के ओबीसी समुदाय उनके साथ है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अंबा प्रसाद के ऊपर ईडी के छापे की कड़ी निंदा करता है। पूर्व में भी राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विरुद्ध छापे पर भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने प्रमुखता से कहा था कि यह कार्रवाई सांसद धीरज साहू के सामाजिक, राजनीतिक जीवन को दागदार और बदनाम करने के लिए किया जा रहा है और आज यही बात साबित भी हो गया।


मौके पर उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, महासचिव प्रमोद प्रसाद,अजय मेहता, राम लखन साहू, वसीम अकरम, विष्णु कुमार, राम अवतार कश्यप,राजेश महतो, अशोक कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

# गर्मी से पहले जेबीवीएनएल की तैयारी, न हो लोड शेडिंग

**बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग से लेकर अन्य तकनीकी चीजों को दुरूस्त करने का निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गर्मी को लेकर बिजली वितरण निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस साल लोगों को बिजली में होने वाली तकनीकी कारणों से कम से कम परेशानी हो इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गयी है। झारखंड बिजली वितरण निगम मुख्यालय की मानें तो सभी आपूर्ति क्षेत्रों को इस संबंध में निर्देश जारी किया गया है। जिसमें अपने-अपने आपूर्ति क्षेत्र में बिजली उपकरणों की जांच, ट्रांसफॉर्मर जांच, फीडर चेकिंग से लेकर अन्य तकनीकी चीजों को दुरूस्त करने का आदेश दिया गया है। गर्मी के दौरान लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने पर निगम की ओर से अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। जिससे क्षेत्रवार बिजली की समस्या का समाधान हो सके। वहीं सभी



सब स्टेशन में क्यूआरटी टीम के साथ जांच करने और ट्रांसफॉर्मर फिलिंग करने जैसी तकनीकी चीजों पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया है। जिसमें सभी लाइनों की समय-समय पर पेट्रोलिंग करने, ट्रांसफॉर्मर की जांच, बिजली तार सटने वाले इलाकों में पेड़ों टहनियों की कटाई, ट्रांसफॉर्मर चिन्हित कर लोड बढ़ाने समेत अन्य तैयारियां की गयी है।

जानकारी हो राज्य में गर्मी की दस्तक पड़ चुकी है। लोगों को गर्मी के साथ ही बिजली के बार-बार कटने से परेशानी होती है। जहां राज्य में सामान्य दिनों के दौरान बिजली की मांग 1800 से 2000 मेगावाट तक रहती है। वहीं गर्मी के दिनों में कई बार मांग 2600 मेगावाट तक पहुंच जाती है। ऐसे में बिजली के प्रबंधन और निर्बाध बिजली आपूर्ति पर वितरण निगम सजग है।

## पूर्व डीआइजी संजय रंजन आजसू पार्टी के महासचिव बने



**रांची।** पूर्व डीआईजी संजय रंजन को आजसू पार्टी में महासचिव बनाया गया है। केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर इस बाबत पत्र जारी कर दिया गया है। मूल तौर पर पलामू के रहने वाले संजय रंजन हाल ही में आजसू पार्टी में शामिल हुए थे। उन्होंने राज्य में पुलिस सेवा के विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दी है। साथ ही सामाजिक सरोकार से भी जुड़े रहे हैं। राज्य में अलग- अलग क्षेत्रों की समस्याओं से भी वे वाकिफ रहे हैं।

पार्टी में महासचिव बनाये जाने के बाद संजय रजन ने कहा है कि सार्वजनिक जीवन में भी वे दल तथा राज्यवासियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। संजय रंजन के महासचिव बनने पर पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

# प्रदीप वर्मा ने चुनाव आयोग को अपनी संपत्ति की गलत जानकारी सौंपी : सुप्रियो भटटाचार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्यसभा का परिणाम सामने आया है। परिणाम पहले 21 मार्च को आना था लेकिन 14 मार्च को ही घोषित कर दिया गया। भाजपा झारखंड को महाराष्ट्र और हरियाणा बनाने में लगी थी। महाराष्ट्र से महापात्रा को लेकर झारखंड आयी और खेला करना चाहती थी लेकिन झारखंड में औंधे मुंह गिर गयी। सुप्रियो भट्टाचार्य गुरुवार को मीडिया से बात कर रहे थे।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि बीजेपी के लिए संविधान कोई



मायने नहीं रखता है। ये लोग संविधान से इतर काम कर रहे हैं। कुछ दिन पहले की बात करें, तो गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरफराज अहमद ने इस्तीफा दिया था। इसके बाद एक सांसद बयान दे रहे थे, कि कोई चुनाव अब नहीं हो सकता है। कई कोर्ट का हवाला दे रहे थे, राजभवन कि दौड़ लगा रहे थे लेकिन झारखंड में चुनाव नहीं होने का दम्भ भरने वाले लोगों ने हरियाणा में कैसे मुख्यमंत्री बना दिया जबकि वह विधायक भी नहीं हैं। बीजेपी के लोग अब सड़ी गली बात करने लगे हैं।

### बीजेपी आजमगढ़ के व्यक्ति को भेज रही रास

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड़ में आदिवासी मूलवासी की बात करनेवाली बीजेपी ने बाहर से उम्मीदवार लाकर राज्यसभा भेजने का काम किया है। आजमगढ़ के एक व्यक्ति को झारखंड से राज्यसभा भेजने का काम किया लेकिन शपथ पत्र में रांची का जिक्र किया है। साथ ही चुनावी पर्चे में अपनी संपत्ति के बारे में भी छुपाने का काम किया है। रघुवर राज में इनके खाते में दिन दोगुनी रात चौगुनी पैसे में बढ़ोतरी हुई है।

### चुनाव आयोग को नहीं दी है सही जानकारी

प्रदीप वर्मा फार्म हाउस, खेलगांव में फ्लैट, पंडरा में फ्लैट, सरला बिरला के अंदर दवाई दुकान के मालिक हैं। कई एनजीओ चलाते हैं, अरगोड़ा में जमीन है, धनबाद में जमीन के मालिक हैं। इसके अलावा आजमगढ़ में आलीशान मकान है। इन सब के मालिक प्रदीप वर्मा हैं। प्रदीप वर्मा ने अपने किसी भी हलफनामा में आजमगढ़ का जिक्र नहीं किया है। सभी प्रोपर्टी में अलग अलग पता दर्ज कराया गया है। इसकी जांच होनी चाहिए, सभी दस्तावेज मौजूद हैं।

### बाबूलाल मरांडी अब प्रदीप वर्मा से पूछें सवाल

बाबूलाल मरांडी बहुत सवाल पूछते थे अब प्रदीप वर्मा से सवाल पूछेंगे। आखिर किसी एफेडेविट में राम प्रसाद वर्मा, किसी में प्रसाद वर्मा दर्ज है। आखिर यह अलग अलग नाम क्यों है। सुप्रियो ने कहा कि कोई संपति डकार कर पेट बड़ा कर लेता है तो कोई हवा खा कर पेट बड़ा कर लेता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा

# अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए मीडिया पर दबाव नहीं बनाए राज्य सरकार : बाबूलाल मरांडी

**मीडिया अपना सूत्र बताने के लिए बाध्य नहीं, मीडिया की स्वतंत्रता सर्वोपरी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पत्रकार किसी को भी अपने न्युज का स्त्रोत बताने को बाध्य नहीं होते, फिर भी रांची पुलिस हेमंत सोरेन द्वारा ईडी के लोगों के विरूद्ध दर्ज कराये गये फर्जी एवं बिना सिर के एक मुकदमे के मामले में पत्रकारों के उपर दबाव डालकर उनके सूत्र जानना चाहती है। कहा कि पुलिस पत्रकारों के सूत्र जानने से पहले पत्रकारों और झारखंड की जनता को ये तो बताए कि हेमंत सोरेन 40 घंटे तक भगोड़े की तरह कहां छिपे थे, किधर से



भागे, किसके साथ भागे, पैदल भागे की मोटरसाइकिल से भागे, चोर की तरह रात को भागने की वजह क्या थी? कहा कि ईडी, झारखंड में पिछले करीब 2 सालों से झामुमो-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में चल रहे भ्रष्टाचार के खुलासे के लिए धुंआधार कारवाई कर रही है, जिसकी कवरेज स्थानीय और नेशनल मीडिया पर भी होती रही है। पत्रकारों का काम ही है अंदर की खबरें निकालना... लेकिन झारखंड पुलिस द्वारा कानून का दुरुपयोग कर पत्रकारों पर दबाव डालना लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है।

हेमंत सोरेन ने अपने शासन के दौरान पुलिस-प्रशासन का दुरूपयोग अपराधियों को संरक्षण देने, लोकतंत्र की आवाज को दबाने और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को प्रताड़ित करने के लिए किया लेकिन अंततः उन्हें अपने पापों का फल भुगतना पड़ रहा है। झारखंड पुलिस के डीजीपी, रांची के एसएसपी, आपलोग न तो खुद भ्रष्टाचारी सरकार का टूलकीट बनें और न किसी दूसरे पुलिस वालों को बनने दें। पिछले दिनों गलत काम करने वालों का अंजाम देखकर सबक लें। पत्रकारों को अपना काम करने दें और राज्य में बेलगाम हो चुके अपराध और पुलिस की लूट-वसूली को रोकने की कोशिश करें।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
15.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ


khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 242



14 लव सेक्स और धोखा-2 से उर्फी करेंगी बड़े पर्दे पर डेब्यू

कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया एवं पोटका में

## डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास कार्यक्रम



मुख्य अतिथि

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : अपराह्न 01:15 बजे
स्थान : मारदाबांध स्टेडियम मैदान, चाकुलिया

दिनांक : 15 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 11:40 बजे
स्थान : प्रखण्ड मैदान, पोटका

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण सह-आपदा प्रबंधन विभाग

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री विद्युत बरण महतो**
माननीय सांसद, जमशेदपुर लोकसभा

**श्री रामदास सोरेन**
माननीय विधायक, घाटशिला

**श्री सरयू राय**
माननीय विधायक, जमशेदपुर पूर्वी

**श्री मंगल कालिंदी**
माननीय विधायक, जुगसलाई

**श्री समीर मोहंती**
माननीय विधायक, बहरागोड़ा

**श्री संजीव सरदार**
माननीय विधायक, पोटका



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 322714 (IPRD) 23-24

# आरयू का 37वां दीक्षांत समारोह आज, बंटेंगी कुल 4043 डिग्रियां

## राज्यपाल चीफ गेस्ट और केंद्रीय कृषि मंत्री होंगे विशिष्ट अतिथि




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को होगा। विवि की ओर से इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। गुरुवार को इस दीक्षांत समारोह को लेकर रिहर्सल किया गया। समारोह में 4043 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह विवि के चांसलर सीपी राधाकृष्णन होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा रहेंगे। समारोह के दौरान विवि के मेधावियों के बीच 76 गोल्ड मेडल बांटे जायेंगे। इनमें 41 गोल्ड मेडल पर बेटियों ने कब्जा कर लिया है। वहीं दूसरी ओर मात्र 21 छात्र ही गोल्ड मेडल प्राप्त करने में सफल रहे हैं। 76 गोल्ड मेडल में 61 विश्वविद्यालय के छात्र हैं और 15 स्पॉन्सर के लिए है। बेस्ट ग्रेजुएट को भी मेडल दिया जाएगा।

**भारतीय परिधान में डिग्री लेंगी छात्र-छात्राएं** : दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राएं भारतीय परिधान में डिग्री लेंगी। समारोह में शामिल होने वाले छात्रों में लड़कों को सफेद कुर्ता पायजामा, वहीं लड़कियों के लिए लाल पाड़ की सफेद साड़ी या सफेद सलवार कमीज के साथ लाल दुपप्ता निर्धारित किया गया है।

## बिगड़ते शैक्षणिक माहौल को लेकर छात्र आजसू ने डीएसपीएमयू में जड़ा ताला

# विश्वविद्यालय प्रशासन मैनेजमेंट विभाग में शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति करे: आजसू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने ज्योति सोनी और सुधांशु सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विभिन्न मांगों को ले कर ताला जड़ दिया। करीब 2 घंटे की ताला बंदी के दौरान छात्र आजसू के सदस्यों ने जम कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। तालाबंदी के 15 मिनट बाद विवि की रजिस्ट्रार डॉक्टर नमिता सिंह ने छात्र आजसू से वार्ता करने का प्रयास किया, लेकिन छात्र आजसू के सदस्य जीके बास्की पर करवाई की मांग को लेकर अड़े रहे।



नीरज वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रशासनिक एवं शैक्षणिक माहौल बहुत खराब हो गया है। आए दिन यहां के छात्र छात्राओं का मानसिक शोषण किया जाता है, उन्हें धमकी दी जाती है, डराया जाता है। अभी गेस्ट फैकल्टी का लड़की के साथ शिक्षक द्वारा दुर्व्यवहार करने का मामला शांत भी नहीं हुआ और दूसरी तरफ एमबीए विभाग के डॉ एसके बास्की द्वारा छात्रों को डराया धमकाया जा रहा है। मौके पर ज्योति सोनी ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में पानी की किल्लत है। इस कारण यहां के छात्र छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुधांशु सिंह ने कहा कि छात्र छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में बिना आईडी कार्ड के किसी को प्रवेश नहीं दिया जाए। छात्रों ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर के कैंटीन को अभिलंब चालू किया जाए। छात्र आजसू ने मांग की के छात्रा के साथ दूर व्यवहार करने वाले शिक्षक पर एफआईआर किया जाए, एमबीए विभाग के डायरेक्टर एसके बासुकी को एमबीए विभाग के निदेशक पद से मुक्त किया जाए। मौके पर मौजूद विवि की रजिस्टर डॉ नमिता सिंह ने कहा कि अभी कुलपति रांची से बाहर हैं। कुलपति के लौटते ही शनिवार को इस मामले पर कार्रवाई की जाएगी।

# होली में बिहार-यूपी जानेवाले यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** होली में बिहार और यूपी जानेवाले यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। बिहार, यूपी जानेवाले ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रहा है। ऐसे में स्पेशल ट्रेन के चालू होने से यात्रियों को काफी सहुलियत होगी। जिन ट्रेनों का परिचालन होने जा रहा है, वह एक ट्रिप जायेगी और लौटेगी।



### रांची-जयनगर-रांची होली स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 08838 रांची-जयनगर होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 23/03/2024 (शनिवार) को रांची से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का रांची प्रस्थान 23:55 बजे, मुरी आगमन 01:05 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 02:10 बजे, धनबाद आगमन 04:20 बजे, जसीडीह आगमन 06:10 बजे, झाझा आगमन 08:45 बजे, किउल आगमन 09:30 बजे, बरौनी आगमन 10:10 बजे, समस्तिपुर आगमन 12:50 बजे, दरभंगा आगमन 14:10 बजे एवं जयनगर आगमन रविवार 16:30 बजे होगा।

वहीं ट्रेन संख्या 08839 जयनगर-रांची होली स्पेशल दिनांक 24/03/2024 (रविवार) को जयनगर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का जयनगर प्रस्थान रविवार 23:50 बजे, दरभंगा आगमन 01:30 बजे, समस्तीपुर आगमन 02:55 बजे, बरौनी आगमन 04:00 बजे, किउल आगमन 05:00 बजे, झाझा आगमन 06:15 बजे, जसीडीह आगमन 06:55 बजे, धनबाद आगमन 10:55 बजे,, बोकारो स्टील सिटी आगमन 13:30 बजे, मुरी आगमन 14:30 बजे एवं रांची आगमन सोमवार 16:45 बजे होगा।

### रांची-गोरखपुर-रांची होली स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 08821/08822 रांची-गोरखपुर-रांची होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08821 रांची-गोरखपुर होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 22/03/2024 (शुक्रवार) को रांची से प्रस्थान करेगी। रांची प्रस्थान शुक्रवार 21:45 बजे, मूरी आगमन 22:48 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 23:38 बजे, धनबाद आगमन 02:15 बजे, मधुपुर आगमन 04:40 बजे, जसीडीह आगमन 05:08 बजे, पटना आगमन 09:05 बजे, छपरा आगमन 11:30 बजे एवं गोरखपुर आगमन शनिवार 16:00 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 08822 गोरखपुर रांची होली स्पेशल ट्रेन दिनांक 24/03/2024 (रविवार) को गोरखपुर से प्रस्थान करेगी। गोरखपुर प्रस्थान रविवार 05:00 बजे, छपरा आगमन 07:50 बजे, पटना आगमन 10:10 बजे, जसीडीह आगमन 14:05 बजे, मधुपुर आगमन 14:33 बजे, धनबाद आगमन 15:35 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 18:05 बजे, मूरी आगमन 19:05 बजे एवं रांची आगमन रविवार 21:25 बजे होगा।

### रांची-कटिहार-रांची होली स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 05761/05762 रांची-कटिहार-रांची होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 05761 रांची-कटिहार होली स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 22.03.2024 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 29.03.2024 (शुक्रवार) को रांची से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान शुक्रवार 20:30 बजे, मुरी आगमन 21:33 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 22:45 बजे, धनबाद आगमन 00:40 बजे, आसनसोल आगमन 02:00 बजे, पाकुड़ आगमन 06:31 बजे, मालदा टाउन आगमन 08:25 बजे एवं कटिहार आगमन शनिवार 11:00 होगा ।

वहीं ट्रेन संख्या 05762 कटिहार-रांची होली स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 21.03.2024 एवं यात्रा प्रारंभ दिनांक 28.03.2024 (गुरुवार) को कटिहार से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का कटिहार प्रस्थान गुरुवार 22:30 बजे, मालदा टाउन आगमन 00:55 बजे, पाकुड़ आगमन 02:25 बजे, आसनसोल आगमन 08:25 बजे, धनबाद आगमन 10:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 11:50 बजे, मुरी आगमन 12:55 बजे एवं रांची आगमन शुक्रवार 14:25 बजे होगा।

### रांची-पूर्णियां-रांची होली स्पेशल ट्रेन

ट्रेन संख्या 08849/08850 रांची-पूर्णियां-रांची होली स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08849 रांची-पूर्णियां होली स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 23.03.2024 (शनिवार) को रांची से प्रस्थान करेगी। रांची प्रस्थान शनिवार 05:30 बजे, मुरी आगमन 06:30 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 07:40, धनबाद आगमन 09:45 बजे, जसीडीह आगमन 12:40 बजे, बरौनी आगमन 16:15 बजे एवं पूर्णियाँ आगमन 21:00 होगा।

ट्रेन संख्या 08850 पूर्णियां-होली स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ दिनांक 23.03.2024 (शनिवार) को पूर्णियां से प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन का पूर्णियां प्रस्थान शनिवार 23:55 बजे, बरौनी आगमन 03:20, जसीडीह आगमन 06:28 बजे, धनबाद आगमन 09:00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 10:40 बजे, मुरी आगमन 11:45 बजे एवं रांची आगमन रविवार 14:25 बजे होगा।

# झारखंड हाइकोर्ट में वरीय अधिवक्ता को लेकर 96 ने पेश की अपनी दावेदारी, 10 से 15 का होना है चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में वरीय अधिवक्ता के लिए 96 वकीलों ने अपनी दावेदारी पेश की है। इसमें से 10-15 अधिवक्ता का चयन वरीय अधिवक्ता के रूप में चयन होना है। जिन अधिवक्ताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है कि उनमें झारखंड हाईकोर्ट, रांची सिविल कोर्ट, धनबाद सिविल कोर्ट समेत अन्य जिला न्यायालय के वकीलों का नाम शामिल है।

नियम के मुताबिक, डेजिग्नेटिड सीनियर के रूप में चयनित होने के लिए वकीलों ने अपनी प्रैक्टिस, अपने जूनियर वकीलों की जानकारी और महत्वपूर्ण मुकदमों में उनके द्वारा की गयी पैरवी के अलावा कई बिंदुओं पर जानकारी साझा की है। फॉर्म भरने वाले वकीलों ने इस बात की जानकारी दी है कि जिला बार एसोसिएशन या स्टेट बार काउंसिल में उनके खिलाफ मिस कंडक्ट या फिर प्रोफेशनल कंडक्ट का कोई आरोप तो नहीं है।

**इन अधिवक्ताओं ने पेश की है अपनी दावेदारी** : वरीय अधिवक्ता की रेस में अवनीश शेखर, मनोज टंडन, मिथिलेश कुमार मिश्रा, डॉ हसनैन वारिस, सुमित कुमार गाड़ोदिया, सौरव अरुण, अवनीश रंजन मिश्रा, हिमांशु कुमार मेहता, प्रवीण शंकर दयाल, बी के दुबे, प्रशांत पल्लव, जयशंकर त्रिपाठी, विकास किशोर प्रसाद, संजोय पिपरवाल, के के झुनझुनवाला, इंद्रजीत सिन्हा, रविंद्र नाथ, भानु कुमार, सुधीर कुमार, मोख्तार खान, अभय कुमार मिश्रा, के के ओझा, दर्शना पोद्दार, एस के मुरारी, कल्याण राय, राजीव सिन्हा, नीलेश कुमार, विपुल दिव्या, एस के वर्मा, अपूर्व लाल, जी एम मिश्रा, अशोक कुमार सिंह, अयोध्या प्रसाद, मो. मुस्लिम अंसारी, मो. जाकी आजम, अनिल कुमार सिंह, समीर सौरभ, अमर कुमार सिन्हा, हेमंत शिकरवार, अमित कुमार दास, अजय कुमार त्रिवेदी, प्रकाश कुमार झा, हरेंद्र महतो, कंचन लता, सुधीर कुमार शर्मा, चुन्नू कांत, हरेंद्र कुमार सिंह, राधे श्याम गोस्वामी, महेश प्रसाद सिन्हा, अभय शंकर दयाल, धनंजय कुमार दुबे, राजेश कुमार, प्रदीप मोदी, रश्मि कुमार, राजेंद्र कृष्ण, पियूष कुमार, विमल कीर्ति सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, अशोक कुमार यादव, राहुल कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, राजीव कुमार, शेखर सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, ए के राशिदी, हिमांशु शेखर, राधे श्याम, रवि शेखर गुप्ता, जितेंद्र सिंह, प्रवीण अखौरी, अच्युत केशव, रिंकु भगत, पांडेय नीरज राय, मृत्युंजय कुमार, सिद्धार्थ रंजन, महेश कुमार सिन्हा, भावेश कुमार, अनुज कुमार, समीरन पॉल, सुनील कुमार शर्मा, किशोर कुमार विश्वकर्मा, भगीरथ रॉय, हेमंत कुमार गुप्ता, अमरेन्द्र कुमार सहाय, सचिन कुमार, वंदना सिंह, ललित कुमार सिंह, ऋचा संचिता, राम सुभग सिंह, कार्तिक कुर्मी, प्रभात कुमार, अजीमुद्दीन, प्रशांत कुमार सिंह, गोपेश्वर प्रसाद झा, शेखर प्रसाद सिन्हा और सुनील कुमार हैं।

# पेयजल संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनायें: सीएस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्य सचिव एल खियांग्ते की अध्यक्षता में गुरुवार की शाम आसन्न गर्मी को देखते हुये पेयजल की उपलब्धता पर राज्य स्तरीय बैठक हुई। इसमें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी उपायुक्त और नगर निकायों के अधिकारी मुख्य सचिव से रूबरू हुए। बैठक में नगर विकास सचिव चंद्रशेखर, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमीत कुमार शामिल हुये। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि पेयजल के संकट के समाधान के लिए टास्क फोर्स बनाया जाये। राज्य एवं स्थानीय स्तर पर कंट्रोल रूम बना कर टोल फ्री नंबर जारी किया जाये। टैंकरों से जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जाये, टैंकरों की खरीद के लिए जल्द टेंडर निकालें। चापाकलों की मरम्मत युद्ध स्तर पर करायें, इसके लिए नगर विकास विभाग राशि उपलब्ध करायेगा। जलाशयों, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उन्हें विकसित किया जाये। आरएमसी 20 टैंकर और खरीदेगा। नगर विकास एवं पेयजल विभाग आपस में समन्वय कर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करायें तथा लॉन्ग टर्म एवं शार्ट टर्म की पेयजलापूर्ति की योजनाएं बनायें। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में लोगों को पेयजल की समस्या से जुझना न पड़े।

## खबर एक नजर में

### पणन पदाधिकारी और जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने मोनी कुमारी का किया स्वागत



**रांची।** अनुभाजन क्षेत्र रांची के पणन पदाधिकारी और जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची मोनी कुमारी का कार्यालय कक्ष में स्वागत किया। इस दौरान जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की समस्याओं पर भी चर्चा हुई। विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने कहा कि विभागीय दिशा-निर्देशानुसार बेहतर व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा।

### मोरहाबादी टहलने गया युवक लापता

**रांची।** रांची के मोरहाबादी में सुबह टहलने गया 15 वर्षीय किशोर लापता हो गया है। लापता किशोर आदित्य कुमार कोकर चुना भट्टा का रहने वाला है। आदित्य कुमार के पिता अविनाश कुमार ने गुरुवार को सदर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। अविनाश कुमार ने पुलिस से अपने बच्चे को सकुशल ढूंढने की गुहार लगायी है।

### महिला से डेढ़ लाख छीनकर अपराधी फरार

**रांची।** राजधानी रांची के डोरंडा इलाके में छिनतई गिरोह सक्रिय है। गुरुवार को एक बार फिर से डोरंडा इलाके में महिला से डेढ़ लाख रुपए की छिनतई की गई है। महिला केनरा बैंक से पैसे निकाल कर अपने घर जा रही थी, उसी समय घात लगाये अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। अपराधी पैसे लेकर फरार हो गए। आपको बता दें कि 29 फरवरी को डोरंडा इलाके में बाइक सवार अपराधियों ने कार का शीशा तोड़कर 5 लाख रुपए लेकर फरार हो गये थे। 15 दिनों के अंदर यह डोरंडा इलाके में दूसरी वारदात है। डोरंडा थाने की पुलिस जांच में जुट गयी है। लुटेरों का अभी तक पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस सीसीटीवी का फुटेज खंगाल रही है।

### इक्फाई विवि और सरकार टूल रूम के साथ एमओयू



**रांची।** इक्फाई विवि ने झारखंड सरकार टूल रूम रांची के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया। दोनों संगठन समान हितों और उद्देश्यों से एकजुट हैं और वे संचार और सहयोग के चैनल स्थापित करेंगे, जो उनके संस्थागत उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए उनके संबंधित कार्यों को बढ़ावा देंगे और आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन क्र. झा, डीन डॉ. शोवोना चौधरी, सहायक डीन प्रो. मिथिलेश कुमार मिश्रा और शैक्षणिक प्रमुख-कंप्यूटर विज्ञान विभाग, प्रो ऋषि कुमार श्रीवास्तव इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड से उपस्थित थे। झारखण्ड सरकार टूल रूम से प्राचार्य महेश गुप्ता सहित प्रशिक्षण प्रभारी आशुतोष मिश्रा एवं मंगल टोप्पो थे।

### औरोरा के फैशन शो में दिखी सांस्कृतिक झलक



**रांची।** बीआईटी मेसरा के लालपुर एक्सटेंशन में चल रहे दो दिवसीय औरोरा 24 फेस्ट गुरुवार को संपन्न हो गया। एनुअल फेस्ट औरोरा के अंतिम दिन भी कई इवेंट आयोजित किये गये। इसमें सबसे खास रहा रैंप वॉक। इस रैंप वॉक में छात्र-छात्राओं ने देश की विभिन्न संस्कृतियों की झलक पेश की। मौके पर संस्थान की निदेशक वंदना भट्टाचार्या ने कहा कि ऐसे इवेंट होने से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। एक पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। आज बच्चों ने रैंप वॉक कर देश की विभिन्न संस्कृतियों की झलक पेश की। इस आयोजन में फैकल्टी के साथ-साथ विद्यार्थियों की टीम भी सक्रिय दिखी।

# उच्च सदन में झारखंड की आवाज बनेंगे डॉ प्रदीप वर्मा : बाबूलाल

## जीत के बाद डॉ वर्मा ने महापुरुषों की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने विधानसभा परिसर स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, प्रदेश कार्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका नमन किया। उनकी निर्विरोध जीत पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने डॉ वर्मा को दूरभाष पर बधाई एवम शुभकामनाएं दी। श्री मरांडी ने कहा कि डॉ वर्मा के अनुभव एवं उनकी कार्यक्षमता का लाभ राज्य की जनता को मिलेगा। कहा कि डॉ वर्मा देश के उच्च सदन में झारखंड की सशक्त आवाज बनेंगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा का राज्यसभा के लिए चुना जाना एक कार्यकर्ता का सम्मान है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी डॉ वर्मा को बधाई एवम शुभकामनाएं दी। नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्य एवं प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो, विधायक कमलेश सिंह सहित केंद्रीय एवम प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया।

### कुशवाहा शशिभूषण मेहता को चतरा से प्रत्याशी बनाने की मांग

**रांची।** लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से कुशवाहा समाज से एक भी प्रत्याशी नहीं देने से समाज के लोगों में नाराजगी है। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभय कुशवाहा ने कहा कि झारखंड में कुशवाहा समाज के 90 फीसदी लोग बीजेपी को समर्थन करते हैं, लेकिन अब तक भाजपा की ओर से कुशवाहा समाज से एक भी उम्मीदवार नहीं दिया गया है। जबकि झारखंड के चार लोकसभा सीट कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग एवं चतरा कुशवाहा बाहुल्य क्षेत्र है। समाज ने चतरा से विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता को टिकट दिये जाने की मांग की है।

# बारिश के साथ वज्रपात और तेज हवा की चेतावनी, येल्लो अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बढ़ती गर्मी के बीच मौसम विज्ञान केंद्र ने आने वाले दिनों में बारिश की जानकारी दी है। केंद्र ने 16 से 18 मार्च के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश की जानकारी दी है। केंद्र की मानें तो इस दौरान राज्य के इन हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश के साथ वज्रपात और तेज हवाएं चलेंगी। राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से में रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जिला में बारिश होगी।

केंद्र की मानें तो आने वाले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में पांच डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। केंद्र के अनुसार राज्य में 20 मार्च तक बारिश होगी। जिसका छिटपुट असर राज्य भर में देखा जायेगा। हालांकि 15 मार्च को आसमान साफ रहेगा, दक्षिणी हिस्से में आंशिक बादल का असर देखा जायेगा। औसतन अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक और औसतन न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक रहने की जानकारी दी गयी है।

जानकारी हो कि पिछले दो दिनों के दौरान राज्य के तापमान में वृद्धि दर्ज की गयी है।

### जेसीएम ने डोरंडा कॉलेज के नये प्राचार्य का किया स्वागत

**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा ने डोरंडा कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा को पारंपरिक झारखंडी गमछा और बुके भेंट कर स्वागत किया। छात्र मोर्चा रांची विश्विद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू ने प्राचार्य से छात्र हित संबंधित समस्याओं की जानकारी दी। बताया कि इस वर्ष सेमेस्टर 4 के रिजल्ट में 80% लगभग बच्चों को फेल कर दिया गया है। इसके लिए मोर्चा द्वारा आंदोलन कर शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन को किया गया है। विश्वविद्यालय ने एक सप्ताह रिजल्ट सुधार कर जारी करने का भरोसा दिया है। इससे छात्र हित में अच्छा संदेश जाएगा। छात्र हित संबंधित और भी समस्या को अवगत कराएं।

# सीएमपीडीआई की पहल, घर के द्वार पर होगा लोगों की आंखों का इलाज

खबर मन्त्र ब्यूरो


**रांची।** घर के द्वार पर लोगों के आंखों का इलाज होगा। कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीएमपीडीआई ने यह पहल की है। इसके तहत कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने गुरुवार को रांची स्थित मुख्यालय परिसर में एक मोबाइल आई केयर वैन को झंडी दिखाकर हजारीबाग स्थित नव भारत जागृति केन्द्र (एनबीजेके) के लिए रवाना किया।



सीएमपीडीआई के सीएसआर के तहत मोबाइल आई केयर वैन एनबीजेके को उपलब्ध करायी गयी है। इसपर 34.82 लाख रुपये की लागत आई है। यह ट्रायल बाक्स, एलईडी चार्ट, पोर्टेबल स्लिट लैंप, रेटिनोस्कोप, नान-कांटैक्ट टोनोमीटर, एजिंग मशीन आदि उन्नत उपकरणों से सुज्जित है। मोबाइल आई केयर वैन झारखंड के तीन जिलों के सुदूरवर्ती गांवों में निवास करने वाले लोगों के द्वार पर मोतियाबिंद सहित विभिन्न नेत्र रोगों की जांच एवं निदान करेगी। अपवर्तक त्रुटियों की पहचान, चश्मे के पावर को इंगित करने और मौके पर ही चश्मे की डिलीवरी कर व्यापक नेत्र सेवाएं सुनिश्चित करने में मददगार सिद्ध होगी। सीएमपीडीआई द्वारा दिसंबर, 2023 में मोबाइल आई केयर वैन प्रदान करने के लिए नव भारत जागृति केन्द्र के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया था। झारखंड के सुदुरवर्ती गांवों में लोगों को घर-द्वार पर नेत्र देखभाल सुविधाएं प्रदान करने के लिए सीएमपीडीआई द्वारा शुरू की गयी यह अपनी तरह की पहली परियोजना है। इससे लगभग 10 हजार व्यक्तियों के प्रतिवर्ष लाभान्वित होने की उम्मीद है।

मौके पर निदेशक अजय कुमार, निदेशक सतीश झा, निदेशक अच्युत घटक, महाप्रबंधक आरके महापात्रा, एनबीजेके के सचिव सतीश गिरिजा एवं उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

# मेडिका में चैंबर के सहयोग से किडनी हेल्थ फॉर ऑल थीम पर हुआ टॉक शो





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर गुरुवार को भगवान महावीर मेडिका हॉस्पिटल और झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स ने मिलकर किडनी हेल्थ फॉर ऑल थीम पर एक टॉक शो का आयोजन किया। फेड्रेशन ऑफ झारखण्ड चेंबर ऑफ कॉमर्स, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज, राउंड टेबल और रोटरी के प्रतिष्ठित सदस्यों ने भाग लिया और मेडिका के किडनी जागरूकता अभियान को मजबूत किया। मेडिका के विशेषज्ञ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. पंकज मिश्र और यूरोलॉजिस्ट डॉ. सिद्धार्थ कुमार ने किडनी और यूरोलॉजी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और शुगर, बीपी और अन्य जांच को नियमित कराने पर जोर दिया। उन्होंने संभावित जोखिमों, लक्षणों, निवारक उपायों, चिकित्सीय पद्धतियों की जानकारी दी।

चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री और संयोजक आदित्य मल्होत्रा ने डॉ. पंकज मिश्र, डॉ. सिद्धार्थ कुमार का चेंबर की ओर से स्वागत किया। वहीं पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने मेडिका के प्रयास को सराहा और कहा इस प्रकार के आयोजन निरंतर होने चाहिए। एवीपी अनिल कुमार ने बताया मेडिका हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट से लेकर सभी प्रकार की जांच और चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन में चैंबर मेडिका की ब्रांड एवं मीडिया प्रमुख भारती ओझा, पायल पांडेय और विकास मिश्र समेत चैंबर के प्रमुख लोग थे।

# आकांक्षी जनपदों की महत्वाकांक्षी उड़ान



वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत के विजन के अनुरूप देश के 112 जनपदों में ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स में सुधार करने का लक्ष्य रखा। इन आकांक्षी जनपदों में 8 जनपद उत्तर प्रदेश के शामिल हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इन सभी जनपदों में एक सुनियोजित एवं विस्तृत कार्ययोजना के तहत कार्य करते हुए विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है। इसके अलावा 100 विकास खंडों में मूलभूत विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक संरचना के क्षेत्र में सुधार करते हुए नए रोजगार के अवसरों के सृजन हेतु कार्य करने वाला यूपी, देश का पहला राज्य है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति, सुदूर एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण और कनेक्टिविटी से लैस ये जनपद प्रदेश की विकास यात्रा में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं।

"नीति आयोग के सहयोग व सामंजस्य से उत्तर प्रदेश के आठ आकांक्षात्मक जनपदों की कार्ययोजना बनाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। विकास की दौड़ में इन आकांक्षात्मक जनपदों और 100 विकास खंडों के समग्र विकास का प्रयास अपेक्षित परिणाम देने वाला सिद्ध हो रहा है"

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## जीबीसी-4.0

| लक्ष्य (करोड़ रु. में) | उपलब्धि (करोड़ रु. में) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1,53,400 | 1,57,651 | 102 |

## लक्ष्य से अधिक हुआ निवेश

| जनपद | लक्ष्य (करोड़ रु. में) | उपलब्धि (करोड़ रु. में) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| सोनभद्र | 1,00,000 | 1,21,221 | 121 |
| चन्दौली | 20,000 | 23,458 | 117 |
| फतेहपुर | 1,600 | 1,687 | 105 |
| बहराइच | 2,500 | 2,549 | 102 |

"आकांक्षी जनपदों को इंस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित करना होगा। भारत के 'आकांक्षी जनपद कार्यक्रम' का मकसद हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों का समावेशी और समग्र विकास सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम के तहत कई जनपदों में आमूल-चूल परिवर्तन हुए हैं"

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## प्रमुख निवेशक कंपनियां

टॉरेंट पॉवर (सोनभद्र) 22800 करोड़ रुपये

ग्रीनको ग्रुप (सोनभद्र) 17182 करोड़ रुपये

जेएसडब्ल्यू पीएसपी सिक्स लिमिटेड (सोनभद्र) 8000 करोड़ रुपये

इंडिया ग्लाईकॉल (सोनभद्र) 4000 करोड़ रुपये

वरुण बेवरेजेस लिमिटेड (चित्रकूट) 496 करोड़ रुपये

टस्को लिमिटेड (चित्रकूट) 47 करोड़ रुपए

एसीएमई क्लीनटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (चंदौली) 9450 करोड़ रुपये

### बलरामपुर

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 194 | एमओयू करोड़ रु. में 1402

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 58 | निवेश करोड़ रु. में 438

सरकार की मदद से गांव में 60 बीघे में ईंट भट्ठा लगाया है। परियोजना पर 31 करोड़ रुपये निवेश किया है जिससे तुलसीपुर के विकास को नया आयाम मिलेगा। साथ ही 250 लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

**-बृजेश सिंह,** बलरामपुर

### श्रावस्ती

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 439 | एमओयू करोड़ रु. में 2422

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 43 | निवेश करोड़ रु. में 866

हमारी कम्पनी ने ई रिक्शा और कृषि यंत्र निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जिला प्रशासन और सरकार से काफी सहयोग मिला है। दोनों परियोजनाओं में 200 लोगों को रोजगार मिला है।

**-शैलेन्द्र तिवारी,** श्रावस्ती

### सिद्धार्थनगर

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 299 | एमओयू करोड़ रु. में 9869

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 110 | निवेश करोड़ रु. में 441

जीसीबी 4.0 सरकार की सराहनीय पहल है। इससे जुड़कर हम सिद्धार्थनगर जनपद में राइस मिल लगा रहे हैं। यहाँ धान कुटाई से लेकर चावल पैकिंग तक का काम होगा। इससे प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से 80 लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**-रोहित जायसवाल,** सिद्धार्थनगर

### सोनभद्र

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 101 | एमओयू करोड़ रु. में 182338

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 62 | निवेश करोड़ रु. में 121277

उत्तर प्रदेश में निवेश का अच्छा माहौल बना है। हमारी कम्पनी पनबिजली परियोजना के लिए 550 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। यहां पावर प्लांट स्थापित कर बिजली उत्पादन किया जाएगा, इस प्रोजेक्ट से जनपद के 600 लोगों को रोजगार मिलेगा।

**-देवेश राय,** सोनभद्र

### चन्दौली

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 275 | एमओयू करोड़ रु. में 33481

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 85 | निवेश करोड़ रु. में 23662

चंदौली के औद्योगिक क्षेत्र फेज दो में 10 करोड़ रुपये के निवेश से शिवगंगा इंडस्ट्रीज की स्थापना की गई है। इसमें उच्च गुणवत्ता के फ्लेक्सी पैकेजिंग प्रिंटिंग आदि का कार्य होगा। इससे क्षेत्र के कई लोगों को रोजगार मुहैय्या होगा।

**- राकेश जायसवाल,** चंदौली

### फतेहपुर

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 147 | एमओयू करोड़ रु. में 2999

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 82 | निवेश करोड़ रु. में 1798

जनपद में 80 फीसदी लोग कृषि पर आधारित हैं। फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्यम के लिए जिला मुफीद है। इसका सीधा लाभ किसानों को भी मिलेगा। अफसरों ने जल्द सारी प्रक्रिया पूरी कराने की बात कही है।-

**-मनोज गांधी,** फतेहपुर

### चित्रकूट

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 280 | एमओयू करोड़ रु. में 67422

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 88 | निवेश करोड़ रु. में 7147

फ्रूड प्रोसेसिंग यूनिट में 500 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा हूं। मसाले, ड्राई फूट, मिलेट्स मोटा अनाज आदि का कारोबार रहेगा। वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सरकार चित्रकूट का बड़े स्तर पर खास ध्यान दे रही है। इससे इकोनॉमी को बढ़ावा मिलेगा।

**-फूलचंद्र कुशवाहा,** चित्रकूट

### बहराइच

**यूपीजीआईएस-2023**
परियोजनाएं 254 | एमओयू करोड़ रु. में 5171

**जीबीसी-4.0**
परियोजनाएं 159 | निवेश करोड़ रु. में 2749

हाउसिंग सोसायटी डेवलप करने के लिए 150 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। बहराइच लखनऊ हाईवे के टिकोरा मोड़ के पास हाउसिंग निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लगभग 300 लोगों को रोजगार भी मिला है।

**-राकेश कुमार अग्रवाल,** बहराइच

### वर्ष 2023-24 में एक जनपद-एक उत्पाद कार्यक्रम के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण


| जनपद | लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|
| फतेहपुर | 400 | 400 |
| सोनभद्र | 300 | 300 |
| श्रावस्ती | 250 | 250 |
| चित्रकूट | 200 | 200 |
| चन्दौली | 350 | 350 |
| बहराइच | 350 | 350 |
| बलरामपुर | 150 | 150 |
| सिद्धार्थनगर | 200 | 200 |

एक जनपद एक उत्पाद


























### एक जनपद-एक उत्पाद कार्यक्रम - मार्जिन मनी योजना वर्ष 2023-24 में बैंकों द्वारा स्वीकृत ऋण (लाख रुपये में)

| जनपद | प्रोजेक्ट संख्या | प्रोजेक्ट राशि | मार्जिन मनी |
|---|---|---|---|
| बलरामपुर | 23 | 550.47 | 80.97 |
| बहराइच | 65 | 5877.42 | 613.36 |
| चन्दौली | 25 | 263.12 | 58.84 |
| चित्रकूट | 17 | 189 | 43.5 |
| फतेहपुर | 23 | 607.67 | 120.02 |
| श्रावस्ती | 5 | 53 | 13.25 |
| सिद्धार्थनगर | 61 | 748.95 | 179.99 |
| सोनभद्र | 6 | 57 | 14.25 |

# एक चुनाव...

देश भर में एक साथ विधानसभा और लोकसभा के चुनाव के लिये गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। इसमें सिफारिश की गई है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल पांच साल का हो और किसी कारण से सरकार नहीं बन पाने या सरकार नहीं चल पाने की स्थिति में दोबारा चुनाव केवल बाकी बचे समय के लिए हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी सुझावों और दृष्टिकोणों पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद समिति एक साथ चुनाव कराने के लिए दो-चरणीय व्यवस्था की सिफारिश करती है। पहले चरण के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराए जाएंगे। दूसरे चरण में नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के चुनाव कराने के सौ दिनों के भीतर कराए जायें। इन संशोधनों के लिए कम से कम आधे राज्यों की सहमति की आवश्यकता होगी। समिति की सिफारिश है कि साजो-सामान संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत का चुनाव आयोग राज्य चुनाव आयोगों के परामर्श से पहले से योजना बनाएगा और अनुमान लगाएगा और जनशक्ति, मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों, ईवीएम व वीवीपीएटी आदि की तैनाती के लिए कदम उठाएगा। ताकि एक साथ सरकार के तीनों स्तरों पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हों। समिति का मानना है कि एक साथ चुनाव मतदाताओं की पारदर्शिता, समावेशिता, सहजता और विश्वास को बढ़ाएंगी। एक साथ चुनाव कराने के लिए भारी समर्थन विकास प्रक्रिया और सामाजिक सामंजस्य को प्रोत्साहित करेगा, लोकतांत्रिक ढांचे की नींव को मजबूत करेगा और भारत की आकांक्षाओं को साकार करेगा। किसी भी चुनाव में गठित सभी विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के पूर्ण कार्यकाल की समाप्ति पर समाप्त हो जाएगा।

# बेहाल पीएसयू

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड हर दिन नए मुकाम छू रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एक और नया रिकॉर्ड बनाया है। देश की सभी सरकारी कंपनियों की संपत्ति रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से कम हो गयी है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का मार्केट वैल्यूएशन देश की सभी सरकारी कंपनियों की कुल पूंजी से भी ज्यादा है। जनवरी 2020 से अब तक देश की सबसे वैल्यूबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर 54.6 फीसदी बढ़ गए हैं। गूगल, फेसबुक और सिल्वरलेक जैसी बड़ी कंपनियों को मुकेश अंबानी द्वारा जियो प्लेटफार्म और रिलायंस रिटेल के शेयर बेचने को इस बढोतरी का अहम कारण माना जा रहा है। देश के तेज विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी हर दिन बढ़ रही है। अंबानी परिवार की औद्यागिक नीति और सरकार से सहयोग की पुरानी परम्परा रही है। देश में यह साफ

देश की 83 पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग (पीएसयू) की सारी मार्केट केपीटलाइजेशन 15.16 लाख करोड़ रूपए है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मार्केट केपिटलाइजेशन 15.30 लाख करोड़ रूपए है। इस साल की शुरूआत में देश की सभी पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग की मार्केट कैपिटलाइजेशन रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से दो गुना थी। साल की शुरूआत में देश की सभी पब्लिक सेक्टर कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन 19.3 लाख करोड़ रूपए था। देश में निजीकरण का विरोध और सरकारी तंत्र के पक्ष में एक बहस चल रहा है जबकि देश का 98 प्रतिशत कार्यबल निजी क्षेत्र में ही रोजगार पाकर अपनी रोजी रोटी चला रहा है। देश की राजनीति जिस दिशा में चल रही है और सरकार जिस प्रकार सरकारी तंत्र के चंगुल से निकलने को छटपटा रही है उसके बीच यह बहस आश्चर्य ही पैदा करता है।

# बढ़ते बाजार में ग्राहको के हित सुरक्षित हो


**विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस/15 मार्च/विशेष)**



जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अकसर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को संसार में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। वास्तव में यह उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है।

भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए।

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानून-2019ह्न (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं।



**- योगेश गोयल**

> यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है।

यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हजार्ना देने का भी फरमान सुनाया।

एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया।

ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना ही पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका एक प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो आश्चर्य होता है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढंग से नहीं कर पाएंगे।

पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## खास बात
# पीएम से सवाल

**सर्वमित्रा सुरजन**

**जनता** को सवाल पूछने के लिए तैयार करने में अहम भूमिका शिक्षा संस्थानों, संवैधानिक संस्थाओं और मीडिया की रहती है। खेद है कि इस वक्त ये खुद सवाल पूछना भूल रही हैं। पढ़ाई के नाम पर बंधुआ मजदूरी तैयार करने वाला बड़ा वर्ग तैयार किया जा रहा है। वैज्ञानिक सोच, तर्क की आजादी, सवाल पूछने की हिम्मत ऐसे माहौल को देने वाले शिक्षा संस्थानों को किसी न किसी तरह बंद करने की कोशिशें हो रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम में कहा कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए... विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को 'विकसित भारत' के रूप में देखना है।

उन्होंने तीन बार मुख्यमंत्री रह कर संतोष नहीं किया, देश से फिर अपने लिए 60 महीने मांगे। मांगने का कारण वही पुराना था कि उन्हें देश का विकास करना है। पांच साल यानी 60 महीने बाद फिर से पांच साल और मांगें, क्योंकि पहले पांच साल तो विकास की तैयारियों में ही लग गए और उन्हें देश का विकास अब भी करना था। इस तरह दस साल गुजर जाने के बाद अब नरेन्द्र मोदी के सपने इतने बड़े हो गए हैं कि उन्हें पांच साल का मामूली जनादेश नहीं चाहिए, वे अब 2029 तक की बात नहीं करते, सीधे 2047 की बात करते हैं।

नरेन्द्र मोदी के नामामूली संकल्पों का ही नतीजा है कि लालकिले से उन्होंने ऐलान कर दिया था कि तीसरी बार भी वही यहां आकर झंडा फहराएंगे। अब तक के प्रधानमंत्रियों ने लोकतंत्र को लेकर जितना लिहाज बरता था, प्रधानमंत्री मोदी के विराट, विशाल और तेज गति वाले सपनों ने उन तमाम लिहाजों को रौंद दिया और बता दिया कि लोकतंत्र में अधिनायकतंत्र का सिक्का कैसे जमाया जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा क्या, किसी भी राज्य की जनता से कुछ पूछना जरूरी नहीं समझते। बस अपने मन की सुना देते हैं। जनता के साथ अब उन्होंने अपने नेताओं की बात भी संभवतः सुनना बंद कर दिया है।

# दुनिया एक परिवार

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यसंगानंद सरस्वती**

**एक** बार मैंने श्री स्वामी जी से पूछा, क्या आत्मा की दृष्टि, आत्मा की दृष्टि, जैसा कि किताबों में लिखा है? उन्होंने कहा, हाँ, बेशक.मैंने पूछा, रास्ता क्या है? उसने कहा, रास्ता सेवा, प्यार और देना है ।

उन्होंने नहीं कहा कि योग पर अधिक ग्रंथों का अध्ययन करें, या अधिक आसन और प्राणायाम करें, या योग पर अधिक पुस्तकें लिखें, या योग पर अधिक सेमिनार दें । नहीं! इसके बजाय उसने हमें हमारे कर्मों को सतकरमा में बदलने के लिए कहा । अपनों के लिए काम करने के बजाय दूसरों के लिए काम करो । पूरी दुनिया को अपना परिवार ही रहने दो । प्रकाश को व्यापक और दूर फैलने दो! ईशावास्य उपनिषद का कहना है कि एक ही धागा सबके माध्यम से चल रहा है । आप इसे कुछ भी कह सकते हैं: आत्मा, भगवान, परमात्मा, जागरूकता ।

आप सभी के लिए यही संदेश है । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ से हैं, आपको आत्मा की झलक और चमक वापस लेना होगा और इसे दूसरों के साथ साझा करना होगा । जलती हुई रोशनी को अपने भीतर ले जाना है और जहाँ भी जाना है उसे फैलाना है ।

जनादेश 'दे' का महत्व यह है कि आप इसे शेयर जरूर करें । आज का आदमी एक जमावड़ा है । कुछ शेयर नहीं करना है ज्ञान भी नहीं । आप असुविधाजनक हैं, आप एक दूसरे को आसानी से संवाद नहीं करते हैं । आप खुद से संवाद भी नहीं करते । आखिर अपने आप को भूल कर आप किसको याद करते हैं?

प्रभु श्री राम लला के विग्रह दर्शन कर यह समझ आया कि माता कौशल्या ने ऐसा क्यों कहा होगा।संपूर्ण संसार में ऐसा कुछ भी नहीं जो राम लला के रूप और तेज का वर्णन कर सके।आप उन्हें घंटों बैठ कर निहार सकते हैं। बचपन के ना जाने कितने दिन श्री अयोध्या धाम की इन गलियों में बीते होंगे। एक स्वप्न को पूरे होते देखने जैसा है। **-पूर्णिमा नीरज सिंह, विधायक**

## आपके ट्वीट

अगर आपके बच्चों में शिक्षा की लगन है और अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा आपका सपना है तो परिवार की आर्थिक स्थिति उसमें बाधा नहीं बनेगी। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए आवेदन करें। **- चंपई सोरेन सीएम**





पीएम-स्वनिधि योजना रेहड़ी-पटरी के मेरे परिवारजनों के लिए संजीवनी साबित हुई है। इस योजना के एक लाख लाभार्थियों के लोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। **-नरेन्द्र मोदी, पीएम**

## कार्टून वर्ल्ड




# नाम में ही नहीं विचारों में भी करना होगा बदलाव

## व्यंग्य

**सुशील कुमार 'नवीन'**

मॉर्निंग वॉक में मेरे साथ अजीब किस्से घटते ही रहते हैं। कोशिश करता हूं कि बचा रहूं पर हालात ही ऐसे बन जाते हैं कि बोले और कहे बिना रहा ही नहीं जाता। सुबह-सुबह हमारे एक दुखियारे पड़ोसी श्रीचन्द जी मिल गए। दुखियारे इसलिए कि ये 'तारक महता का उल्टा चश्मा' के पत्रकार पोपट लाल की तरह है। लाख जतन कर लिए पर विवाह का संजोग नहीं बन रहा। मुझसे बोले- आप हमारे बड़े भाई हैं। एक सलाह लेनी है। मैंने कहा-जरूर, मुझसे आपका कोई काम बने तो यह मेरा सौभाग्य होगा। एक बाबा के विज्ञापन की कटिंग दिखाकर बोले-कल इस बाबा जी के पास गया था। मैंने उनसे सारी कहानी विस्तारपूर्वक सुनाने को कहा तो उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे मैं विज्ञापन में दिए गए पते पर पहुंचा। बाबा जी एक रंगीन लाइटों से जगमगाते कक्ष में सुंदर आसन पर भस्म रमाये बैठे थे। चारों ओर धूप और दीप की सुगंध बरबस उन्हीं की ओर खींच रही थी।

कमरे में मेरे प्रवेश करते ही बाबा ने अपने दिव्य चक्षु खोले। मेरी तरफ देखा और हंसकर बोले-श्रीचन्द, सब गड़बड़ी तुम्हारे नाम में है। नाम बदलना पड़ेगा। मैंने भी उत्सुकतावश इस बारे में और जानना चाहा तो बोले-बड़े भोले बनते हो। नाम श्री(लक्ष्मी) चन्द(चन्द्र, सरताज,स्वामी) रखकर 'श्री' का वरण करना चाहते हो। नहीं हो सकता। अनन्ता,अवयुक्ता,अनिरुद्धा,अदित्या, दयानिधि,दानवेन्द्र,देवेश, देवकीनन्दन तुम्हें कभी भी ऐसा नहीं करने देंगे। नाराज है वो तुमसे। मूर्ख बालक। अपने घर की 'श्री' तुम्हें कौन देगा।

बाबा लगातार बोलते जा रहे थे और मैं सुनता जा रहा था। उनके रुकने पर उपाय पूछा तो वो बोले-कृपा चाहते हो तो अपने नाम के आगे से 'श्री' हटा दो। मैंने कहा-नाम से 'श्री' हटाने से तो मजाक बन जायेगा। 'श्री' के बिना तो चन्द की कोई वैल्यू ही नहीं रहेगी। बाबा गुस्सा होकर बोले- तुम तो निरे अज्ञानी हो।'श्री' हटाने से भी तुम्हारे नाम में कोई कमी नहीं आएगी। रूपवान हो तो चन्द के साथ 'रूप' जोड़ रूपचन्द हो जाओ। परमात्मा की मेहर चाहिए तो 'मेहर' जोड़ मेहरचन्द हो जाओ। धार्मिकता रग रग में भरी हो तो 'धर्म' जोड़ धर्मचन्द हो जाओ। दयावान हो तो 'दया के चन्द' दयाचन्द हो जाओ। पूर्णता प्राप्त करनी हो तो पूर्णचन्द बन जाओ। अमरता प्राप्त करनी हो तो अमरचन्द हो जाओ। रोमान्टिक हो तो प्रेमचन्द बन जाओ। सोमप्रिय हो तो सोमचन्द हो जाओ। ज्ञानवान हो तो ज्ञानचन्द बन जाओ। बाबाजी का प्रवचन रुकने का ही नाम नहीं ले रहा था। नाम बदलने से तुम्हारा भाग्य बदलेगा या नहीं यह मैं नहीं कह सकता। पर नाम क्या, नाम में एक भी वर्ड की बढ़ोतरी और घटोत्तरी सब कुछ बदल सकती है। राम रमा तो मोहन मोहिनी, श्याम श्यामा का रूप धर लेता है तो कृष्ण कृष्णा बन जाता है। ज्ञान अज्ञान बन जाता है तो धर्म अधर्म में बदल जाता है। सत्य असत्य तो नाम अनाम बन जाता है। श्री चन्द बोले- आप भी लग गए बाबा जी जैसे ज्ञान बांटने। सीधे-सीधे समझाओ तो कोई बात बने।

मैंने कहा- मेरे भाई। सब आजमा लिया। ये भी आजमा लो। मन तो सन्तुष्ट होगा ही। कुछ मिलेगा तो ठीक अन्यथा जैसे हो वैसे तो रहोगे ही। वो बोले- मतलब। मैंने कहा- नाम के साथ विचारों में भी बदलाव जरूरी है। दुष्ट प्रवृति और नाम सुशील, ख्याल पुराने नाम नवीन, काम राक्षसों के और नाम प्रभुदयाल रखने से थोड़े भलाई पाओगे। मुखौटा छलावे के लिए ही होता है। मुखौटा पहनने का शौक है तो ये भी आजमाकर देख लो। पोपट के साथ चाहे लाल लगाओ चाहे चन्द। रहेगा तो वो पोपट ही। बॉम्ब को बम कहने से वो विनाश कम थोड़े ही न करेगा।

## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**- रितु लकड़ा, कांके रांची**

## चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है लेकिन मामला नियंत्रिण नहीं है।

**-अवंतिका राज, लोहरदगा**

# अच्छी आदतें हमें कुमार्ग से बचाती है, श्रेष्ठ बनाती है

## मोटिवेशन

**प्रशांत झा**

हमें अपने बच्चों के लिए आदर्श प्रस्तुत करना है और ये चीजें उन्हें बचपन से ही समझनी हैं। हम उन्हें कितनी भी कारें, मोटरबाइक या महंगे-महंगे कपड़े ले दें; चाहे हम उन्हें कितनी भी बार विदेशों में छुट्टियां मनाने भेजें; पर यदि हम उन्हें आध्यत्मिक तत्व न सिखा सके तो वे औरङ्ग औरङ्ग और मांगते रहेंगे। यदि हम बच्चों को मेहनत करना सिखाएं, बचपन से ही आध्यात्मिक मूल्य दें तो वे प्रत्येक वस्तु के प्रति आभार का भाव रख पायेंगे और समय व्यर्थ नहीं गंवाएंगे।

जब तक हम जीवित हैं, हमें एक-दूसरे से प्रेम करते हुए जीवन को धन्य बनाना चाहिए। एक-दूसरे की गलतियों को क्षमा करके, सह कर हमें अपने मन से बोझ उतार फेंकना चाहिए। हमने यदि किसी का दिल दुखाया हो तो उनसे क्षमा मांग लेनी चाहिए। यदि हम यह सब करेंगे तो हमारे दुःख दूर हो जायेंगे और हमारा जीवन खुशियों से भर उठेगा।

हमारी आशाएं फलें-फूलें, इसके लिए हमें हर दिन को सजगता, सतर्कता एवं विवेक सहित खंगालना चाहिए। सच पूछो तो नए वर्ष में कुछ नया है नहीं। इसका नयापन और महत्व हमारे अपने संकल्प से पैदा होते हैं। इसलिए हम चाहें तो हर दिन को नया और खूबसूरत बना सकते हैं। अपना मन ही है जो परिवार, दफ्तर और अपने जीवन को खूबसूरत, घृणास्पद अथवा बुरा बनाता है।

पांच सौ कर्मचारियों वाली कंपनी को मैनेज करने का अर्थ है 500 मनों को मैनेज करना। अगर हम अपने ही मन और विचारों को मैनेज करना नहीं जानते तो सारी कंपनी भी डुबो देंगे। जैसे हम बाह्य जगत को मैनेज करते हैं, वैसे ही हमें अपने भीतरी जगत को भी मैनेज करना आना चाहिए।

अम्मा कुछ चीजों की सूची बताती है, जिनसे संभवतः हमें अपने जीवन में सुधार लाने में सहायता मिले :-

जीवन के प्रति आभारी रहो। जीवन के हर उस अनुभव और हर व्यक्ति के आभारी रहो, जिसने जीवन-यात्रा में तुम्हारी सहायता की हो। भू-माता और प्रकृति माता के प्रति आभार व्यक्त करो।

अच्छी आदतें हमारे जीवन को दिशा देकर हमें कुमार्ग से दूर रखती हैं। साथ ही, हमें बुरी आदतों पर लगाम लगाने की कोशिश करनी चाहिए। एक डायरी में अपनी बुरी आदतें लिखो-जैसे ज्यादा खाना, आलस्य, सेलफोन का अत्यधिक प्रयोग, स्वादिष्ट भोजन की तीव्र इच्छा होना। इन बुरी आदतों पर विजय पाने में अपनी प्रगति पर ध्यान दो।

जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना शांति से करो। जीवन के सभी अनुभवों को स्वीकार करने वाली मानसिकता बनाओ।

हमें हंसने और मुस्कुराने की आदत डालनी चाहिए। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हंसी उत्तम दवा है। हंसी संक्रामक है और शीघ्र ही दूसरों में फैल जाती है।

अपने चुने हुए मार्ग, इष्टदेव, गुरु और स्वयं में विश्वास बनाये रखो। इससे तुममें जीवन की हर परिस्थिति में विजय पाने योग्य शक्ति मिलेगी।

अपनी असफलताओं और कटु अनुभवों की जिम्मेदारी लेना सीखो। यह हमें अपनी भूलें सुधारने में सहायता करेगा।

अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखो। आवश्यक हो तो अपनी जीवनचर्या और खाने-पीने की आदतों में परिवर्तन लाओ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## राजेंद्र नायक की प्रथम पुण्यतिथि मनी



**रामगढ़।** अनुसूचित जाति उत्थान परिषद ने थाना चौक अंबेडकर पार्क में स्वर्गीय राजेंद्र नायक की प्रथम पुण्यतिथि मनाई। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के सभी पदाधिकारी , सदस्य सहित अन्य लोग शामिल हुए। सभी ने स्वर्गीय राजेंद्र नायक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । परिषद के संस्थापक सदस्य भुवनेश्वर राम ने कहा कि राजेंद्र नायक ने अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के संगठन को अपने खून से सींचा था और अपने समाज के लोगों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनका सिर्फ अनुसूचित जाति ही नहीं बल्कि दूसरे समाज के लोगों के साथ भी बेहतर संबंध था और सभी की वे मदद करते थे। उन्होंने कहा कि आज हम उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेते हैं। राजेंद्र नायक की पत्नी किरण देवी एवं पुत्र सोनू नायक ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा, भुवनेश्वर राम, राजेंद्र राम ,कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ,लोजपा नेता रणजीत राम, आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पटेलनगर में महिलाओं का होली मिलन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महिला मंडली के तत्वावधान में बुधवार की शाम पटेलनगर शिव मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान भोलेनाथ सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर की गई।महिलाओं ने भगवान भोलेनाथ के समक्ष मत्था टेक परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। महिलाओं व युवतियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आने वाले होली की बधाईयां दीं। साथ ही गाजे-बाजे व होली के गीतों के बीच महिलाओं ने जमकर गुलाल उड़ाते हुए थिरकती रहीं। इस दौरान होली खेले रघुवीरा अवध में, होली आई रे आई रे होली आई रे, होली के रंग में सहित एक से बढ़कर एक होली के अन्य गीतों का जमकर आनंद लेते हुए देश शाम तक नृत्य की प्रस्तुति होती रही।

## समाजसेवी नायक दी गयी श्रद्धांजलि



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के पंचायत सुकरीगढ़ा में गुरुवार को समाजसेवी एवं रामगढ़ छावनी परिषद के पूर्व वार्ड सदस्य स्वर्गीय राजेंद्र नायक की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक ने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र नायक गरीब एवं वंचित समाज के मुखर आवाज थे. उन्होंने विश्व के महान विचारक जेके राउलिंग तथा डॉ. आंबेडकर के कथनों को उद्धृत करते हुए कहा कि जैसे एक कहानी है, वैसे ही जिंदगी है। अहम यह नहीं है कि यह कितनी लम्बी है बल्कि असल में अहम यह है कि यह कितनी अच्छी है। जीवन लंबा होने की जगह महान होना चाहिए। मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान होता है। इसे सच साबित कर दिखाया स्वर्गीय नायक जी ने। अतः उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर उनके मिशन को आगे बढ़ाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर मुखिया दिल्ली कुमारी, समाजसेवी अशोक राम बेदिया सहित मलेश्वर नायक, संजय नायक, शंकर नायक, दिलीप नायक, रितेश नायक, जगदेव नायक सहित कई मौजूद थे।

## जुबिली कॉलेज के दो छात्रों को मिलेगा गुरूजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गुरूजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के दो छात्रों का चयन हुआ है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने बताया कि11 मार्च को टाना भगत स्टेडियम रांची खेलगांव में हुए समारोह में झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरूजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के दो मेधावी छात्रों का चयन करते हुए उन्हें इस योजना से संबंधित क्रेडिट कार्ड सौंपा है। चयनित छात्रों में सुजल कुमार चंद्रवंशी और फैजल अंसारी शामिल हैं। दोनों छात्र 12वीं कक्षा में विज्ञान संकाय के छात्र हैं। गुरूवार को महाविद्यालय परिसर में दोनो चयनित छात्रों का सम्मानित किया गया। प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि गुरूजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत राज्य में 10वीं तथा 12वीं कक्षा उत्तीण वैसे मेधावी छात्र-छात्राएं जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं उन्हें राज्य सरकार 15 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि उक्त क्रेडिट कार्ड शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों की सफलता में काफी लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी, प्रो. टीके झा, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. एनके पांडेय, प्रो. मनोज कुमार दास, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. बालमुकुंद सिंह, प्रो. सुरेश सिंह, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. मनोज प्रसाद, दीपक मुंडा, गायत्री सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कुजू में हार्डवेयर संचालक के घर से लाखों की लूट

## अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस कर रही है छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता



सीसीटीवी में कैद चोरों की तस्वीर।

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के कुजू बस्ती पुराना एनएच 33 के किनारे अर्जुन हार्डवेयर के संचालक अर्जुन मेहता के आवास में बुधवार रात भीषण डकैती हुई। इस दौरान अपराधियों ने घर का दरवाजा तोड़कर हथियार के बल पर घर के सदस्यों को एक कमरे में बंद कर जमकर लूटपाट की। घटना की सूचना पाकर रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, घाटो ओपी प्रभारी सदानंद प्रसाद, सअनि सुधीर ठाकुर, हीरालाल मुंडू पहुंचकर मामले की छानबीन की। अपराधियों ने आवास से लाखों रुपए नगदी सहित लाखों रुपए जेवरात लूटकर चलते बने। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वही, ग्रामीण और जनप्रतिनिधि पुलिस पर शिथिलता का आरोप लगाते हुए मामले का उद्‌भेदन करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस छापामारी अभियान चलाकर अपराधियों की धर पकड़ की तैयारी में जुटी है। मामले को खोजी कुत्ता टीम द्वारा बुलाकर घटनास्थल का मुआयना किया जा रहा है। मामले को लेकर अर्जुन मेहता ने कुजू ओपी में आवेदन दिया। बताया जाता है कि कुजू बस्ती निवासी हार्डवेयर व्यवसायी अर्जुन मेहता, अपने भाई रंजीत मेहता समेत परिजनों के साथ रात्रि में अपने -अपने कमरे में सो रहे थे। इसी बीच करीब रात्रि करीब दो बजे 5-7 की संख्या में रात हथियारबंद नकाबपोश अपराधकर्मी उनका आवास का मुख्य दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया। साथ ही व्यवसायी अर्जुन मेहता, भाई रंजीत मेहता, बूढ़ी मां टिकालो देवी, रंजीत मेहता की पत्नी सरिता देवी, बहन उर्मिला देवी, भतीजी समेत अन्य परिजनों को हथियार के बल पर सभी को एक कमरे में बन्धक बनाते हुए करीब एक घंटे तक सभी कमरों में जमकर लूटपाट की। साथ ही विरोध करने पर अर्जुन मेहता व उनकी माँ को अपराधियों ने भी मारपीट किया और हो- हंगामा करने पर जान से मारने की धमकी दिया। जबकि रंजीत मेहता की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि अपराधियों ने मेरे कान के एक जोड़ा सोने का झुमका को भी उतरवा कर अपने साथ ले गए। इधर, भुक्तभोगी परिवार रंजीत मेहता ने बताया कि दुकान के और आवास में रखे करीब दस लाख रुपये नकद सहित लाखों रुपए मुल्य के आभूषण शामिल है। वही, अपराधियों ने सभी का मोबाइल अपने पास जब्त कर लिया था और जाते वक्त फेक कर चला गया। जिसे बरामद कर लिया गया है।

**क्या कहते है एसडीपीओ**

एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद घटनास्थल पहुंचकर भुक्तभोगी परिवार से जानकारी ली। इस इस संबंध में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद से पूछे जाने पर कहा कि डकैती की सूचना मिली है। जिस पर प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही, सीसीटीवी का स्टडी किया जा रहा है और मामले का जल्द उदभेदन किया जा रहा है।

# मेरे नाम से कोई प्रापर्टी नहीं है : अंबा प्रसाद

## इडी के छापे के बाद विधायक ने की प्रेस वार्ता, डरने वाली नहीं हूं

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** इडी की छापेमारी के बाद रांची से लौटकर बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने हजारीबाग आवास पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि अफवाहों का बाजार गर्म है। विपक्षियों द्वारा अफवाहें फैलायी जा रही है। बताया जा रहा है कि मेरे पास 200 एकड़ जमीन है। मुंबई में बंग्ला है। ये सब कोरी अफवाहें हैं। इससे मानसिक प्रताड़ना होती है। मेरे नाम से सिर्फ एक गाड़ी है। जो मैने विधानसभा से फाइनेंस कराया हुआ है।

उन्होंने कहा कि मेरे नाम से कोई पॉपर्टी नहीं है। वो डरने वाली नहीं है। वे और उनके परिवार कानून को मानने वाले लोग हैं। उनलोगों ने छापेमारी के दौरान ईडी का सहयोग किया। संघर्ष से उनका नाता रहा है। कहा कि दुःख इस बात है की मेरे परिवार के लोगो को परेशान किया जा रहा है। जिनका राजनीति से कोई नाता नहीं रहा है। मेरी दादी, मेरी मां , मेरी बहन, मेरे भाई मेरे परिजनों को परेशान कर सभी का फोन जब्त कर लिया गया है। हम एक दूसरे से संपर्क नहीं कर पा रहे है।

पत्रकारों ने जब जमीन से संबंधित उन्हें सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मेरा भाई बिजनेस करता है। इसमें क्या बुराई है। जो भी कागजात उससे मांगे जाएंगे वो उसे प्रस्तुत करेगा। केंद्र सरकार सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष को चुनाव के पहले उलझाया और कार्यकर्ताओ का मनोबल तोड़ा जा रहा है। छापेमारी में मेरे घर से कुछ बरामद नहीं हुआ है। कुछ डाक्यूमेंट्स बरामद हुए है और 1400 रुपये बरामद हुए हैं। सीओ शशि भूषण सिंह से मेरा कोई लेना देना है। मैं हमेशा से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ी हूं। लोगो के हक के लिए एनटीपीसी के खिलाफ आवाज उठाती रही हूं। मैं घबराने वाली नहीं हूं। अन्याय के खिलाफ मेरी लड़ाई जारी रहेगी। राम पर भरोषा है, हमलोगो ने गलत नहीं किया है तो हमारे साथ गलत नहीं होगा। राम न्याय दिलाएंगे। बीजेपी ज्वाइन कराने की ऑफर वाले मुद्दे पर कहा कि मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहती, जो मेरे पास आए थे वो मुझपर विश्वास कर आए थे। मुझे छिछालेदर करना पसंद नहीं। ये बीजेपी पता करे की कौन लोग मेरे पास बीजेपी ज्वाइन करने का ऑफर लेकर सपर्क किए थे।

## पटेल ने पुल निर्माण का किया शिलान्यास



**दारू।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत गुरुवार को दारु प्रखंड के दिग्वार पंचायत अंतर्गत सोनडीहा गेडेया सांडी टोला के बीच चौड़ी नदी पर पुल निर्माण का शिलान्यास मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने किया। ग्रामीणों ने विधायक को फूल माला पहनाकर स्वागत किया । बता दें कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा पुल निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएगा। जेई चंदन कुमार ने बताया कि 3.17 करोड़ की लागत से 62 मीटर लंबी पुल का निर्माण किया जाना है जो चार स्पेन का होगा। निर्माण कार्य अवधि 18 महीने में पूर्ण किया जाना है। पुल के शिलान्यास होने से ग्रामीणों में काफी खुशी देखने को मिली ।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि इंद्रदेव सिंह, कनीय अभियंता चंदन कुमार, अरविंद कुमार, कृष्णकांत देव , प्रेम साव, किशोरी प्रसाद सहित काफी सांख्य में महिला और पुरूष उपस्थित थे ।

# भाजपा जो कहती है, उसे गारंटी के साथ पूरा करती है : मनीष जायसवाल

**भाजपा प्रत्याशी जयसवाल ने भुरकुंडा मंडल के कार्यकर्ता के साथ की बैठक, दिये कई निर्देश**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने गुरुवार को भुरकुंडा मंडल के भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ गायत्री मंदिर में बैठक की। मंडल के बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपाई व कार्यकर्ता शामिल हुए। मनीष जायसवाल ने कहा कि 80 प्रतिशत ओपिनियन मेरे पक्ष में होने के कारण ही मुझे प्रत्याशी बनाया गया है। मुझे जीताकर भेजने की भी जिम्मेवारी अब आपकी ही है। उन्होंने कहा कि आपका उम्मीदवार कोई व्यक्ति नहीं कमल का फुल है। श्री जयसवाल ने कहा कि अपने सभी विचारधारा वालों का एक-एक मत कमल के पक्ष में लाने का प्रयास करें और मोदी जी के गांरटी को गांरटी दें। भाजपा जो कहती है उसे गारंटी के साथ पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि मैं केवल सेवा भाव से काम किया हूं, अपनी पार्टी से कोई गुटबाजी नहीं करता। मेरा मकसद भाजपा सशक्त हो और एक-एक कार्यकर्ता सशक्त बनें। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, हजारीबाग लोकसभा के सह संयोजक रणंजय कुमार उर्फ कुटू बाबू, महामंत्री रंजन सिंह फौजी, योगेश दांगी, राधे श्याम अग्रवाल, कुमेल उरांव, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला, सुखदेव प्रसाद, जगतार सिंह, रंजन चैधरी, नीता श्रीवास्तव, अमरेश सिंह, काला बाबू, संतान सिंह, फुलेंद्र सिंह, जुगल नायक, मीना देवी, अर्जुन सिंह, रामपुकर शर्मा, सत्येन्द्र नारायण सिंह, कन्हैया यादव, संगीना देवी, हरदेव सिंह, गीता सिन्हा, विनोद सिंह सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन 14 लोकसभा सीटों पर जीतेगीः आलमगीर



**रामगढ़।** इंडिया गठबंधन राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर जीतेगी।प्रत्याशियों की घोषणा तीन दिनों में हो जायेगी। उक्त बातें संसदीय कार्य,ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य सह पंचायती राज विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने कही। वे गुरूवार को थाना चौक स्थित चार्टर एकाउंटेट एसोसिएट्स कार्यालय का उदघाटन करने पहुंचे थे। मौके पर मंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार राज्य का समुचित विकास करने का कार्य कर रही है। कहा कि हम राज्य के सभी जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे हैं। मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, सीपी संतन, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो,जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, बलजीत सिंह बेदी आदि उपस्थित थे।

# अनमोल बचपन प्ले स्कूल में क्ले मॉडलिंग ड्राइंग प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बच्चों का सर्वांगीण विकास स्कूल का उद्देश्य : अवधेश सिंह**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में गुरूवार को क्ले मॉडलिंग ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता हुआ। नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी व 1 से 5 तक बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक बढ़कर एक क्ले मॉडलिंग का डिजाइन प्रस्तुत किया। साथ ही चित्रकला में आकर्षक पेंटिंग से सबों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चो ने अपने हाथों की आकृति पर रंग-बिरंगे कलर लगाकर सफेद कागज पर हाथ की आकृति बनाए। वहीं बच्चों ने क्ले मॉडलिंग के माध्यम से तिरंगे व मिसाइल, गेंद, बैट-बॉल, घड़ी आदि की आकृति बनाकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अनमोल बचपन प्ले स्कूल का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार देने के साथ-साथ खेल-कूद सहित अन्य गतिविधियों में भी अव्वल बनाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास व हर एक्टिविटी में नंबर वन बनाना ही हमारे स्कूल का उद्देश्य है। निदेशक श्री सिंह ने बताया की अनमोल बचपन प्ले स्कूल में बीपीएल कार्डधारियों के लिए निःशुल्क एडमिशन के साथ कक्षा नर्सरी से फाइव तक के विद्यार्थियों के लिए नामांकन शुरू हो गया है। इच्छुक विद्यार्थी नामांकन करा सकते हैं। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चियों का निशुल्क एडमिशन दी जा रही है। प्रतियोगिता में जॉनसन जॉन ओरिया, समृद्धि भारती, ध्रुव, आयांश सिंह, मनकीरत कौर, दिव्यांश सोनी, दिव्यांश गुप्ता, दीप्ति, अनन्या, मिशिका, आराध्या, दिव्यांश, अरेबिक गुप्ता, विराट लहरी, अक्षत, श्रेणी कश्यप, प्रियांशु, किद्ध, अभिमन्यु, गौरव, अनुराग, स्वीटी, अनन्या, विहान, चित्रांशी सिन्हा, प्रीत, संवि, आराध्या गुप्ता, त्रिशिका सरकार, पीहू, आरव गुप्ता, शिवांश, अंकित, आर्विक गंझू, आराध्या पासवान, संध्या, आरोही, विमान गुप्ता, शौर्य भारती, मानवी, रिया, आयुष आदि ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिका भूमि कुमारी, मानसी, उर्मिला, नमिता मिश्रा, जयश्री गोस्वामी, ललिता, निधि सिंह, सुशीला एंथोनी, पूर्णिमा आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### झरपो में जल जीवन मिशन पर संगोष्ठी



**टाटीझरिया।** झरपो पंचायत भवन परिसर में की रिसोर्स सेंटर (के.आर.सी) जन जागरण संस्था ने पेय जल स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग जल जीवन मिशन के निदेर्शानुसार मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति सहायक नरेंद्र कुमार ने एस.एच.जी.(महिला मंडल) , पी. आर .आई. सदस्यों में मुखिया, पसंस,वार्ड सदस्य,सहिया , एन. वाई.के. के की उपस्थिति में गुरुवार को दो दिवसीय जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार प्रजापति ने रख रखाव संचालन तथा जल प्रबंधन, अपशिष्ट पदार्थों के बारे में होने वाले नुकसान के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पेय जल प्रबंधन सह स्वक्षता प्रमंडल हजारीबाग विभाग के द्वारा सख्त आदेश देते हुए बताया गया है कि जब तक पूर्व में निर्मित चापानल या नया से किया गया बोरिंग में मोटर लगाकर जांच 3000 तीन हजार लीटर से अधिक प्रतिघंटा पानी यदि निकलता है तब ही बोरिंग स्कीम हर घर नल जल योजना में लाया जा सकता है। मौके पर झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी, उपमुखिया राजेंद्र कुमार उर्फ राजा ,रवि यादव,हिरामन प्रसाद,रूबी देवी, उषा रानी,संगीता देवी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**चरही।**चरही थाना क्षेत्र के आकाशगंगा एनएच-33 पर बस ने बाइक सवार को टक्कर मारा। बाइक पर सवार दो व्यक्ति सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बाइक नंबर जेएच19ई/ 0273 पर सवार दो व्यक्ति हजारीबाग से रांची की ओर जा रहे थे।पीछे से तेज रफ्तार में आ रही चेतक बस नंबर 8803 अपने चपेट में ले लिया।घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना चरही थाना को दिया।पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को एम्बुलेंस के माध्यम से बेहतर इलाज कर लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।जहां पर दोनों घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है बस भागने में सफल रहा।

### विधायक ने किया स्वास्थ्य केंद्र व स्टाफ क्वार्टर का शिलान्यास



**चरही।** चुरचू प्रखंड के चुरचू में गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग के मद से बनने वाली सामुदायिक सवास्थ्य केंद्र और स्टाफ क्वार्टर का शिलान्यास मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल कर द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर एवं पिता काटकर किया गया।इस मौके पर बहेरा मुखिया देवकी महतो,चूरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,भाजपा अल्पसंख्यक जिला मंत्री आरिफ अंसारी,चरही उप मुखिया अभिजीत सिंह,भाजपा विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा,चुरचू मुखिया पूनम बेसरा,किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष भोला महतो,युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मो.ताहिर अंसारी,धनेश्वर सिंह,शायम सुंदर भारती,इंदर देव मिस्त्री,बिक्की डांग,संजीत यादव,राहुल यादव, मेघनाथ महतो, नरेश यादव,समसु अंसारी,हिरामन साव,डॉ. आरके रंजन,बिनोद कुमार,धर्मेंद्र कुमार,कामेशर राम,विजय कुमार,कांखिया गुप्ता,अमरकांत सिंहा,सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### आचार संहिता मामले में रौशन लाल चौधरी बरी

**बड़कागांव।** आजसू पार्टी केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने के मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 186/14 आईपीसी 427 6(1) पीडीपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसके तहत गुरुवार को हजारीबाग के कोर्ट जज सृष्टि कुमारी ने बरी कर दिया है। बरी होते ही आजसू नेता रोशन लाल चौधरी ने कहा कि मुझे कानून पर पूरा भरोसा था की एक न एक दिन में निर्दोष साबित जरूर हो जाऊंगा।उन्होंने कहा कि मैं अब और भी दुगुनी ऊर्जा के साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए कार्य करने का काम करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी हमारे पार्टी कार्यकताओं के द्वारा बड़कागांव प्रखंड आजसू कार्यालय में सप्ताह में 5 दिन उपस्थित होकर बड़कागांव के दबे कुचले ग्रामीण लोगों को सहायता करने का काम कर रहे हैं।हमारा एक ही मिशन है बड़कागांव के एक-एक लोगों तक उनके हक और अधिकार को पहुंचाया जाए।

### 48 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन कटे

**बड़कागांव।**बिजली विभाग के कनीय अभियंता प्रभास कुमार के निर्देश पर विभाग ने बिजली बकायदाओं के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में नटराज नगर, बड़कागांव मुख्य चौक ,दैनिक बाजार के अलावा अन्य स्थानों पर कुल 18 बिजली उपभोक्ता की बिजली कनेक्शन काटी गई है। इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र में आजाद नगर,मोतरा,बादम एवं महुगाई में तकरीबन 30 बिजली बिल बकायदारों की बिजली कनेक्शन काटी गई है। बिजली विभाग के कर्मियों ने बताया कि 3000 से अधिक घरेलू उपभोक्ता एवं 6000 से अधिक दुकानदारों की बिजली कनेक्शन काटी गई है। मामले को लेकर कनीय अभियंता प्रभास कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि जिनकी कनेक्शन काटी गई है वे जल्द से जल्द बकाया बिल जमा कर दें।

### इचाक में पत्रकार की मां को दी गयी श्रद्धांजलि



**इचाक।** दैनिक अखबार के पत्रकार महेश कुमार मेहता की माता और डाडी घाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर मेहता की नानी स्व. इंदिरा देवी की आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गुरुवार को उनके मोकतमा स्थित पैतृक आवास पर किया गया। जहां पहुंचे क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोगों ने स्व. इन्दिरा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इन्दिरा देवी का निधन तीन मार्च को अचानक ह्रदय गति रुक जाने के कारण हो गया था। वे अपने पीछे दो पुत्र और चार पुत्री समेत भरा पुरा परिवार छोड़ गईं। श्रृद्धांजलि देने वालों में विधायक अमित कुमार यादव, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, प्रातः आवाज दैनिक के संपादक नीलेंदु जयपुरियार, प्रेस क्लब हजारीवाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, प्रखंड के प्रमुख पार्वती देवी, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता,बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सांसद प्रतिनिधि सुनिल कुमार मेहता, ओम प्रकाश मेहता, स्व. इन्दिरा देवी के ज्येष्ठ पुत्र जनार्दन प्रसाद मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजित कुमार मेहता, मुखिया मीना देवी, यूवा नेता गौतम कुमार समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

### पेयजलापूर्ति को लेकर नियंत्रण कक्ष गठित


**रामगढ़।** बढ़ती गर्मी को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत व मरम्मती हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। पेयजलापूर्ति संबंधित किसी भी तरह की शिकायत एवं समाधान के लिए नंबर :06553-223193 पर संपर्क करें। इसके अलावे झार जल ऐप या झारजल झार जल टोल फ्री नंबर :18003456502 एवं झार जल व्हाट्सएप नंबर व्हाट्सएप नंबर : 9470176901के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। रामगढ़, चितरपुर, दुलमी, गोला प्रखंड अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए कनीय अभियंता शिव कुमार बेदिया संपर्क नंबर :7004499328 एवं मांडू तथा पतरातु प्रखंड अंतर्गत अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए कनीय अभियंता मिनहाज अंसारी संपर्क नंबर : 9471793990 पर सम्पर्क किया जा सकता है। छह प्रखंडों के पेयजल संबंधित शिकायत एवं निवारण हेतु सहायक अभियंता युगल सिंह संपर्क नंबर : 7488339321 पर संपर्क कर सकते हैं।

सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
15.03.2024
नगर संस्करण । पेज : 14
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ
khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 242



14 लव सेक्स और धोखा-2 से उर्फी करेंगी बड़े पर्दे पर डेब्यू

इफ्तार : शाम 5.59 (14 मार्च)
सेहरी : भोर 4.42 (15 मार्च)




# 2029 में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश

## एक देश एक चुनाव : पूर्व राष्ट्रपति कोविंद कमेटी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट

- 32 दल एक साथ चुनाव के पक्ष में, 15 विरोध में

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। रिपोर्ट में 2029 में सभी चुनाव एक साथ कराने की अनुशंसा की गयी है। अनुशंसा के अनुसार आम चुनाव के एक माह के अंदर सभी लोकल बॉडी चुनाव कराने की सलाह भी दी गयी है। गुरुवार को श्री कोविंद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और कमेटी की ओर से अपनी 18,626 पन्नों की रिपोर्ट सौंपी। इस अवसर पर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित थे। समिति के सदस्यों में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा, राज्य सभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप, वरिष्ठ विधिवेत्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल थे। श्री मेघवाल समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य थे। डॉ नितेन चंद्रा क्समिति के सचिव थे। 32 दलों पूरे देश में सभी चुनाव एक साथ कराने की प्रस्ताव का समर्थन किया है और 15 दलों ने विरोध।



### एकल मतदाता सूची और चुनाव आईडी

समिति ने सिफारिश की है कि सरकार के सभी तीन स्तरों के चुनावों में उपयोग के लिए एक मतदाता सूची और मतदाता फोटो पहचान पत्र तैयार करने चाहिए। संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए, ताकि भारत का चुनाव आयोग राज्य चुनाव आयोगों के परामर्श से सिंगल मतदाता सूची और चुनाव आईडी तैयार करे।

### 32 दलों ने समर्थन तो 15 ने जताया विरोध

समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के मुद्दे पर 62 पार्टियों से संपर्क किया था। इस पर जवाब देने वाले 47 राजनीतिक दलों में से 32 ने एक साथ चुनाव कराने के विचार का समर्थन किया, जबकि 15 दलों ने इसका विरोध किया। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 15 पार्टियों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। विरोध करनेवालों ने आशंका जतायी कि इसे अपनाने से संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन हो सकता है। यह अलोकतांत्रिक और संघवाद विरोधी हो सकता है। क्षेत्रीय दलों को हाशिए पर धकेल सकता है। आप, कांग्रेस और माकपा ने प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह लोकतंत्र और संविधान की बुनियादी संरचना को कमजोर करता है।

**अगर त्रिशंकु सदन की स्थिति बनी तो क्या होगा :** त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव या ऐसी किसी घटना की स्थिति में, शेष अवधि के लिए नयी लोकसभा या राज्य विधानसभा का गठन करने के लिये नये सिरे से चुनाव कराये जाने का प्रस्ताव दिया गया है। एकसाथ चुनाव के लिए बड़ी संख्या में ईवीएम और चुनाव प्रबंधन संभालने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की जरूरत होगी। ऐसे में समिति ने सिफारिश की है कि लॉजिस्टिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत का चुनाव आयोग, राज्य चुनाव आयोगों के परामर्श से पहले से योजना बनायेगा।

**191 दिनों ने कमेटी ने 47 दलों से ली राय**

विधि मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, समिति का गठन दो सितंबर 2023 को किया गया था। समिति ने 191 दिनों में विभिन्न हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ व्यापक विचार- विमर्श करके और विभिन्न शोध पत्रों के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट को तैयार करने में 191 दिन का समय लगा है।

### ये कैसे होगा उपाय भी सुझाये

**संविधान में संशोधन :** दो चरणों में एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान में संशोधन करना होगा। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के एक साथ चुनाव होंगे। इसके लिए संविधान संशोधन के लिए राज्यों के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। दूसरे चरण में, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनावों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के साथ इस तरह से समन्वयित किया जायेगा कि स्थानीय निकाय चुनाव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के 100 दिनों के भीतर आयोजित किये जायें।

## न्यूज डायरी

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज आयेंगे झारखंड

**रांची।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को रांची आयेंगे। यहां से चतरा के ईटखोरी जायेंगे। उनकी यात्रा के पहले गुरुवार को एनएसजी की टीम ने इटखोरी में मां भद्रकाली मंदिर परिसर और कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। राजधानी रांची में विधि-व्यवस्था को लेकर रांची सिटी एसपी राज कुमार मेहता, एनएसजी के अधिकारी, भाजपा नेता संजीव विजयवर्गीय सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

### मैथन चेक पोस्ट पर एक कार से 10 लाख बरामद

**धनबाद।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चल रहे चेकिंग अभियाम के दौरान धनबाद पुलिस ने एक वाहन से दस लाख रुपये बरामद किया। पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्र मैथन में पुलिस ने इंटर स्टेट चेकपोस्ट बनाया है। वहां बंगाल से आने वाली सभी गाड़ियों की गहनता से जांच की जा रही है। इसी अभियान के तहत गुरुवार को मैथन स्थित इंटर स्टेट पुलिस चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान एक नीले रंग की हुंडई कार (जेएच 10 बी जेड 584) से पुलिस ने दस लाख रुपये नगद बरामद किया है। पैसों की जांच के लिए आयकर विभाग से संपर्क किया गया है। फिलहाल बरामद रकम की जांच की जा रही है।

### नीतीश, राबड़ी सहित सभी निर्विरोध निर्वाचित

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित 11 प्रत्याशी विधान परिषद् के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गये। नीतीश कुमार ने निर्वाचन का प्रमाण-पत्र खुद लिया जबकि राबड़ी देवी सर्टिफिकेट लेने नहीं आयीं। उनका सर्टिफिकेट भोला यादव ने लिया। रिटर्निंग ऑफिसर राज कुमार ने नीतीश कुमार को निर्वाचन का प्रमाण पत्र सौंपा।

### पलामू में सड़क हादसा, महिला समेत दो की मौत

**मेदिनीनगर।** नेशनल हाइवे 98 पर कार और बाइक के बीच भीषण टक्कर के बाद बाइक में लगी आग से एक महिला समेत दो की मौत भी हो गयी। मृतक महिला गिरिडीह की रहने वाली थी, जबकि युवक पलामू के छतरपुर का रहने वाला था। डालटनगंज की तरफ तेजी से जा कार और सामने से आ रही बाइक में सीधी टक्कर से यह हादसा हुआ। कार के भी परखच्चे उड़ गये। बाइक सवार कलीन्द्र उरांव और कार सवार महिला प्रभा कुमारी शर्मा की मौके पर मौत हो गयी।

# देशभर में पेट्रोल-डीजल दो रुपये सस्ता

**चुनाव से पहले बड़ी सौगात**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले मोदी सरकार ने लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में दो-दो रुपये प्रति लीटर कटौती का ऐलान किया है। नयी कीमतें 15 मार्च की सुबह 6 बजे से प्रभावी होंगी। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट कर कहा, पेट्रोल और डीजल के दाम में 2 रुपये की कमी करके देश के पीएम मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि करोड़ों भारतीयों के अपने परिवार का हित और सुविधा सदैव उनका लक्ष्य है।

**39 देशों से खरीद रहे कच्चा तेल**

हरदीप पुरी के अनुसार भारत में ईंधन की सप्लाई निरंतरता बनी रही, सस्ते दामों पर बनी रही और हमारे कदम निरंतर हरित ऊर्जा की ओर भी बढ़ते रहे। भारत इकलौता ऐसा देश था जहां पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़े नहीं, बल्कि कम हुए। हमने जहां से हुआ अपने देशवासियों के लिए तेल खरीदा। मोदी के पीएम बनने के पहले हम 27 देशों से कच्चा तेल खरीदते थे, लेकिन उनके नेतृत्व में अपने देशवासियों को सस्ता पेट्रोल, डीजल और गैस पहुंचाने के लिए इस दायरे को बढ़ाया और अब हम 39 देशों से मोदी के परिवार की जरूरतें पूरी करने के लिए कच्चा तेल खरीदते हैं। श्री पुरी ने महाकवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की पंक्तियां भी शेयर कीं। उन्होंने कहा, जब विश्व मुश्किल दौर से गुजर रहा था कि विकसित और विकासशील देशों में पेट्रोल के दामों में 50-72 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई और हमारे आसपास के कई देशों में तो पेट्रोल मिलना ही बंद हो गया तब भी 1973 के बाद आये पचास साल के सबसे बड़े तेल संकट के बावजूद पीएम मोदी के दूरदर्शी और सहज नेतृत्व के कारण मोदी के परिवार पर आंच नहीं आयी। भारत में पेट्रोल के दाम बढ़ने के बजाय पिछले ढ़ाई सालों में 4.65 प्रतिशत कम हुए।

### कई देशों की तुलना में दाम कम



हरदीप पुरी ने लिखा, 14 मार्च 2024 को रुपये के आधार पर भारत में पेट्रोल औसतन 94 प्रति लीटर है लेकिन इटली में 168.01- यानी 79% अधिक। फ्रांस में 166.87 यानी 78% अधिक। जर्मनी में 159.57 यानी 70% अधिक और स्पेन में 145.13 यानी 54% अधिक। ऐसे ही डीजल के दामों की तुलना कीजिए तो यदि भारत की औसत 87 रुपये प्रति लीटर है तो इटली में 163.21 यानी 88% अधिक। फ्रांस में 161.57 यानी 86% अधिक। जर्मनी में 155.68 यानी 79% अधिक और स्पेन में 138.07 यानी 59% अधिक।

# मीठी क्रांति का हब बनेगा झारखंड : अर्जुन मुंडा

## झारखंड में मधु उत्पादन की अपार संभावना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड मीठी क्रांति का हब बनेगा। वह देश के पांचवें और पूर्वी क्षेत्र के पहले अत्याधुनिक वृहद शहद परीक्षण प्रयोगशाला, एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, बांस संवर्धन परियोजना और अन्य परियोजनाओं का गुरुवार को राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम में शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही पूर्वी भारत में मीठी क्रांति की शुरूआत भी हुई। देश में एनडीडीबी (आनंद), आईएआरआई (दिल्ली), आईआईएचआर (बेंगलुरु) एवं आईबीडीसी (हरियाणा) में इस प्रकार की प्रयोगशालाएं हैं। यहां इस प्रयोगशाला के बनने से पूर्वी क्षेत्र को हनी हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। शहद उत्पादक हजारों किसानों को घरेलू बाजार में विस्तार के साथ ही निर्यात के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। इस अवसर पर मुंडा ने कहा कि इस क्षेत्र से कभी मधु का निर्यात नहीं हुआ, जबकि मधु उत्पादन के लिए बड़ा क्षेत्र है। झारखंड में शहद उत्पादन की भारी संभावना है। लगभग 30% भूमि जंगल से ढकी हुई है, जिसमें प्रचुर मात्रा में फसलें, फल, सब्जियां और जंगली पेड़ हैं। ये शहद उत्पादन के लिए सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं। हमारे देश में शहद का उत्पादन बढ़ रहा है और इसका निर्यात भी बढ़ रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड में शहद उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। इसका उपयोग किसानों की आय बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए। शहद परीक्षण प्रयोगशालाएं उत्पादित शहद की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद करेंगी। मधुमक्खी बॉक्स निर्माण इकाइयां शहद के उत्पादन को बढ़ाने में मदद करेंगी। व्यापार, ब्रांडिंग और विपणन इकाइयां घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहद की बिक्री को बढ़ावा देने में मदद करेंगी। साथ ही मधुमक्खी पालकों और किसानों को भी लाभान्वित करेंगी। वर्ष, 1940 से 1960 के बीच जो खाद्यान्न की कमी हुई, उसके बाद देश में हरित क्रांति आयी। देश में उत्पादन बढ़ा। उत्पादन तो बढ़ा, लेकिन मिट्टी का क्षरण भी हुआ। 2013 के बाद हम कई मामलों सतर्क हुए हैं। आज भी तेलहन और दलहन आयात करते हैं। यह मनुष्य को प्रकृति के साथ संबंध बनाते हुए मिट्टी को कम नुकसान पहुंचा कर आगे बढ़ना है। इस क्षेत्र में बम्बू मिशन की भी शुरूआत की जा रही है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में देश में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों और किसानों को प्राथमिकता केंद्र सरकार सदैव प्राथमिकता देती रही है। इसी क्रम में झारखंड एवं आसपास के राज्यों- बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल, ओडिशा आदि की अनूठी शहद किस्मों को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने अत्याधुनिक वृहद शहद परीक्षण प्रयोगशाला और अन्य परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान और मधुमक्खी पालक शामिल हुए। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन, कृषि विज्ञान केंद्र- खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सराईकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान इसमें सहभागी रहे। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, पद्मश्री अशोक भगत, कुलपति डॉ एस सी दुबे, डॉ सुजय रक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# आयोग ने चुनावी बांड पर आंकड़े सार्वजनिक किये

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने चुनावी बांड के आंकड़ों को आज सार्वजनिक कर दिया। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किये गये आंकड़ों में चुनावी बॉण्ड भुनाने वाली पार्टियों में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी राकांपा, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राजद, आप और समाजवादी पार्टी आदि शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को उसकी वेबसाइट पर आंकड़े अपलोड करने के लिए 15 मार्च शाम पांच बजे तक का समय दिया था। निर्वाचन आयोग ने 'एसबीआई द्वारा प्रस्तुत चुनावी बॉण्ड के प्रकटीकरण' पर विवरण दो भागों में रखा है। चुनाव निकाय द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के अनुसार, चुनावी बॉण्ड के खरीदारों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, मेघा इंजीनियरिंग, पीरामल एंटरप्राइजेज, टोरेंट पावर, भारती एयरटेल, डीएलएफ कमर्शियल डेवलपर्स, वेदांता लिमिटेड, अपोलो टायर्स, लक्ष्मी मित्तल, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन फार्मा शामिल हैं।

# ज्ञानेश और सुखबीर बने चुनाव आयुक्त

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू बने नये चुनाव आयुक्त बनाये गये हैं। दोनों नौकरशाहों को चुनाव आयुक्त बनाने का निर्णय पीएम मोदी नीत पैनल ने लिया है। पीएम मोदी के अलावा इस पैनल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भी थे। अधीर रंजन चौधरी ने चयन समिति में सीजेआइ की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करने वाले कानून को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस समिति में भारत के चीफ जस्टिस को भी शामिल होना चाहिए था। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि जिस पैनल ने चुनाव आयुक्त का नाम तय किया गया है, उसमें सरकार बहुमत में है। ऐसे में वह जो चाहते हैं वही फैसला होता है। चुनाव आयोग की तरफ से इन दो नामों की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को मीडिया को इस फैसले के बारे में जानकारी दी और इस फैसले पर अपनी असहमति जतायी। बैठक से बाहर निकलकर मीडिया से मुखातिब होते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के नाम पर चयन समिति ने मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा, मुझे बुधवार की देर रात पहले 212 नाम दियेथे, लेकिन बैठक के दौरान नियुक्ति से 10 मिनट पहले सिर्फ छह नाम दिये गये। । मुझे जानकारी है कि सीजेआई वहां नहीं हैं। सरकार ने ऐसा कानून बनाया है कि सीजेआई बाहर रहे और वहां अंदर बैठकर सरकार अपने बहुमत की वजह से अपने पंसदीदा नाम का चयन कर सके।

# अभिषेक सहित तीन को इडी का समन

## पिंटू से 18, डीएसपी प्रमोद से 19 और प्रीति से 20 को पूछताछ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू सहित तीन लोगों को ईडी ने जमीन घोटाले और पूछताछ करने के लिए समन जारी कर एजेंसी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया है। इडी ने पिंटू के साथ-साथ प्रीति कुमार और हटिया डीएसपी पीके मिश्रा को समन जारी पूछताछ करने अपने दफ्तर बुलाया है। इडी ने पिंटू को 18 मार्च, रांची के हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा को 19 मार्च और आईएएस अधिकारी अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को 20 मार्च को 11 बजे एजेंसी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया है। और अवैध खनन मामले में तीनों से ईडी पूछताछ करेगी।

### कोर्ट के आदेश पर इडी दफ्तर गये थे डीएसपी

झारखंड के साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में डीएसपी प्रमोद मिश्रा से छह मार्च 2023 को ईडी ने पूछताछ की थी। इससे पहले ईडी डीएसपी मिश्रा को चार बार समन भेज चुकी थी, लेकिन वे एजेंसी के दफ्तर नहीं पहुंचे। समन के खिलाफ डीएसपी प्रमोद मिश्रा झारखंड हाईकोर्ट गए, लेकिन कोर्ट ने भी उन्हें एजेंसी के सामने हाजिर होने का आदेश दे दिया। डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा पर आरोप है कि उन्होंने बड़हरवा टेंडर विवाद, मारपीट व धमकी मामले के दो मुख्य आरोपित मंत्री आलमगीर आलम व विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को महज 24 घंटे के भीतर बिना ठोस जांच के ही क्लीन चिट दे दी थी। ईडी ने पुलिस की कई खामियों को पकड़ा और इसी मामले में उनका बयान लेना चाहती है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 00000 रु./10 ग्राम
चांदी : 00000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख




## तोहफा : पीएम ने एक लाख छोटे दुकानदारों के खाते में राशि भेजी, कहा

# एनडीए की विचारधारा देशहित, पर इंडी की देश विरोधी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पीएम स्वनिधि योजना के तहत दिल्ली के 5 हजार रेहड़ी-पटरी वालों सहित देश के एक लाख स्ट्रीट वेंडरों को ऋण वितरित किया। पीएम स्वनिधि योजना के तहत उनके बैंक खातों में सीधे पैसे ट्रांसफर किये गये। उन्होंने कहा कि आज का पीएम स्वनिधि महोत्सव उन लोगों को समर्पित है जिनके बिना हम अपने दैनिक जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। स्ट्रीट वेंडरों की इस ताकत हम कोरोना के दौरान देख चुके हैं। पीएम ने कहा कि मोदी गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन बेहतर बनाने में जुटा हुआ है। वहीं दूसरी तरफ इंडी गठबंधन है, जो मोदी को गालियां देने के लिए घोषणा पत्र के साथ दिल्ली में एकजुट हो गया है। इंडी गठबंधन की विचारधारा कुशासन, करप्शन और देश विरोधी एजेंडे को हवा देने की है। वहीं मोदी की विचारधारा जनकल्याण से राष्ट्र कल्याण, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण को जड़ से मिटाने और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की है। वे कहते हैं कि मोदी का परिवार नहीं है। मोदी के लिए तो देश का हर परिवार अपना परिवार है। इसीलिए तो पूरा देश भी कह रहा है- मैं हूं मोदी का परिवार।

### पिछली सरकारों ने कभी नहीं ली सुध



पीएम ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। एक ओर, हमने शहरी गरीबों के लिए पक्के घर बनाये हैं। दूसरी ओर, मध्यम वर्ग के परिवारों को घर बनाने के लिए मदद की। देशभर में मध्यम वर्ग के लगभग 20 लाख परिवारों को पक्के घर बनाने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों पर रेहड़ी-पटरी वालों की हमेशा उपेक्षा की। इनके ठेले-दुकान भले ही छोटे हों, लेकिन इनके सपने बड़े होते हैं। फुटपाथ पर सामान बेचते हुए पैसों की जरूरत पड़ जाती थी, तो मजबूरी में महंगे ब्याज पर पैसा लेना पड़ता था। पीएम ने बैंकों में इन लोगों के खाते तक नहीं होने का उल्लेख करते हुए कहा कि बैंकों में खाता खुलवाने के लिए तरह-तरह की गारंटी उन्हें देनी पड़ती थी। ऐसे में बैंक से इनको लोन मिलना असंभव ही था। वह स्वयं गरीबी से निकलकर यहां पहुंचे हैं इसलिए जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी ने पूछा भी और पूजा भी है।

# प्रदीप और सरफराज निर्विरोध निर्वाचित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा के लिए गुरुवार को भाजपा से प्रदीप वर्मा और महागठबंधन से सरफराज अहमद निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं। विधानसभा के सचिव सय्यद जावेद हैदर ने इसकी घोषणा की है। अब दोनों उम्मीदवार बगैर चुनाव लड़े ही राज्यसभा जायेंगे। इससे पहले 11 मार्च को प्रदीप वर्मा और डॉ सरफराज अहमद ने नामांकन किया था। राज्यसभा चुनाव को लेकर मुंबई के व्यवसायी हरिहर महापात्र ने भी नामांकन के लिए पर्चा खरीदा था, लेकिन प्रस्तावक नहीं मिलने के कारण उन्होंने नॉमिनेशन दाखिल नहीं किया था। ऐसे में राज्यसभा चुनाव के लिए झारखंड से दो प्रत्याशी होने की वजह से दोनों को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। बताते चलें कि गुरुवार की शाम तीन बजे तक नाम वापसी का अंतिम समय था। इस दौरान किसी ने नाम वापस नहीं लिया। नतीजा दोनों नेता निर्विरोध जीत गये।

**मिली बडी जिम्मेदारी मिली है : डॉ सरफराज**

जीत के बाद सरफराज अहमद ने कहा की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। हेमंत ने जो कहा था उसे पूरा किया है। राज्यसभा में जो जिम्मेदारी है, उसे निभाऊंगा। केंद्र सरकार में झारखंड के लिए जो मुद्दे लंबित हैं, उन बातों को जोरदार तरीके से हम रखेंगे। जीएसटी का रॉयल्टी का जो हमारा बकाया है, उसकी हम मांग रखेंगे।

## पाकुड़ : भारतीय जनता पार्टी की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# गठबंधन सरकार को देंगे मुंहतोड़ जवाब : बाबूलाल

बाबूलाल मरांडी ने सभी कार्यकर्ताओ को बूथ में सक्रिय रहने की कई मूल मंत्र दिए, उन्होंने कहा अपने अपने क्षेत्र में लोगो को भाजपा के कार्यों को जनता को बताना है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। लिट्टीपाड़ा विधानसभा के मांझी विजय मरांडी स्टेडियम में भारतीय जनता पार्टी की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

जहां कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राजमहल विधायक अनंत ओझा, राजमहल लोकसभा के उम्मीदवार ताला मरांडी सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। कार्यक्रम का शुरूआत मंचासिन पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इसके बाद बाबूलाल ने सभी कार्यकर्ताओ को बूथ में सक्रिय रहने की कई मूल मंत्र दिए। उन्होंने कहा अपने अपने क्षेत्र में लोगो को भाजपा के कार्यों को जनता को बताना है। क्योंकि इस बार भाजपा प्रचंड जीत के साथ 400पार करेगी। और एक बार फिर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे।

गठबंधन की सरकार यहां की जनता को ठगने का काम किया है। इसका मुंह तोड़ जावाब देने का समय आ गया है। आप सभी कार्यकर्ता हाथ से हाथ मिलाकर कार्य करें निश्चित यहां की जनता सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। 40 से 45 वर्षों तक झामुमो ने लिट्टीपाड़ा में राज्य किया लेकिन विकास धरातल पर शून्य। हां उनके परिवार, रिश्ते दरो में विकास जरूर हुआ हैं। आज अबूवा आवास में 20 से 25हजार लाभुक से ऐठ रहे हैं।उन्होंने कहा इस बार भाजपा प्रत्याशी ताला मरांडी को राजमहल लोकसभा सीट से जीत दर्ज कराकर नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करें। झामुमो की गठबंधन की सरकार ने सिर्फ लूटने का काम किया है, युवाओं के उम्मीदों को छलने का काम किया है।

यहीं कारण आज हेमंत सोरेन जेल का हवा खा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ता को अपने अपने बुथ क्षेत्र में केंद्र के महत्वकांक्षी योजना को प्रत्येक घर तक पहुंचाने की अपील किया।इस दौरान महेशपुर के पूर्व विधायक मिस्त्री सोरेन, राकेश प्रसाद, दानिएल किस्कू, शिवचरण मालतो, साहेब हांसदा ने भी गठबंधन सरकार पर बरसे। मौके पर भाजपा के दुर्गा मरांडी, उज्जवल मंडल, गणेश मिश्रा, देवीधन टुडू, सत्य शिक्षा नंद मुर्मु, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोकारो : वेदांता के ईएसएल प्लांट परिसर में रक्तदान शिविर

**बोकारो।** वेदांता समूह की ईएसएल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए कर्मचारी स्वयंसेवी पहल वी फॉर सोसाइटी के तहत वार्षिक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। बोकारो की इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर विभाग और इसके परियोजना कार्यान्वयन भागीदार सिटीजन्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 120 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान में ईएसएल स्टील लिमिटेड, सियालजोरी संयंत्र के श्रमिक संविदा श्रमिक कर्मचारी तकनीशियन अधिकारी व्यावसायिक भागीदार और प्रबंधन स्तर के कर्मचारी भी शामिल थे। ईएसएल स्टील लिमिटेड बोकारो जिले में सबसे अधिक रक्तदान करने वाली संस्था बन गई है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने उन लोगों को सम्मानित किया जो इस शिविर के आयोजन में सबसे आगे थे। बतौर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार एवं सम्मानित अतिथि डॉ यू मोहंती ने मानव जीवन में रक्त की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## पूणार्हुति के साथ चंडी महायज्ञ का समापन

बोकारो/तालगड़िया। बोकारो जिला के चंदनकियारी प्रखंड के नयावन पंचायत अंतर्गत पर्वतपुर में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से आयोजित श्रीश्री 108 दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं तीन दिवसीय चंडी महायज्ञ का पूणार्हुति के साथ समापन किया गया। इसके पूर्व आसपास गांवों के हजारों श्रद्धालु परिक्रमा में शामिल हुए। आचार्यों व पंडितों द्वारा विधिपूर्वक हवन किया गया। साथ ही महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर पूजा समिति के अशोक दसौंधी सुरेश सिंह अमृत माजी अम्बुज माजी भोलानाथ बाउरी अश्विनी बाउरी ठाकुर दास माजी दिनेश बाउरी समेत अन्य ग्रामीणों का सहयोग रहा।


**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, कांके रोड, रांची–834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक :–................../कोडरमा, दिनांक ......../........./2021

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस इस कार्यालय का निविदा सूचना सं0 – RDD/SD/KODERMA/12/EE/2023-24 (2nd call) एवं पी0आर0 सं0 – 321862 को अपरिहार्य कारण से तत्काल स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
कोडरमा

PR 322602 Rural Work Department (23-24)_D


## बेरमो विधायक ने विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में नौ विकास कार्यो का ऑनलाइन किया शिलान्यास

# क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता : जयमंगल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/जारंगडीह।** गुरुवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में कुल 9 विकास कार्यो का शिलान्यास ऑन लाइन किए। सभी विकास कार्य डीएमएफटी फंड व विधायक कि अनुसंशा पर स्वीकृत है। मिली जानकारी के अनुसार कुल 6 आंगनबाड़ी केंद्र भवन एक तालाब का जिर्णोद्धार तथा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य शामिल हैं। मालूम हो कि विधायक सिंह की अनुपस्थिति में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह, पम्मी सिंह, रोशन सिंह आदि लोग सभी शिलान्यास स्थलों पर पहुच विधिवत पुजा अर्चना और नारियल फोड़कर शिलान्यास का कार्यक्रम पुरा किया। शिलान्यास सूची के



अनुसार कुरपनिया दुर्गा मंदिर परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र जिसकी लागत राशि 11 लाख 72 हजार, जरीडीह पश्चिमी पंचायत मे अस्पताल के निकट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के 16 नंबर न्यू क्वार्टर के समीप तालाब का जिर्णोद्धार जिसकी राशि 5लाख 85 हजार, जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के बेलदार टोला में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण जिसकी राशि 11 लाख 72 हजार, जारंगडीह उत्तरी पंचायत बाजार केंद्र संख्या 19 मे आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण राशि 11 लाख 72 हजार, गोविंदपुर ई के ईट भट्ठी मे आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण राशि 11 लाख 72 हजार, गोविंदपुर लहरियाटांड मे आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण राशि 11 लाख 72 हजार, गोविंदपुर बी पंचायत के निशनहाट मे आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण जिसकी कुल राशि 11 लाख 72 हजार बताई गई है। विधायक सिंह ने कहा कि क्षेत्र की विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। मेरे लिए जनता ही सर्वोपरी है। दुसरे शब्दों में लोगो की दबी जुबान पर ही सही मगर विरोधी दल के लोग भी बेरमो विधायक के विकास कार्यो की प्रशंसा करने मे संकोच नही कर रहे हैं।

वही जारंगडीह दक्षिणी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण के शिलान्यास के मौके पर अभिकर्ता अश्वनी मिश्रा, सेविका पबिता देवी, सहायिका संतोषी देवी पंचायत की पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, आदि के अलावे दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे। वही तालाब के जिर्णोद्धार शिलान्यास के मौके पर अभिकर्ता अरुण डे, जबकि बेलदार टोला में मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुदेश भूईयां के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

### बेरमो विधायक से लोगो मे जगी थी उम्मीद

बेरमो। प्रखंड के पिछरी स्थित तेनु बोकारो नहर के समीप लगभग 6 करोड़ की लागत से निर्मित 30 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण कार्य पूरा हुए लगभग तीन वर्ष पूरा होने को है। वर्तमान सरकार का दो वर्ष व बेरमो विधायक के निर्वाचित हुए चार वर्ष बीत चुका है। ऐसे में अस्पताल चालू नहीं होना कही न कही पिछरी के ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। कुमार जयमंगल सिंह के बेरमो से विधायक बनते ही लोगो को अस्पताल चालू होने की उम्मीद जगी थी। लेकिन 2023 पूरा बीत गया ग्रामीणों के सपने अधूरे रह गयें। जेएमएम जिला उपाध्यक्ष घुनु हांसदा ने राज्य सरकार व स्थानीय विधायक से जल्द से जल्द अस्पताल को चालू करने की अपील की। कहा कि अस्पताल चालू होने से लगभग पन्द्रह हजार की आबादी लाभावित होगी। और यहां के स्थानीय लोगों को इलाज कराने के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन नहीं हो पाया। जिससे पिछरी उतरी व दक्षिणी पंचायत के लोगो मे मायूसी छा गया। बता दे कि 23 जनवरी 2014 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने पिछरी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आधारशिला रखी थी। कुल 30 बेड की क्षमता वाले इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भवन का निर्माण कार्य कुछ माह बाद ही शुरू किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जिप सदस्य खुशबू ने सोलर डीप बोरिंग का किया शिलान्यास



**बेरमो।** उपरघाट-नावाडीह प्रखंड के उपरघाट नारायणपुर पंचायत के ग्राम पार लहिया के काली मंदिर के सामने में 15वें वित्त आयोग जिला परिषद मद से सोलर डीप बोरिंग निर्माण का शिलान्यास उपरघाट जिला परिषद सदस्य कुमारी खुशबू महतो ने किए। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य टिकैत कुमार महतो मुखिया प्रतिनिधि भेखलाल महतो पंसस कलेश्वर महतो, मुमताज अंसारी, बासुदेव सिंह, दिनेश कुमार महतो, सलेश कुमार, कालेश्वरी देवी, ममता देवी, पूजा देवी आदि लोग उपस्थित थे।

### एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी, अवैध देशी शराब की भट्ठी ध्वस्त



**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना को मिली गुप्त सूचना के आधार और उनके निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी के नेतृत्व में मुफ्फसिल थाना गोड्डा प्रभारी पुअनि कृष्ण कुमार साहा के साथ पुलिस बल की टीम ने आज मुफ्फसिल थाना अंतर्गत गाय छंद ग्राम में कुंदन मंडल पिता बीरबल मंडल के घर छापे मारी कर अवैध कच्ची शराब बनाने गृह उद्योग को नष्ट किया। ये कच्ची देशी शराब का कारोबार धड़ल्ले से कुंदन कुमार मंडल पिता बीरबल मंडल के एक शेड नुमा झोपड़ी में बनाकर किया जा रहा था। छापेमारी के क्रम में पांच जलती हुई भट्ठी जिस पर शराब तैयार की जाती थी उसे पुलिस जवानों द्वारा ध्वस्त कर 5 जार में रखे 80 लीटर तैयार देशी शराब जब्त किया और 300 किलोग्राम महुआ जावा जब्त किया गया। छापे मारे के वक्त इसके संचालक घर से फरार हो गए लेकिन पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास रत है और जल्द ही न्यायिक प्रक्रिया के लिए अदालत में भेज दिया जाएगा। इस संबंध में एसडीपीओ गोड्डा ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी सूचना दी है। छापेमारी में रोशन कुमार सअ नि मुफ्फसिल थाना और कुछ पुलिस बल के जवान शामिल थे। इस घटना को लेकर मुफ्फसिल थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 40/2024 दिनांक 13/3/2024 को मामला दर्ज कर ली गई है।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में एक नये सफर की शुरूआत कार्यक्रम संपन्न




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से मार्च 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से एचआरडी के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक अंकिता देव ने आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया।

डॉक्टर साकेत मिश्रा एसीएमओ और योग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। वरीय प्रबंधक अजय कुमार पांडेय ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्लस्टर हेड विवेक पांडेय ने उपस्थित समूह को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन वरीय प्रबंधक अंकिता देव ने किया।

## पाकुड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध लॉटरी टिकट के साथ एक गिरफ्तार

एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी के दौरान चौतीस हजार पांच सौ पीस लॉटरी का टिकट बरामद किया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** नगर थाना की पुलिस ने लॉटरी के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने लाखों की लॉटरी के टिकट के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन धंधेबाज फरार होने में सफल रहे।बता दें कि एसपी के निर्देश पर नगर थाने की पुलिस ने हरिनडांगा बाजार के अजमेरीटोला में छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध लॉटरी के साथ लॉटरी कारोबारी चांद अंसारी को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान तीन अन्य लॉटरी कारोबारी मौके का फायदा उठाकर भागने में निकले। अवैध लॉटरी के साथ एक कारोबारी के गिरफ्तार किए जाने की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डीएन आजाद ने प्रेस वार्ता कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी के दौरान चौतीस हजार पांच सौ पीस लॉटरी का टिकट बरामद किया गया है। जिसका अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार है। उन्होंने बताया पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लॉटरी माफिया भारी मात्रा में अवैध लॉटरी अजमेरीटोला में चांद अंसारी के घर में लाकर आपस में बंटवारा कर रहे हैं। मिली इसी सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी की गयी और लॉटरी सहित चांद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में प्रशिक्षु डीएसपी सह नगर थाना प्रभारी अजय आर्यन सहित कई पुलिस अधिकारी जवान शामिल थे। पाकुड़ पुलिस द्वारा की गयी इस कार्रवाई के बाद वैसे लॉटरी माफियाओ में हड़कंप मच गया है जो काफी दिनों से कारोबार मजे से चला रहे हैं।

## बीएसएल में बेहतर कार्यशील कर्मियों को मिला बेस्ट इम्प्लाई ऑफ द मंथ का अवॉर्ड




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी के रिट्रीट में आयोजित जनवरी माह 2024 के लिए बेस्ट इम्प्लाई ऑफ द मंथ अवॉर्ड में विभिन्न विभागों के कुल आठ कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए ईडी संकार्य बीके तिवारी ने पुरस्कृत किया। इस समारोह में ईडी पी एन्ड ए राजन प्रसाद के साथ विभागाध्यक्ष समेत अन्य वरीय अधिशासी उपस्थित थे। ईडी तिवारी ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ साथ उनके परिवार का भी बहुत बड़ा योगदान है।

ईडी प्रसाद ने पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका योगदान अति सराहनीय है। कार्य कितना ही चुनौतीपूर्ण क्यों न हो सुरक्षा सर्वोपरि है और उसका हमेशा ध्यान रखना चाहिए। कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने भी अपने अनुभव वीडियो क्लिप के दवारा साझा किये और इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक रीतिका शुक्ला द्वारा सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंध प्रशिक्षु सिबिल सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डीजीएम अविनाश झा ने किया।

### वोट देना हर नागरिक का कर्तव्य है : पंकज कुमार



**गोड्डा।** गुरुवार को नगर भवन गोड्डा में 12 दिवसीय आपदा मित्र का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर शत प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी पंकज कुमार ने मतदान की उपयोगिता बताते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करने आए आपदा मित्र के सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग के लिए प्रेरित किया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वोट देना हर नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। सभी नागरिकों को इस कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए अपना प्रतिनिधि चुनने में भागीदारी निभानी चाहिए।


**कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित वाहन पडाव की बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की गई है। उल्लेखनीय है कि निगम क्षेत्रान्तर्गत निर्धारित वाहन पडाव को छोडकर ऐसे स्थान यथा ओल्ड समाहरणालय मेन गेट के बाहरी परिसर से मजार रोड तक पश्चिम में दोनो तरफ, उतर में झील रोड से बी.एड. कॉलेज गेट तक दोनो तरफ, आरोग्यम हॉस्पिटल से डिस्ट्रीक चौक तक, मटवारी गाँधी मैदान के समीप, आन्नदा चौक से टाउन हॉल तक, आन्नदा चौक से बुढवा महादेव तक एवं अन्य अधिसूचित क्षेत्रों में यत्र–तत्र वाहनों के ठहराव से यातायात बाधित होता है एवं जाम की स्थिति बनी रहती है।

उक्त के आलोक में शहर के यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने एवं आम जनों को जाम से निजात दिलाने हेतु उक्त सभी स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया जाता है। यदि उक्त स्थान पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा गाडी खडी की जाती है तो उस स्थिति में उक्त वाहन मालिकों से दण्ड की वसूली की जाएगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

प्रशासक–सह–नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

PR 322583 Urban Development and Housing (23-24)_D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिशद, राँची का पत्रांक–368, दिनांक–02.02.2024 के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत उच्च प्राथमिक कक्षा के 200 छात्रों का राज्य के अंदर तथा मध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक कक्षाओं के 100 छात्रों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण हेतु निबंधित इच्छुक संस्थानों से मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ से निविदा प्रपत्र दिनांक–15.03.2024 से दिनांक–22.03.2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त कर झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ में दिनांक–23.03.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में भरकर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय क्रय समिति के द्वारा दिनांक–23.03.2024 को अपराह्न 02:00 बजे झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ में निविदा खोला जायेगा। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान, रामगढ़ के नाम से अप्रतिदेय (Non-refundable) Rs. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) राश्ट्रीयकृत बैंक के डिमाण्ड ड्रफ्ट के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। झारखण्ड टूरिज्म से टूर एवं ट्रेवल्स के लिए निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। निविदा को संशोधित करने या किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

बस्ती–बस्ती, गाँव–गाँव, में ये माहौल बनाना है, घर–घर में शिक्षा का दीप जलाना है।

PR 322639 (District)23-24*D



**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
**(उप निदेशक कल्याण कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग)**
**प्रवेश परीक्षा/नामांकन संबंधी संशोधित सूचना शैक्षणिक वर्ष 2024–25**

**–:विज्ञप्तिः–**

उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालयों में वर्ग–06, 07 एवं 08 में शैक्षणिक सत्र–2024–25 के नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक–07.03.2024 तक आमंत्रित तथा नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक–17.03.2024 को निर्धारित की सूचना प्रकाशित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारण से संशोधित करते हुए नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक–**07.04.2024** को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक निर्धारित की जाती है। विशेष जानकारी के लिए हजारीबाग जिले के वेबसाईड (www.hazaribag.nic.in) जनसाधारण के अवलोकनार्थ अपलोड (Upload) कर दिया गया है।

ह0/–
उप निदेशक कल्याण,
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 322592 Welfare(23-24)#D



**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन नीलामी**
**हाट–बाजार, जयनगर एवं मरकच्चो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) के लिए प्रखण्ड जयनगर एवं मरकच्चो हाट बाजार की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार में निम्नांकित तिथि को की जायेगी–

| क्र0 सं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पेठियाबागी हाट–बाजार, जयनगर प्रखण्ड | 2,40,000.00 | 24,000.00 | 28/03/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |
| 2 | हाट–बाजार, मरकच्चो प्रखण्ड | 4,42,260.00 | 44,226.00 | 28/03/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। आवेदन पत्र के साथ दस्तावेज संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO.322678 Panchayati Raj(23-24):D

# रणजी फाइनल: मुंबई ने खत्म किया आठ साल का सूखा, जीता 42वां खिताब

एजेंसी

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला मुंबई और दो बार के चैंपियन विदर्भ के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 224 रन बनाए। जवाब में विदर्भ की पहली पारी 105 रन पर सिमट गई। अपनी दूसरी पारी में मुंबई ने 418 रन बनाए और उनकी कुल बढ़त 537 रन की हुई और विदर्भ के सामने 538 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में विदर्भ की टीम अपनी दूसरी पारी में 368 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ मुंबई ने 169 से मुकाबला जीत लिया। रणजी में मुंबई ने 42वां खिताब जीता। अथर्व तायदे और ध्रुव शोरे ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। दोनों ने 64 रन की साझेदारी की। हालांकि, इसी स्कोर पर विदर्भ ने दोनों के विकेट गंवा दिए। अथर्व 32 रन और ध्रुव 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अमन मोखड़े और करुण नायर के बीच तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी हुई जिसे मुशीर खान ने तोड़ा। अमन 78 गेंदों में 32 रन बनाने में कामयाब हुए। टीम को चौथा झटका यश राथोड के रूप में लगा जो सिर्फ सात रन बना सके।



### अक्षय-हर्ष के बाद लड़खड़ाया विदर्भ का बल्लेबाजी क्रम

पांचवें दिन बल्लेबाजी की शुरूआत करुण नायर और अक्षय वाडकर ने की। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 173 गेंदों में 90 रन की साझेदारी हुई। नायर 74 रन की दमदार पारी खेलकर आउट हुए जबकि अक्षय 102 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें तनुश कोटियान ने अपना शिकार बनाया। अक्षर और हर्ष दुबे के बीच छठे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी हुई। हर्ष दूसरी पारी में 65 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद विदर्भ की पारी लड़खड़ा गई। मुंबई के खिलाफ आदित्य सरवटे ने तीन रन, यश ठाकुर ने छह रन, उमेश यादव ने छह रन बनाए। वहीं, आदित्य ढाकरे बिना कोई रन बनाए नाबाद रहे। मुंबई के लिए दूसरी पारी में तनुश कोटियान ने चार सर्वाधिक चार विकेट लिए। वहीं, मुशीर खान और तुषार देशपांडे को दो-दो सफलताए हासिल हुई। धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी को एक-एक विकेट मिला।

**विदर्भ की पहली पारी:** शार्दुल ठाकुर ने ध्रुव शोरे को पवेलियन भेजा। वह खाता भी नहीं खोल सके। वहीं, धवल कुलकर्णी ने अमन मोखादे और करुण नायर को पवेलियन भेजा। अमन आठ रन बनाकर आउट हुए। वहीं, करुण खाता भी नहीं खोल सके। आज विदर्भ ने तीन विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरू किया और अथर्व तायदे के रूप में पहला झटका लगा। उन्हें धवल कुलकर्णी ने पवेलियन भेजा। अथर्व 23 रन बना सके। इसके बाद शम्स मुलानी का कहर देखने को मिला। उन्होंने आदित्य ठाकरे, अक्षय वाडकर और हर्ष दुबे को पवेलियन भेजा। आदित्य 19, अक्षय पांच और हर्ष एक रन बना सके। इसके बाद तनुश ने तीन विकेट लेकर विदर्भ की पारी को समेट दिया। उन्होंने यश राठौड़ (27), यश ठाकुर (16) और उमेश याद्व (2) को पवेलियन भेजा। यश राठौड़ हाईएस्ट स्कोरर रहे। मुंबई के लिए अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच खेल रहे धवल कुलकर्णी ने तीन विकेट लिए। वहीं, शम्स मुलानी और तनुश कोटियान को भी तीन-तीन विकेट मिले। शार्दुल को एक विकेट मिला।

### फेयरवेल हो तो ऐसा... बेटी और वाइफ के सामने कुलकर्णी को मिली यादगार विदाई

**मुंबई।** रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल में मुंबई की टीम ने विदर्भ को 169 रन से हराकर 42वीं बार खिताब पर अपना कब्जा जमाया। मैच में टीम के सीनियर बल्लेबाज धवल कुलकर्णी ने दोनों पारियों को मिलाकर कुल चार विकेट अपने नाम किए। धवल कुलकर्णी के करियर का यह आखिरी फर्स्ट क्लास मैच था। इस मैच में उन्होंने अपनी टीम के लिए आखिरी विकेट लेकर खिताबी जीत दिलाई। इस खास मौके पर उनकी पत्नी और प्यारी सी बिटिया भी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद थी। मुंबई को चैंपियन बनाने के बाद धवल कुलकर्णी ने अपनी वाइफ श्रद्धा खड़पुदे को गले से लगा लिया। वहीं उनकी बिटिया भी अपने पापा के इस खास दिन पर उन लिपट गईं। धवल कुलकर्णी का यह 281वां फर्स्ट क्लास मैच था। मुंबई के लिए इस दमदार प्रदर्शन के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने भी धवल कुलकर्णी को बधाई दी। रोहित ने अपने सोशल मीडिया पर पर लिखा, 'मुंबई का योद्धा, इस शानदार करियर के लिए आपको ढेर सारी बधाई।' बता दें कि धवल कुलकर्णी मुंबई टीम इंडिया के लिए भी अपना डेब्यू कर चुके हैं। वे भारत के लिए 12 वनडे और 2 टी20 मैचों में मैदान पर उतरे हैं। धवल कुलकर्णी का घरेलू क्रिकेट बेहतरीन सफर रहा है।



## बुमराह-हार्दिक को रिलीज करना चाहता था मुंबई :पटेल

एजेंसी

**मुंबई।** आइपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की टीम एक नए कप्तान के अंदर खेलती दिखेगी। 2013 के बाद पहली बार रोहित शर्मा इस लीग में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते नहीं दिखेंगे। इस साल टीम की कप्तानी हार्दिक पांड्या को सौंपी गई है। हिटमैन को कप्तानी से हटाने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने मुंबई टीम मैनेजमेंट और फ्रेंचाइजी की जमकर आलोचना की थी। रोहित ने टीम को पांच खिताब दिलाए, लेकिन नए कोच मार्क बाउचर ने टीम में बदलाव की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि वह रोहित को खुलकर बल्लेबाजी करने देना चाहते हैं। ऐसे में उन पर से जिम्मेदारियों को हटाना जरूरी था। इसके लिए हार्दिक को गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया गया। हार्दिक को 2022 आइपीएल से पहले रिलीज कर दिया गया था, अब वह फिर से टीम में वापसी कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम और मुंबई इंडियंस के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टीम के साथ अपने समय के दौरान मुंबई इंडियंस के कैंप की एक दिलचस्प घटना साझा की।उन्होंने कहा, 'रोहित हमेशा अपने खिलाड़ियों के साथ खड़े रहते हैं और इसका सबसे बड़ा उदाहरण जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या हैं। बुमराह 2014 में पहली बार मुंबई इंडियंस से जुड़े थे, लेकिन जब उन्होंने 2015 में अपना पहला सीजन खेला, तो



उनके लिए सीजन कुछ खास नहीं रहा था। उन्हें सीजन के बीच में रिलीज किया जाना था, लेकिन रोहित को लगा कि यह खिलाड़ी आने वाले समय में चमकने वाला है और उन्होंने मैनेजमेंट से उन्हें बरकरार रखने की अपील की थी। अब आपने देखा कि कैसे 2016 से बुमराह का प्रदर्शन अगले स्तर पर पहुंच गया। पार्थिव ने कहा- ऐसा ही हार्दिक पंड्या के साथ भी है। जब वह 2015 में टीम में शामिल हुए, तो वह काफी शानदार रहे थे। हालांकि, 2016 में उनका सीजन खराब रहा। बात यह है कि जब आप एक अनकैप्ड खिलाड़ी होते हैं, तो फ्रेंचाइजी आपको जल्दी से रिलीज करती है और फिर आकलन करती है कि कोई खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी या अन्य घरेलू मैचों में कैसा प्रदर्शन कर रहा है। इसके बाद ही उन्हें टीम में वापस लिया जाता है। हालांकि, रोहित ने ऐसा नहीं होने दिया। यही कारण है कि ये लोग बड़े खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बारे में बात कर रहा हूं तो मैं जोस बटलर के बारे में बात कर सकता हूं। 2017 सीजन में रोहित शर्मा को लगा कि वह एक सलामी बल्लेबाज के रूप में अधिक योगदान दे सकते हैं। इसलिए रोहित ने खुद को डिमोट किया और मैंने जो बटलर के साथ ओपनिंग की। मुंबई की टीम अपने अभियान की शुरूआत 24 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ करेगी। यह मैच दिलचस्प रहने वाला है, क्योंकि हार्दिक उस टीम के खिलाफ उतरेंगे, जिसे उन्होंने पिछले दो सीजन में बनाया है। 2022 में हार्दिक की कप्तानी में गुजरात की टीम चैंपियन बनी थी, जबकि पिछले सीजन में गुजरात उपविजेता रही थी। इस सीजन गुजरात की कप्तानी शुभमन गिल संभालेंगे।

### श्रेयस की होगी सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में वापसी, खेलेंगे पूरा आइपीएल

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पीठ में दर्द के कारण लगातार दूसरे दिन मैदान पर नहीं आए। श्रेयस ने मुंबई के लिए दूसरी पारी में 111 गेंदों पर 95 रन बनाए थे जिसके चलते विदर्भ को 538 रनों का बड़ा लक्ष्य मिला था। लेकिन विदर्भ जब चौथे दिन बल्लेबाजी करने आई तो श्रेयस मैदान पर नहीं उतरे। हालांकि देर शाम साफ हो गया कि श्रेयस फिट है। इसके साथ ही उनके आइपीएल में पूरे मैच खेलने की भी पुष्टि हो गई। यही नहीं बीसीसीआइ भी श्रेयस की प्रगति से खुश है और माना जा रहा है कि श्रेयस की जल्द सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट में वापसी हो सकती है।

### एड़ी की सफल सर्जरी के बाद भारत लौटे शमी

**नयी दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी यूनाइटेड किंगडम (यूके) में अपने एड़ी की सफल सर्जरी के बाद भारत लौट आए हैं। भारत के 2023 एकदिवसीय विश्व कप अभियान के दौरान घायल होने के बाद शमी को अपने अकिलीज टेंडन को ठीक करने के लिए एड़ी की सर्जरी करानी पड़ी। वह 19 नवंबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में मिली हार के बाद से किसी भी प्रकार का क्रिकेट नहीं खेला है। शमी ने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए यूके से भारत लौटने की जानकारी दी और प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, सर्जरी के बाद भारत वापस आकर आभारी हूं। मजबूत महसूस कर रहा हूं और इस अगले अध्याय को अपनाने के लिए तैयार हूं। आपके समर्थन और प्यार के लिए सभी को धन्यवाद!

### नवारो ने सबालेंका को हराया

**इंडियन वेल्स।** एम्मा नवारो ने बीएनपी परीबस ओपन के चौथे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका को 6.3, 3.6, 6.2 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वह अपने करियर में चौथी बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और 1000 श्रेणी के टूनार्मेंट में पहली बार वह अंतिम आठ में खेलेगी। वहीं कोको गॉ ने अपने 20वें जन्मदिन पर एलिसे मर्टेंस को 6.0, 6.2 से हराकर लगातार दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे दौर में मर्टेंस ने नाओमी ओसाका को हराया था। पुरूष वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने 13वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को 6.4, 6.4 से हराया। वहीं नौवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने गाएल मोंफिल्स को 3.6, 7.6, 6.4 से शिकस्त दी। वहीं नोवाक जोकोविच को हराने वाले इटली के लुका नारडी को 17वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने 6.4, 6.3 से हराया।

### किरण, मालविका पहले दौर में हारकर हुए बाहर

**पेरिस।** भारत के किरण जॉर्ज और मालविका बंसोड़ अपने-अपने शुरूआती दौर के मुकाबलों में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूनार्मेंट से बाहर हो गये है। फ्रांस के पैलेस डेस स्पोट्र्स में बुधवार को खेले गये पुरुष एकल वर्ग में किरण जॉर्ज को हमवतन सतीश कुमार करुणाकरण से 21-7, 17-21, 23-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### भारत से अर्जुन एरिगैसी फिर करेंगे प्रतिनिधित्व

**मालमो, स्वीडन।** विश्व के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल होने और देश के नंबर एक खिलाड़ी बनने के बाद भारत के अर्जुन एरिगैसी को दुनिया के कई बड़े टूनार्मेंट में अब लगातार मौका मिल रहा है और अब अर्जुन को दुनिया के प्रतिष्ठित सुपर ग्रांड मास्टर टूनार्मेंट में से एक तेपे सिगमन शतरंज के 29वें संस्करण में फिर से खेलने का मौका मिलने जा रहा है। तेपे सिगमन टूनार्मेंट हमेशा से खिलाड़ियों के मिश्रण के लिए प्रसिद्ध रहा है और इस बार भी अनुभवी और युवा खिलाड़ियों को हम एक साथ खेलते देखेंगे। लगातार तीसरी बार इस टूनार्मेंट में खेलने जा रहे अर्जुन के अलावा पिछले विजेता-फीडे के पीटर स्विड्लर, निल्स ग्रांडेलियस (स्वीडन) और विंसेंट केमर (जर्मनी) 29वें संस्करण में वापसी करेंगे।वहीं उनके साथ वर्तमान महिला विश्व चैंपियन- वेनजून जू (चीन), पूर्व विश्व रैपिड चैंपियन-नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव (उजबेकिस्तान), चार बार के यूक्रेन चैंपियन - अंतोन कोरोबोव, और वर्तमान विश्व जूनियर चैंपियन-मार्क एंड्रिया मौरिज्जी (फ्रांस) खेलते हुए नजर आएंगे। कुल सात राउंड के इस टूनार्मेंट का आयोजन 27 अप्रैल से 3 मई 2024 तक स्वीडन के माल्मो में आयोजित किया जाएगा।

## ऑल इंग्लैंड ओपन में सात्विक-चिराग ने तीन बार के विश्व चैंपियन को हराया

एजेंसी

**बर्मिंघम।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेंड्रा सेतियावान की जोड़ी को युगल मुकाबले में हराकर अपने अभियान शुरूआत की। फ्रेंच ओपन 2024 के विजेता सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीन बार के विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के मोहम्मद अहसान और हेन्ड्रा सेतियावान को 21-18, 21-14 से हराकर टूनार्मेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी दूसरे दौर में इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बगास मौलाना की जोड़ी से मुकाबला करेगी। पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के मैग्नस जोनासेन को हराकर स्पर्धा के दूसरे राउंड में पहुंच गये है। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 40 मिनट तक चले मुकाबले में मैग्नस जोनासेन को 21-14, 21-14 से हराया। राउंड ऑफ 16 में 22 वर्षीय खिलाड़ी का सामना प्रतियोगिता में चौथी वरीयता प्राप्त डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। तनीषा क्रास्टो और अश्वनी पोनप्पा की भारतीय महिला युगल जोड़ी हांगकांग की येगुंग टिंग और येयुंग लैम की जोड़ी को 21-13 और 21-18 हराकर अगले दौर में पहुंच गयी है। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला जोड़ी का मुकाबला चीन की झांग शुक्सियान और झेंग यू से होगा। वहं एक अन्य पुरुष एकल स्पर्धा में भारत के प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के चिको औरा से 21-19, 11-21, 21-9 से हार का सामना करना पड़ा।

## मध्यप्रदेश, तेलंगाना और बंगाल ने अपने-अपने मैच जीते, उत्तर प्रदेश और झारखंड का मैच ड्रा

एजेंसी

**पुणे।** 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को मध्य प्रदेश, तेलंगाना और बंगाल ने अपने-अपने मुकाबले जीते। वहीं उत्तर प्रदेश हॉकी और हॉकी झारखंड मैच ड्रा रहा। गुरुवार को यहां मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पिंपरी में पूल सी में उत्तर प्रदेश हॉकी और हॉकी झारखंड के बीच खेला गया मैच ड्रा रहा। खेल समाप्त होने पर दोनों टीमों का स्कोर 2-2 रहा। हॉकी झारखंड के लिए पहले क्वार्टर के आखिर में भारतीय टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे ने 15वें मिनट में फील्ड गोल दागा। रेशमा सोरेंग ने 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बढ़त दोगुना कर दिया। तीसरे क्वार्टर में उत्तर प्रदेश की ओर से मुमताज खान ने 34वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के बाद एक गोल के अंतर को कम किया। उसके बाद बानो हिना ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर को बराबरी पर ला दिया।

### मध्य प्रदेश ने लगातार दो मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में

मध्य प्रदेश ने लगातार दो मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। इससे पहले दिन में, गत चैंपियन मध्य प्रदेश ने पूल ए में बिहार को 7-1 से हराया। मध्य प्रदेश के लिए रितिका सिंह ने 45वें, 50वें, 60वें मिनट में गोल दागे। जबकि ऐश्वर्या चव्हाण ने छठें मिनट गोल किया। दुबे ने नौं मिनट में कंचन निधि केरकेट्टा ने 32वें मिनट और इशिका चौधरी ने 33वें मिनट में गोल किये। हॉकी बिहार के लिए एकमात्र गोल अंतिम क्वार्टर में ईभा केरकेट्टा ने किया। इस जीत के साथ ही मध्य प्रदेश पूल ए में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई किया।

### तेलंगाना ने गुजरात को 12-0 से रौंदा

दिन के तीसरे मैच में तेलंगाना ने गुजरात को 12-0 से हरा दिया। तेलंगाना हॉकी कप्तान एडुला ज्योति ने 24वें, 26वें, 27वें मिनट में गोल किया, चंदना गंधपु ने नौंवे, 37वें, हरलीन कौर सरदारनी ने 14वें, 47वें मिनट में और प्रीति धारला ने 25वें, 57वें मिनट में, अनुषा चेक्काला ने 44वें मिनट, अखिला मंडला ने 45वें मिनट और वर्शिता मुप्पाला ने 56वें मिनट में तेलंगाना के लिए गोल किए।

### बंगाल ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की

दिन के चौथे गेम में हॉकी बंगाल ने पूल एच गेम में तमिलनाडु को 2-0 से हराया। बंगाल के लिए दूसरे और तीसरे क्वार्टर में सुष्मिता गंधा ने 21 मिनट में और सुष्मिता पन्ना ने 38वें मिनट में गोल किए। तमिलनाडु की टीम कोई गोल नहीं कर सकी।

## सिंधू हारकर भी ओलिंपिक के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी

**बर्मिंघम।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में महिला एकल के दूसरे दौर में अपनी प्रतिद्वंदी कोरिया की एन से यंग से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलिंपिक पदक विजेता सिंधू मैच के दौरान एक समय अच्छी लय में दिख रही थीं और उन्होंने शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया, लेकिन वह अपनी गलतियों पर अंकुश लगाने में असफल रहीं और 42 मिनट तक चले मुकाबले को 19-21, 11-21 से हार गईं। हालांकि, इसके बावजूद यह माना जा रहा है कि भारत की यह स्टार शटरल पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वालीफाई करने में सफल हो गई हैं। पिछले साल महिला एकल विश्व चैंपियनशिप जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बनी यंग के खिलाफ सिंधू की यह लगातार सातवीं हार है। सिंधू ने हाल ही में चोट से वापसी की है जबकि कोरिया की खिलाड़ी ने इस सत्र में मलेशिया और फ्रांस ओपन के खिताब अपने नाम किये हैं। सिंधू ने 22 साल की खिलाड़ी के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश की लेकिन यंग ने अपनी रैलियों की गति और स्मैश का शानदार इस्तेमाल कर मैच अपने नाम किया।



### सिंधू ने मैच में दी कड़ी टक्कर

सिंधू ने पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन दूसरे गेम में वह लगातार गलती करती रही। सिंधू शुरूआती गेम में 4-1 से आगे थी। यंग ने इस समय ज्यादा प्रयास किये बिना सिंधू के गलती करने का इंतजार किया। भारतीय खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर उन्होंने 9-6 की बढ़त बनायी। सिंधू इसके बाद शटल को नेट पर खेल गयी जिससे यंग की बढ़त 11-8 हो गयी। सिंधू ने आक्रामक खेल जारी रखा और उन्हें इसका फायदा भी मिला। वह वापसी कर स्कोर को 16-17 और फिर 19-20 करने में सफल रही। यंग इसके बाद बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल कर शटल को सिंधू के सिर के ऊपर से बैकलाइन के अंदर गिरा कर पहला गेम जीत गई। यंग ने दूसरे गेम की शुरूआत से दबदबा बनाना शुरू किया। उन्होंने तीन अंक की बढ़त के साथ शानदार शुरूआत की और इसके बाद क्रास कोर्ट स्मैश के साथ स्कोर को 9-4 करने में सफल रही। सिंधू ने इस बीच निराशा में अपना वीडियो रेफरल बर्बाद किया। उनका बैकहैंड और फोरहैंड रिटर्न लगातार नेट से टकरा रहा था। कोरियाई खिलाड़ी ने नौ मैच प्वाइंट हासिल किये और एक शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

### यूपी में बनेगा चौथा इंटरनैशनल स्टेडियम, होंगे आइपीएल के मुकाबले

**मुख्यमंत्री योगी ने दी मंजूरी**

- बीसीसीआइ उपाध्यक्ष ने किया शिलान्यास
- 9 साल पहले बनाई गई थी योजना
- 450 करोड़ रुपए तक की आएगी लागत
- 32 एकड़ क्षेत्र में बनेगा खेल स्टेडियम
- 55 हजार लोग एक साथ देख सकेंगे मैच

**लखनऊओ।** उत्तर प्रदेश में चौथा इंटरनैशनल क्रिकेट स्टेडियम के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने मोर्टी राजनगर एक्सटैंशन में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा विकसित की जाने वाली इस परियोजना के तहत स्टेडियम का शिलान्यास रख दिया। स्टेडियम 2 साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें आइपीएल के मैच भी करवाए जाएंगे। उक्त परियोजना की रूपरेखा 9 साल पहले खींची गई थी लेकिन अब जाकर इसको अमली जामा पहनाया जा रहा है। शिलान्यास समारोह में गाजियाबाद के सांसद और सड़क परिवहन और राजमार्ग और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वी.के. सिंह (सेवानिवृत्त) विशेष तौर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि हर कोई लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। गाजियाबाद दिल्ली के नजदीक है। अगर यह स्टेडियम बनेगा तो दिल्ली कैपिटल्स के मैच यहीं होंगे। फिलहाल सड़क की हालत खराब है, इसे बेहतर किया जाएगा। फिलहाल यू.पी. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि उपयोग जैसी सभी जरूरतों को मंजूरी दी जा चुकी है। सिंह ने कहा कि पहले चरण का काम 400 करोड़ तो दूसरे चरण का काम 50 करोड़ रुपए में किया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## गायत्री प्रज्ञा पीठ के नए ट्रस्टी की बैठक 17 को

**खलारी।** गायत्री प्रज्ञा पीठ सह गायत्री मंदिर खलारी में नवगठित ट्रस्ट की बैठक 17 मार्च को दोपहर 12 बजे रखी गई है। उक्त जानकारी देते हुए पीठ के परिवार्जक ललन प्रसाद सिंह ने बताया कि श्री वेद माता गायत्री ट्रस्ट शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा खलारी प्रज्ञापीठ के नए ट्रस्टी का गठन किया गया है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी रामदेव लाल अग्रवालए सहायक प्रबंध ट्रस्टी सुरेंद्र प्रसाद, ट्रस्टी भरत रजक, हरगोविंद राम, अरुण चौरसिया, राजेंद्र चौहान व रेणुका सिंह को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह ट्रस्टी की पहली बैठक होगी जिसमें मंदिर को सुचारू रूप से चलने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी ट्रस्टी के सदस्यों से उक्त बैठक में उपस्थित रहने का अपील किया।

## खलारी में 20 अप्रैल को सरहुल पूजा मनाने का निर्णय

**खलारी।** उत्तरी पंचायत सचिवालय में एनके एरिया सरना समिति की बैठक रंथू उरांव की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल पूजा 20 अप्रैल दिन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समिति की अगली 17 मार्च दिन रविवार संध्या पांच बजे से करने का भी निर्णय लिया गया जिसमें पूजा कमेटी का गठन किया जाएगा। मंच संचालन कन्हाई पासी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से देवपाल मुंडा लालचंद विश्वकर्मा अमित कुमार लकड़ा अशोक उरांव अर्जुन उरांव बसंत उरांव रमेश तुरी दिलिप गंझू कमलेश उरांव बबलू उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## कुच्चू बाजार से बाइक की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के कुच्चू बाजार से गुरुवार को एक होंडा साइन बाइक जेएच01 बीजी–2633 चोरी हो गई। बताया गया कि बरियातु रांची निवासी बिजय डुंगडुंग किसी काम से चंदवे गया था। उधर से सब्जी लेने कुच्चू बाजार चला गया। बाजार के आगे मंदिर स्थित अपनी बाइक को खड़ी कर सब्जी लेने गया। कुछ देर बाद वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। सूचना मिलने के बाद पेट्रोलिंग पुलिस पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर को पकड़ने का प्रयास की जा रही है।

## मांडर : हत्या के आरोपी को जेल

**मांडर।** पुलिस ने हत्या के आरोपी पुनगी निवासी धीरन उरांव उर्फ धीरज उरांव उर्फ चरका को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। वह परयागो निवासी 45 वर्षीय दुलारी कच्छप की हत्या के मामले का अप्राथमिक अभियुक्त है। बताते चलें की 2 दिन पूर्व सुबह शौच के लिए निकली दुलारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले को लेकर उसके परिजनों द्वारा चार लोगों के खिलाफ मांडर थाने में नामजद प्राथमिक दर्ज कराई थी। धीरन ने पुलिस को बताया कि उसी ने गोली मार कर दुलारी की हत्या की थी। उसके निसान देही पर हत्या में प्रयुक्त रिवाल्वर और दो कारतूस जिसमें एक का वह हत्या में इस्तेमाल कर चुका था, बरामद कर लिया है।

## अधेड़ मंदबुद्धि महिला से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**मांडर।** दुष्कर्म के आरोपी मलती निवासी बीस वर्षीय दीपक नायक को मांडर पुलिस गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उसके ऊपर थाना क्षेत्र की एक 55 वर्षीय मंदबुद्धि महिला के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। मामले को लेकर पीड़िता की बहू के द्वारा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आवेदन के अनुसार पीड़िता गांव स्थित बगल घर में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। देर रात जब शादी समारोह से वह वापस लौट रही थी तब दीपक ने उसके साथ घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए मांडर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# मैक्लुस्कीगंज में सड़क निर्माण से होगा पर्यटन का विकास

### सांसद-विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र में करोड़ों की लागत से सड़कों के निर्माण का शिलान्यास रांची के सांसद संजय सेठ कांके विधायक समरी लाल एवं समाजसेवी सह मैकलुस्कीगंज डेवलपमेंट फोरम के महासचिव सुरेन्द्र नाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। मैकलुस्कीगंज चामा मुख्य पथ पर अवस्थित मैगजीन मोड़ से भगत मोड़ एवं मायापुर सड़क तक सड़क का सुदृढ़ीकरण चामा मैकलुस्कीगंज पर हरहु बसरिया होते नकटा पहाड़ चाया तक सड़क एवं बसरिया नदी पर पुल निर्माण धुरवामोड से लालपुर सरना होते खलारी ओवरब्रिज तक का सड़क हेसालोंग टेनामोड़ से डेगाड़ेगी नदी एवं डेगीडेगी नदी पर पुल निर्माण इस योजना में शामिल है। शिलान्यास कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेन्द्र नाथ पांडेय ने कहा कि मैकलुस्कीगंज एक पर्यटक स्थल है जो भी योजनाएं ली गयी है। वह पर्यटन के दृष्टिकोण से संबंधित है। उन्होंने कहा कि वर्षो से हरहु बसरिया के ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग करते रहे। बसरिया ग्राम आजादी से आज तक एक टापू बनकर रहा। यहां के ग्रामीणों की चिर परिचित मांग को यहां के विधायक समरी लाल ने गंभीरता से लेते हुए इसके निर्माण हेतु सरकार पर दबाव बनाया और शिलान्यास किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के पूर्व मुख्य सचिव का भी आभार व्यक्त करते है कि उन्होंने भी इस क्षेत्र में पर्यटन विकास की संभावनाओं को देखते हुए कई योजनाओं को पूरा करने की हिदायत अपने महत्वों को दिया था।

### शिलान्यास में ये लोग थे शामिल

शिलान्यास कार्यक्रम में लपरा एव मायापुर की मुखिया पुतुल देवी एव पुष्पा खलखो भाजपा नेता जितेंद नाथ पांडेय रमेश विश्वकर्मा अनिल गंझू प्रीतम कुमार साहु मनोज साहू एव फुलेश्वर माहतो शैलेन्द्र शर्मा शशि प्रसाद साहू अरविंद सिंह शशिभूषण सिंह आनंद सिंह शत्रुंजय सिंह रमेश विश्वकर्मा कार्तिक पांडेय विकास दुबे दिनेश गुप्ता रामसूरत यादव भारत रजक नागदेव सिंह मनोज जायसवाल रविन्द्र मुंडा दिलीप पासवान विकास साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक माह बाद सदमाजरा हुआ रोशन, ग्रामीणों में हर्ष का माहौल



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव सदमाजरा के बिजली ट्रांसफारमर पिछले एक माह से जला हुआ था। गांव अंधेरे में डूबा गया था। किसानों को खेती व बच्चों की पढ़ाई में भी परेशानी हो रही थी। गांव वालों को दूसरे गांव में जाकर अपनी मोबाइल चार्ज करनी पड़ रही थी। गांव के मुखिया सुनिल उरांव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि सदमारजा के ग्रामीणों की समस्या से सांसद संजय सेठ को अवगत कराया गया। जिसके बाद विभाग द्वारा सांसद की पहल से गांव वालों को 63 केवी का एक नया ट्रांस्फार्मर उपलब्ध करा भी दिया गया। कोकर रांची से ग्रामीण ट्रांसफार्मर लेकर जैसे ही गांव पहुंचे, गांव वाले हर्षित हो उठे। देर शाम ट्रांसफार्मर को जोड़ा गया। जैसे ही गांव में बिजली आई कि गांव जगमग हो गया। ग्रामीणों के साथ गांव के बच्चे भी ताली बजाने लगे। टांसफार्मर मिलने से मुखिया के साथ राजाराम महतो, शिवलाल महतो, दिनेश्वर महतो, बिजेश महतो, दुती महतो, गनसु महतो व सिकंद महतो सहित अन्य ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए सांसद संजय सेठ के प्रति अभार जताया गया।

## भक्ति जागरण कार्यक्रम में भजन सुन कर झूमे श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** जरिया पुरानाडीह गांव स्थित बजरंगबली मंदिर का प्रथम वार्षिक स्थापना दिवस पर बुधवार की रात्रि में श्री श्री बजरंगबली मंदिर समिति के तत्वावधान मेंभक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसमें सैंकड़ो लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में लोहरदगा लोकसभा के सह संयोजक सन्नी टोप्पो व भाजपा नेता रामनारायण भगत पहुंचे थे। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा भगवान के प्रति लोगों की आस्था की सराहना करते हुए कहा कि भजन कीर्तन सुनने से मन को शांति मिलती है। कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों से समाज में एकता एवं अच्छी सोच के साथ.साथ आपसी प्रेम बढ़ता है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों का आभार जताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे सफल धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं रामनारायण भगत ने कहा इस भव्य आयोजन के लिए सभी ग्रामीणों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सच्चे मन से किसी भी कार्य को करते है भगवान उनकी मनोकामनाएं अवश्य पूरी करते है। कार्यक्रम के दौरान भक्ति जागरण के गायक गायिकाओं द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों से श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो झूम उठे।

## पेयजल योजना के लाभ से वंचित हैं तुको वटोंका टोली गांव के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल योजना बेड़ो में लूट की योजना बन कर रह गई है। विभागीय अधिकारी और संवेदक की सांठगांठ के कारण यह योजना धरातल पर यह योजना अपने उदेश्यों को पूरा नहीं कर पा रहा है। कहीं बोरिंग करके छोड़ दिया गया है तो कहीं जलमीनार बनाकर छोड़ दिया गया है। कहीं जलमीनार लगाया गया तो उसमें पानी नहीं चढ़ता है तो कहीं कनेक्शन दे दिये गयेए लेकिन आज तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हुई। तो कहीं मानकों के अनुसार बोरिंग की गहराई नहीं की गयी। ऐसे कई मामले हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा मिलने के बाद भी जिम्मेदार कुम्भकर्णी निद्रा में मग्न है। प्रखंड के दिघिया पंचायत के तुको गांव में डेढ़ साल बाद भी बोरिंग नहीं हो पाया और टोंका टोली में एक वर्ष से बोरिंग व जलमीनार तैयार है लेकिन एक वर्ष बाद भी सोलर व मशीन नहीं लग पाया है। वही लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए घर.घर में कनेक्शन भी दिया गया।लेकिन विंडबना यह है कि आज तक इन घरों में पानी नहीं पहुंच पाया। पूछे जाने पर कई ग्रामीणों ने बताया कि डेढ़ साल से जलमीनार बनकर खड़ा है लेकिन हमारे घरों अभी तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। गांव में लोग खेत में बने कुआं से पानी ला रहे हैं। वही बंद पड़े जलमीनार की शिकायत सुनकर भी सांसद विधायक व अधिकारी कुम्भकर्णी निद्रा में मग्न हैं।

## संस्कृति को अक्षुण रखना हमारी जिम्मेवारी

### मुरगू में आदिवासी सरना प्रार्थना सभा का आयोजन

- भजन की प्रस्तुति से गुंजा माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता




**रातू।** प्रखंड के मुरगू में गुरुवार को 21 पड़हा सरना प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुरगू के अलावा लहना, मखमंदरो, काटू, बेलांगी, पुरियो, मलटोटी, चितरकोटा बड़काटोली, लटमा, तिगरा, एकागुड़ी व रातू बड़काटोली के करीब 5 सौ सरना धर्मावलंबियों ने हिस्सा किया। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव बतौर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी कला व संस्कृति को अक्षुण रखना हमारी जिम्मेवारी है। श्री उरांव ने सामाजिक एकता पर जोर देते हुये धर्म की रक्षा का आह्वान किया।

वहीं राष्ट्रीय प्रचारक सोमनाथ उरांव ने समाज में धार्मिक जागृति की जोरदार वकालत की। इससे पूर्व अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत गीत-नृत्य से माहौल गुंज उठा। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं उत्साहित दिखी। अध्यक्षता एतवा लकड़ा ने की, जबकि संचालन गंगू पाहन ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

महावीर विश्वकर्मा, चारे भगत, सुकरा उरांव, नन्हे उरांव, पंचू उरांव, छोटन पाहन, सुनील उरांव, जितराम लकड़ा, मंगरी उराईन, जोसफिन उरांव, श्याम उपाध्याय, बिरसा उरांव, बिसुआ उरांव, मनीष मुंडा, शैलेंद्र मुंडा, श्यामलाल मुंडा, देवेंद्र मुंडा, मदन उरांव, झिरगा उरांव, भेलो उरांव, 21 पड़हा के पदधारी व सदस्य आदि।

## रक्षा मंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे पिपरवार के कार्यकर्ता

**पिपरवार।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चतरा जिला के इटखोरी आगमन को लेकर पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बुथ कार्यकताओं के के साथ पहुंचने की तैयारी पूरी कर ली है। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता के निदेर्शानुसार पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बुथ के कार्यकर्ताओं के साथ इटखोरी में कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिसकी जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि इटखोरी में देश के रक्षा मंत्री बुथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ वार्ता करके जीत का मूल मंत्र देंगे। पिपरवार क्षेत्र के तीन पंचायत के हर बूथ के दस दस कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## सताकी गांव में रामायण पाठ समापन पर कलश यात्रा

### बैंड-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में शामिल हुए क्षेत्र के भक्तिप्रिय लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड के सताकी गांव में पांच दिवसीय रामायण पाठ का समापन रात्रि जागरण के साथ शुक्रवार सुबह होगी। इसी अनुष्ठान को लेकर गुरुवार शाम गाजेबाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का नेतृत्व गणेश शंकर विद्यार्थी एवं पं रवि ठाकुर कर रहे थे। कलश यात्रा में महिलाएं माथे पर कलश तो पुरुष हाथों में ध्वज लिए बैंडबाजे के साथ नाचते-झूमते यात्रा में शामिल हुये। रामघाट छोटी नदी से कलश में जल भरकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल रामदरबार पर पहुंची। पं सपन ठाकुर द्वारा विधिविधान पूर्वक पूजन कर कलश में जल भरा गया। कलश में भरे जल से रात्रि में प्रभु श्री राम चन्द्र जी का राज्याभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस कथा, पाठ, प्रवचन एवं महायज्ञ का समापन हो जाऐगा। यज्ञ के अंतिम दिन संध्याकालीन आरती, रात में कथा, रामलीला, राज्याभिषेक एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन होगा एवं शुक्रवार सुबह पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय महतो धीरज, विष्णु चरण महतो, रामेश्वर महतो, जयराम महतो, दशरथ महतो, फेकला महतो, रविन्द्र नाथ महतो, अश्विनी कुमार मेहता, अमीन, भीम, रमेश महतो, सुभाष, अकलू, अम्बुज, अक्षय, अनिल, विश्वनाथ दिनेश आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर में

### तमाड़ में दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट लाइसेंस और कागजात की हुई जांच



**तमाड़।** थाना क्षेत्र के डोड़ेया मोड़ में पुलिस ने गुरुवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया वाहन सवार लोगो के हेलमेटएलाइसेंस व कागजात की जांच की गयी। चेकिंग के दौरान कई दोपहिया वाहन सवारो को यातायात नियमो का उल्लंघन करते पकड़ा गया। प्रशासन ने ऑनलाईन चालान फाईन के लिये कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुये जिला भेज दिया। एएसआई सूर्या सिंह हांसदा ने बताया की सभी को हेलमेट लगाने की चेतावनी दिया गया। हेलमेट नहीं लगाने से सड़क दुर्घटनाओं से मौत की संख्या बढ़ रही है। लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक करने की जरूरत है। एएसआई ने लोगों को हेलमेट लगाकर ही घर से निकलने की हिदायत दिया।

### दुग्ध कृषक मित्रों की बैठक में दूध के मूल्य में कटौती का किया गया विरोध



**मांडर।** प्रखंड के सोसई आश्रम में गुरुवार को सुरजीत साही की अध्यक्षता में झारखंड मिल्क फेडरेशन के तत्वावधान में रांची जिला के दुग्ध कृषक मित्रों एवं किसान प्रतिनिधियों की बैठक की। बैठक में फेडरेशन की ओर से किसानों के दूध मूल्य में प्रति लीटर दो रुपए की आकस्मिक कटौती किए जाने पर विचार– विमर्श करते हुए तत्काल कटौती मूल्य को स्थगित करने की फेडरेशन से मांग की गई। बैठक में अपनी ग्यारह सूत्री मांग के लिए सभा स्थल से ही फेडरेशन से वार्ता का समय की मांग करने एवं मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर जय प्रकाश जायसवाल, बिशेश्वर साही, दिलीप साहु, इंद्रदेव महली, बिनोद सिंह, भानू महतो मौजूद थे। बैठक में संचालन अरबिन्द सिंह ने और धन्यवाद ज्ञापन सुरजीत साही ने किया।

### मृतक के स्वजनों से मिल कर पूर्व विधायक ने संवेदना व्यक्त कीं



**बेड़ो।** मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने गुरुवार को प्रखंड के मुरतो गांव निवासी उमेश ठाकुर का आकस्मिक निधन बुधवार हो गया।जिसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक ने मृतक की पत्नीएबच्चो व स्वजनों से मिली और अपनी संवेदना व्यक्त की। और आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ खड़ी हूं।

## जिंदगी सत्संग करने के लिये है : असंगजी

### सत्संग

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू।** राष्ट्रीय संत असंगदेव जी महाराज का सोनाहातू के एक दिनी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्रोताओं के बीच अपने प्रवचन में असंग देव जी ने कहा कि कम बोलो, श्रोता सुने। साधू का भूषण क्षमा है। वही उसका शोभा है। शादी होना सार्थक नहीं है जब उनकी गृहस्थी की गाड़ी सही ढंग से न चले। क्रोध से सब को बचना चाहिये। उन्होंने कहा कि 6 चीजें नर्क पहुंचाती है। 4 चीजें स्वर्ग पहुंचता है और 2 चीजें स्वर्ग से ऊपर पहुंचता है। इंद्रियों का दुरुपयोग करने से नरक की प्राप्ति होती है। संत ने कहा कि मांस, मछली, शराब, नशापान बिल्कुल नहीं करना चाहिए। वहीं प्रवचन कथा के अंत में सुखद सत्संग समिति सोनाहातू द्वारा संत का सम्मान किया गया।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर रंजीत कुमार महतो, राधामोहन सिंह मुंडा, परेश राम महतो, शिवेश्वर महतो, लंकेश्वर गोस्वामी, दिलेशवर कोइरी, ललित महतो, पूरन महली, संतोष जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक योजना में दो विभागों ने ठोका दावा, सड़क निर्माण में पहुंचा बाधा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एक ही सड़क के कार्य में दो विभागों का शिलापट मैक्लुस्कीगंज के बालुमाथ मुख्य पथ के टेना मोड़ से जोभीया डेगाडेगी नदी तक सड़क का निर्माण कार्य में लगाया गया। बताया जाता है कि डीएमएफटी; जिला परिषद व आरईओ का शिलापट एक ही कार्य के लगाया गया है। जिसमे डीएमएफटी जिला परिषद मद अन्तर्गत स्वीकृत योजना के तहत टेना में शिलापट लगाया गया। और उक्त योजना का शिलान्यास खलारी पश्चिमी जिप सदस्य सरस्वती देवी ने किया। उधर उसी सड़क को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात संबंधित विभाग ने भी टेना मोड़ पर शिलापट लगाया गया। जिसका विधिवत शिलान्यास मुख्य रूप से उपस्थित मैक्लुस्कीगंज डेवलपमेंट फोरम के महासचिव सुरेंद्र नाथ पाण्डेय व विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह ने पूजन कर व नारियल फोड़कर किया। जिलापरिषद अभियंता ने बताया कि इस सड़क का कायार्देश मिलने के बाद कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं आरईओ के अभियंता ने बताया कि यह सड़क पूर्व में भी इसी विभाग के तहत निर्मित है। जिला परिषद द्वारा सड़क का एनओसी नहीं लिया गया है।

## ईश्वर की आराधना से वास्तविक जीवन प्राप्त होगा



पंडित सुभाष उपाध्याय।

### ओरमांझी में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बैंक्वेट मैरिज हॉल ओरमांझी स्थित पिछले एक सप्ताह से चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा गुरुवार को भंडारे के साथ संपन्न हो गया। बलिया बिहार से आए कथावाचक पंडित सुभाष उपाध्याय ने कथा के अंतिम दिन अपने प्रवचन में कहा कि विपरीत परिस्थितियों में किसी गरीब के घर में फूटी कौड़ी नही है। फिर भी उसका हृदय संतोषी है, तो उससे बड़ा धनवान कोई दूसरा नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान कहते हैं जो व्यक्ति असंतुष्ट है उसे कई लोकों का राज्य वैभव व धन संपदा भी मिल जाए फिर भी वह परेशान व दुखी रहता है। कहा कि वैसा इंसान जीवनभर जीविका के प्रपंच में ही उलझे रहते हैं। वास्तविक जीवन व जीवन के मूल्य उद्देश्यों को समझ ही नहीं पते हैं। उन्होंने आत्म संतुष्टि के लिए सभी मनुष्यों को ईश्वर की शरण में जाने का आह्वान किया और कहा कि भगवान के अराधना से ही मनुष्य अपने वास्तविक जीवन को जान सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य यजमान मुर्ती देवी, आयोजक मुकेश सिंह व सरोज सिंह के साथ रामकुमार सिंह, मनोज सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह सहित काफी संख्या में महिलाएं व अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## झारखंडी जनमानस की आवाज बनेंगे डॉ वर्मा

**जमशेदपुर।** झारखंड के राज्यसभा चुनाव में सांसद निर्वाचित होने पर डॉ प्रदीप वर्मा को भाजपा के जिला महामंत्री अनिल मोदी नें बधाई दी है। मोदी ने कहा कि डॉ प्रदीप वर्मा के निर्वाचन से कार्यकर्ताओं में नये जोश का संचय हुआ है। डॉ वर्मा संगठन के एक निष्ठावान सिपाही रहें हैं। वे लगातार तीसरी बार भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोनीत हुए हैं।

## उमेश साव सहित 18 अधिवक्ता नोटरी बने

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता उमेश साव सहित 18 अधिवक्ता नोटरी बने हैं। भारत सरकार के लॉ एंड जस्टिस, डिपार्टमेंट ऑफ लीगल अफेयर्स नोटरी सेल की और से उनकी नियुक्ति हुई है। इन्हें भारत सरकार नोटरी सेल द्वारा लिखित एवं परिविक्षा आधार पर नियुक्ति दी गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड से 1000 से ज्यादा अधिवक्ता इस परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 320 को नियुक्ति के लायक पाया गया। इनकी नियुक्ति पर झारखंड बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल, पूर्व लोक अभियोजक पी एन गोप ने बधाई दी है।

## श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर बैठक

**चांडिल।** श्री श्याम कला भवन चांडिल के द्वारा आयोजित दो दिवसीय फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक की गयी। बैठक में आगामी 20 मार्च को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रघुनाथपूर से चांडिल श्याम मंदिर तक निशान पद यात्रा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही रात्रि मे श्याम मंदिर मे भजन संकीर्तन करने का निर्णय लिया।

## सोनारी कुम्हारपाड़ा में दुष्कर्म करने का प्रयास

**जमशेदपुर।** सोनारी कुम्हार पड़ा के बगल में मस्जिद के एरिया में नाबालिग बच्ची के साथ लाल अंसारी ने दुष्कर्म का प्रयास किया। जिसको लेकर के स्थानीय लोगों हंगामा किया। बाद में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। घटना से नाराज लोगों ने मस्जिद के बगल में शौचालय के पास एंक्रोचमेंट करके जो लोग झोपड़ी बनाये थे उसको जला दिए और इसकी सूचना स्थानीय थाना एवं जिसको प्रबंधन को दिया गया।

## आज चाकुलिया-पोटका में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास करेंगे सीएम

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पूर्वी सिंहभूम जिले की पोटका एवं चाकुलिया प्रखंड में बहु प्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की मांग पूरी करने के लिए आज आ रहे हैं। वे इन दोनों प्रखंडों में डिग्री कॉलेज का शिलान्यास करेंगे। पोटका प्रखंड मैदान में पूर्वाह्न पौने बारह बजे और माताबंद स्टेडियम मैदान चाकुलिया में अपरान्ह सवा एक बजे डिग्री कॉलेज की आधारशिला मुख्यमंत्री रखेंगे। मौके पर उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक सरयू राय, विधायक रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक समीर कुमार मोहंती और विधायक संजीव सरदार के उपस्थित रहने की उम्मीद है।

## मिस्टर जमशेदपुर प्रतियोगिता 17 को

**जमशेदपुर।** झारखंड बॉडीबिल्डर एंड फिटनेस एसोसिएशन की तरफ से आगामी 17 मार्च 2024 को बारीडीह कम्युनिटी सेंटर में सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक मिस्टर जमशेदपुर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में सिर्फ वह प्रतिभागी भाग ले सकते हैं जो कभी टाइटल होल्डर नहीं रहे हों। इसमें 55 किग्रा वर्ग से लेकर 75 किग्रा वर्ग तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष बी राव और महासचिव मानिक मोहंती ने पत्रकारों को बताया कि मिस्टर जमशेदपुर विजेता को 11000 नकद इनाम के साथ शील्ड प्रदान किया जायेगा। बाकी प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेता को भी मोमेंटो के साथ कैश दिया जायेगा। निर्णायक मंडली में सभी नेशनल क्वालिफाइड जज होंगे।

# खुकड़ाडीह चौक से दयाल सिटी की सड़क बनवायेंगे मंगल कालिंदी

- 15 सड़कों के निर्माण को लेकर विधायक ने की सीएम से मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत जुगसलाई विधानसभा छेत्र के जमशेदपुर एवं बोड़ाम प्रखंड में पथ का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने के संबंध में गुरुवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात की और उन्हें 16 सड़कों के निर्माण को लेकर एक ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन के माध्यम से विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्यमंत्री जी से जमशेदपुर प्रखण्ड अंतर्गत खुकड़ाडीह चौक से बड़ा गोविन्दपुर होते हुए दयाल सिटी तक पथ की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत वैद्यनाथडीह, बाछाई नाला से खैरबनी रेलवे फाटक तक पथ का निर्माण कार्य, जमशेदपुर प्रखंड अन्तर्गत कासकोमगोड़ा चौक से वैद्यनाथडीह शांतिपुर तक पथ का निर्माण कार्य, जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बाबनीडीह चौक से लेकर किस्कु के घर से होते हुए निवारण मुर्मू के घर तक पथ का निर्माण कार्य, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत खैरबनी आखाडा से फैक्ट्री तक पथ का निर्माण कार्य, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत एनएच 33, बागेश्वर मंदिर से कालाझोर, छिटकीबासा होतु हुए टैगरागोड़ा कैनाल तक पथ का निर्माण कार्य, जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत सारजमदा पुलिया से नाला किनारे होते हुए राहरगोड़ा जयश्री इंटरप्राइजेज के आगे मोड़ तक, लाल किस्कु के घर ट्रांसफॉर्मर के पास से डीवीसी चहारदीवारी होते हुए डीवीसी मेन गेट तक एवं लक्खा सिंह के घर से राहरगोड़ा नाला तक पथ का निर्माण, जमशेदपुर प्रखंड के खकड़ीपाड़ा पंचायत अंतर्गत बड़ा गोविन्दपुर कैनल के सामने से जाहेरस्थान होते हुए बिना पानी स्कूल तक सड़क का निर्माण, जमशेदपुर प्रखण्ड के परसुडीह छोटा हनुमान मंदिर से कोचा कुल्ही होते हुए छोलागोड़ा तक एवं हनुमान मंदिर से सुन्दरनगर मुख्य सड़क तक सड़क का निर्माण, जमशेदपुर प्रखण्ड के गोविन्दपुर रेल्वे फाटक के पास काली मंदिर के सामने से साई मंदिर, छोटा गोविन्दपुर बस्ती होते हुए यशोदा नगर मुख्य गेट तक सड़क का निर्माण,बोड़ाम प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत आंधरझोर में डोमोन रुहिदास के घर से भादुडिह बोड़ाम मुख्य पथ तक सड़क का निर्माण,जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत लुआबासा के ग्राम केशीकुदर में खेदाटाड़ फुटबॉल मैदान से गुरुकुल होते हुए हनुमान मंदिर तक लगभग 1 कलोमीटर सड़क का निर्माण,जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पंश्चिम हलुदबनी में शीतला चौक से सिद्धों- कान्हू चौक होते हुए सुन्दरनगर केनाल तक एवं त्रिवेणी चौक से तारा मंदिर होते हुए सिद्धों कान्हू चौक तक लगभग 01 किमी सड़क का निर्माण, जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पंश्चिम हलुदबनी में प्रथम नगर हड़िया भट्टी से लोकनाथ मंदिर होते हुए उज्ज्वल सुर के दुकान होते हुए टेम्पल रोड से हलुदबनी अंबिका बेनर्जी के घर तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण,जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत पंश्चिम हलुदबनी में हलुदबनी जोवा रोड होते हुए सोनार तोड़ी बिल्डिंग होते हुए उज्ज्वल सुर के दुकान तक लगभग 01 किलोमीटर सड़क का निर्माण,जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत मध्य हलुदबनी में छोटा हनुमान मंदिर से स्वर्णकार पाड़ा होते हुए छोलागोड़ा बिरसा चौक तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण करवाने की बात कही।


सीएम चंपई सोरेन को मांग पत्र सौंपते विधायक मंगल कालिंदी।

# क्लब फुट से पीड़ित बच्चों का मिल कर इलाज करने के लिए एमओयू

- जिला प्रशासन, टीएसएफ और अनुष्का फाउंडेशन ने मिलाया हाथ
- सदर अस्पताल जमशेदपुर में खुलेगा साप्ताहिक क्लब फुट क्लिनिक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की उपस्थिति में जिला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन एवं अनुष्का फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ। एमयूओ पर हस्ताक्षर सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी एवं टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधि तथा अनुष्का फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने किया।

एमओयू के तहत आगामी दिनों में सदर अस्पताल, जमशेदपुर में साप्ताहिक क्लबफुट क्लिनिक का संचालन किया जायेगा। इसके तहत दो साल से कम उम्र के बच्चों को चिन्हित कर उनके माता-पिता और अभिभावकों को उपचार संबंधित सभी जानकारी दी जायेगी और समुचित इलाज किया जायेगा।

इस मौके पर डीसी अनन्य मित्तल ने कहा कि बच्चों में क्लबफुट रोग को जल्दी डिटेक्ट करते हुए उपचार किया जाए, इस दिशा में कार्य करने के लिए जिला प्रशासन और टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच एमओयू किया गया है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आज भी क्लबफुट रोग और उसके उपचार के बारे में प्रयाप्त जानकारी नहीं है। इस पहल के माध्यम से वैसे लोगों के बीच में जागरूकता फैला कर इस रोग से संबंधित जरूरी इलाज उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

क्लब फुट रोग कुछ बच्चों में जन्मजात रूप से पाया जाता है जिसमे बच्चों का पैर टेड़ा रहता है। इस रोग का उपचार संभव है, इस प्रक्रिया में पांच से सात सप्ताह तक प्लास्टर लगता है। गंभीर स्थिति में ही ऑपरेशन करना पड़ता है। इसके बाद बच्चों के पैरों की विकृति ठीक हो जाती है। जमशेदपुर के सदर अस्पताल में अनुष्का फाउंडेशन द्वारा जल्द इसका इलाज शुरू किया जायेगा।

उक्त मौके पर सिविल सर्जन डॉ जुझार मांझी, टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिनिधि, अनुष्का संस्था के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।



## बिगड़ी जीवनशैली से बढ़े किडनी रोग के मरीज : डॉ वाहिद खान

- ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल में वर्ल्ड किडनी डे पर जागरुकता कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर में किडनी हेल्थ के महत्व को समझाने एवं किडनी को स्वस्थ रखने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियां की गई जिसमें किडनी के समस्याओं के लक्षण और उनके उपचार के बारे में जानकारी सत्र, निःशुल्क ब्लड प्रेशर स्क्रीनिंग कैंप, उपयुक्त आहार और जीवन शैली के बारे में सलाह और टिप्स के सत्र एवं किडनी के स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर डिस्प्ले की गयी। कार्यक्रम में क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ एम एल अली, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ मुकेश कुमार और किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ वाहिद खान एवं डॉ सुजीत कुमार उपस्थित थे। डॉ वाहिद खान ने बताया कि वर्तमान समय में किडनी स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण समस्या बन चुकी है। डायबिटिज रोग, हाई ब्लड प्रेशर एवं बिगड़ी हुई जीवन शैली के कारण इसमें तेजी से बढ़ रही है।


वर्ल्ड किडनी डे पर पोस्टर लांच करते बायें से डॉ वाहिद खान, डॉ सुशील कुमार, डॉ एमएल अली और डॉ सुजीत कुमार।

## राजेंद्र विद्यालय में अभिभावकों का हंगामा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ग्यारहवीं के साइंस और कॉमर्स की परीक्षा में बच्चों को फेल किए जाने से नाराज अभिभावकों ने आज राजेंद्र विद्यालय, साकची में जम कर हंगामा किया। अभिभावकों ने कहा कि ग्यारहवीं साइंस में चार सेक्शन हैं जिसमें 50-50 बच्चे हैं। एक सेक्शन में 50 बच्चों में 40 बच्चे फेल कर दिये गये हैं। इसी तरह कॉमर्स में दो बैच हैं इसमें भी 30 बच्चे फेल कर दिए गए हैं। कई बच्चे एक से पांच मार्क्स से फेल किये गये हैं जबकि वे ग्रेस मार्क्स के हकदार हैं। अभिभावकों का हंगामा देख वहां पुलिस पहुंची और काफी मेहनत से अभिभावकों का गुस्सा शांत किया।

एक बच्चे की मां जयंती का आरोप था कि एक टीचर खुद कोचिंग कराती हैं और जो बच्चा उनके पास नहीं पढ़ता, उसे फेल कर देती हैं। एक अन्य महिला अभिभावक का कहना था कि उनका बच्चा आज तक पढ़ाई में फेल नहीं था किंतु इस बार फेल कर दिया गया है। उनका आरोप था कि प्राचार्या अभिभावकों को मिलने का समय नहीं देती। दिन अच्छा रहा, उनसे भेंट हो भी गयी तो वे दुर्व्यवहार करती हैं। दूसरी ओर, प्राचार्या जयंती सिंह का कहना है कि जो बच्चे फेल हुए हैं उसमें स्कूल प्रबंधन का कोई दोष नहीं है। सरकारी नियम के तहत 8वीं कक्षा तक के बच्चों को फेल करने का प्रावधान नहीं है। किंतु उसके बाद बच्चों को पास होने के लिए संबंधित पेपर में 33 प्रतिशत मार्क्स लाना आवश्यक है।


प्राचार्या से बहस करते अभिभावक।

## रामनवमी में विजय बजरंग बबुआ अखाड़ा से धूमधाम से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो के नदी किनारे स्थित विजय बजरंग बबुआ अखाड़ा के पदाधिकारियों की बैठक लाइसेंसी अशोक सिंह की अध्यक्षता में अखाड़ा प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में सामूहिक निर्णय लिया गया कि आगामी रामनवमी पर विजय बजरंग बबुआ अखाड़ा भव्य शोभा यात्रा निकालेगी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की खुशी में विजय बजरंग बबुआ अखाड़ा बंगाल के चंदन नगर से आये कारीगरों से पूरे डिमना रोड में विद्युत सज्जा करायेगी। अखाड़ा के संरक्षक भाजपा नेता विकास सिंह ने बताया कि दक्षिण भारत के चेन्नई से 12 फीट की हनुमान जी की झांकी के साथ सभी देवी देवताओं की चलंत झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। बंगाल के मिदनापुर से आये कलाकारों के द्वारा कुई नाच एवं शिव तांडव नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी। झारखंड के रामगढ़ से ताशा और डंका बजाने वाले 51 कलाकारों की टोली को आरक्षित किया गया है।



## स्वदेशी मेले में उमड़ने लगे ग्राहक बच्चों ने मंच पर दिखायी प्रतिभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को स्वदेशी मेले का मुख्य आकर्षण बना बच्चों के लिए महापुरुषों की वेश भूषा प्रतियोगिता एवं बबला द्वारा सांस्कृतिक संध्या में गीत का आयोजन रहा। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों ने भगत सिंह, महात्मा गांधी , भीम राव अम्बेडकर, भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, बिरसा मुंडा जैसे महान हस्तियों का वेश बना कर उनके बोले हुए बोल को दुहराया। इस प्रतियोगिता में संचालन विजया लक्ष्मी जी ने किया और बतौर जज समाज सेवी अभिषेक बजाज और मंच की जिला संयोजिका राजपति जी रही। प्रतियोगिता का परिणाम मेला के समापन समारोह में पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र दे कर दिया जायेगा। आज के सांस्कृतिक संध्या के सम्मानित अतिथि मारवाड़ी संस्था के झारखंड प्रान्त के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रींगसिया जी एवं तुलसी भवन के सचिव संजय तिवारी जी रहे। सर्वप्रथम उनका अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह दे कर मेला संयोजक अशोक गोयल और मेला सह संयोजक अमित मिश्रा ने स्वागत किया गया।

## जमशेदपुर से दौड़कर अयोध्या जा रहे धावकों का हजारीबाग में अभिनंदन

- विधायक मनीष जासवाल के पुत्र सहित कई खेल संस्थाओं ने किया उत्साहवर्धन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर से अयोध्या श्रीराम मन्दिर दर्शन के लिए निकले शहर के धावकों का हजारीबाग पहुंचने पर गर्मजोशी से अभिनंदन हुआ। जमशेदपुर के सिदगोड़ा निवासी युवा धावक सन्नी तिवारी, विशाल तिवारी और अमन कुमार सिंह के इस जागरूकता दौड़ में उनके तीन मित्र क्रमशः अनुराग कुमार, पीयूष सोनी और मनीष कुमार झा सहयोगी की भूमिका में पूरे यात्रा में साथ चलेंगे। अयोध्या में बने भव्य श्रीराम मंदिर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित यूपी सरकार के प्रति आभार जताने और देशभर के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जमशेदपुर के तीन युवा धावक दौड़कर 820 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने निकले हैं वहां वे अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन करेंगे।

गुरुवार को सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह के आग्रह पर हजारीबाग पहुंचने पर विधायक सह भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के सुपुत्र करण जायसवाल ने अपनी संस्था यूथ विंग के तत्वावधान में शहर के धावकों एवं उनके सहयोगी टीम का अभिनंदन कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान धावकों को फूल माला से सम्मानित किया गया और उनके भोजन एवं विश्राम का प्रबंध किया।मौके पर कई अन्य संगठनों ने भी धावकों का सम्मान किया।

इस दौरान हजारीबाग यूथ विंग एवं खोखो कमिटी के अध्यक्ष करण जैसवाल, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मिकी, हिंदू प्रचारक अमन कुमार, हजारीबाग जिला खोखो कमिटी के उपाध्यक्ष कुणाल कुमार साहित अन्य मौजूद थे। धावकों का उत्साहवर्धन के लिए सनातन उत्सव समिति के संस्थापक चिंटू सिंह ने भाजपा विधायक मनीष जैसवाल एवं उनके सहयोगियों के प्रति आभार जताया है।


युवा धावकों का अभिनंदन करते अतिथि।

## एक नजर में

### 93 करोड़ लागत वाली जलापूर्ति योजना का भूमिपूजन



**चांडिल।** गुरुवार को चांडिल के धुनाबुरु में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि धुनाबुरु एवं आसन्न ग्रामों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निर्माण 92 करोड़ 83 लाख रुपये की लागत से किया जायेगा। इससे चांडिल प्रखंड की 6 एवं ईचागढ़ की 5 पंचायत के 71 गांवों को जलापूर्ति होगी। उन्होंने संवेदक को निर्माण कार्य ससमय व गुणवत्ता पूर्ण करने को कहा। मौके पर जिप सदस्य सविता मार्डी, दिनबंधु सिंग पातर, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, पशुपति बागची, बुद्धेश्वर महतो, भदरू सिंग मुंडा, लंबोदर महतो उपस्थित थे।

### सामर्थ्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने गिफ्ट किया पानी घर



**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट ने धातकीडीह, बिष्टुपुर स्थित राजकीय ठक्कर बापा मध्य विद्यालय में पानी घर की स्थापना की। साथ ही हैंड वॉश यूनिट एवं बरामदे में दीवार का निर्माण भी कराया। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा कि पिछले साल इस स्कूल में हमारी टीम पौधारोपण के लिए आयी थी उस समय प्राचार्य ने विशेष आग्रह किया था जो पदाधिकारी परिणीता जायसवाल के सहयोग एवं देखरेख में संपन्न हुआ। परिणीता ने कहा कि मातृ स्नेह में यह, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए समर्पित है। मौके पर अध्यक्ष पल्लवी दीप, पदाधिकारी परिणीता जायसवाल, प्रधानाध्यापक पंकज कुमार, क्लस्टर रिसोर्स पर्सन राजेश कर्मकार, शिक्षिका कुमारी अनिता, कर्मचारी पार्वती देवी उपस्थित थे।

### संध्या सम्मेलनी के शिविर में 50 यूनिट रक्तदान




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा स्थित (नियर रंकिनी मंदिर) सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाये रखने में इस क्षेत्र की सबसे पुरानी एवं अग्रणी संस्था संध्या सम्मेलनी ने क्लब प्रांगण में इस वर्ष पहली बार गुरुवार को रक्तदान शिविर जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से पूर्वाह्न 9 से अपराह्न 2 बजे तक लगाया गया। इसमें न केवल क्लब के सदस्य बल्कि आसपास के युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। आयोजन समिति रक्तदाताओं को क्लब की ओर से प्रमाण-पत्र और उपहार देकर सम्मानित की। मुख्य अतिथि संध्या सम्मेलनी के अध्यक्ष ने पूर्वाह्न 9 बजे संस्था परिसर पहुंच अन्य सहयोगियों के साथ शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने रक्तदान की महत्ता, आवश्यकता और लाभ पर प्रकाश डालते हुए रक्तदान के लिए प्रेरित किया। दोपहर 1 बजे तक 50 यूनिट रक्त संग्रह किया जा चुका था। अंत में संध्या सम्मेलनी के सचिव ने सहयोगी संस्था ब्लड बैंक और संस्था के सदस्यों का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसे सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष दिलीप दास, सचिव देवाशीष मुखर्जी, कोषाध्यक्ष संदीप चैटर्जी, सह सभापति सोमनाथ पाल, कार्यकारिणी सदस्य मनोतोष चक्रवर्ती, श्यामा प्रसाद सेन, अरुण विश्वास, प्रणब नाहा, विधान चंद्र महतो, हिमांशु मंडल, गोपाल चंद्र धर, बालक प्रसन्न नाग का योगदान रहा।

### मध्य विद्यालय करणडीह में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



**जमशेदपुर।** गुरुवार को संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय करनडीह अंतर्गत आने वाले सभी मध्य विद्यालयों में 6 से 8 वर्ग तक पढ़ने वाले बच्चों के लिए राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी, जिसमें पांच मध्य विद्यालय ने भाग लिया। राज्य संपोषित हाई स्कूल करनडीह के बच्चों ने खगोलीय उपलब्धि में वर्षा जल संचय कैसे होता है के बारे में प्रोजेक्ट के माध्यम से दर्शाया। मवि करनडीह के बच्चों ने सौरमंडल सूर्य और उसकी परिक्रमा करते ग्रह ,शुद्र ग्रह पृथ्वी धूमकेतु से बने प्रोजेक्ट बच्चों ने दिखाये। परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के बच्चे श्रेया यदुवंशी ने उत्कृष्ट मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने एक अंधे व्यक्ति के लिए ऐसा उपकरण बनाया, जिससे कि वह पता चल सके कि आगे क्या है? कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह तथा संचालन बृजेश कुमार राय ने किया। मौके पर राजेश ओझा, बृजेश राय, दुर्गा शंकर, संजय कुमार, नवीन सोरेन, दिव्या जगरानी लकड़ा, शिव हांसदा, मालती हेंब्रम, मीनाक्षी मुर्मू, लुसी जयंती मौजूद रहे।

### एनटीटीएफ में आयोजित सुरक्षा सप्ताह का समापन



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनिकी शिक्षा संस्थान परिसर में विगत दिनों पहले सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया था, जिसमें आग से जीवन की सुरक्षा विषय पर चर्चा और प्रायोगिक प्रदर्शन हुआ। विगत 07 मार्च 2024 से संस्थान में सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया था जिसका समापन गुरुवार को हुआ। मुख्य अतिथि टाटा मोटर के मैनेजर एवं सेफ्टी एक्सीलेंस सेंटर से सुधेसना लोड मौजूद रही। अधिकारी ने कहा कि यह सामाजिक दायित्व नहीं व्यक्तिगत सुरक्षा और राष्ट्र सुरक्षा से जुड़ा विषय है। उन्होंने संस्थान का निरीक्षण भी किया। मौके पर मृणमोय महतो ने उनका स्वागत किया, जबकि प्राचार्य प्रीता जॉन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उपप्राचार्य रमेश राय, एन शिव प्रसाद, मृण्मय महतो, निरंजन कुमार, नकुल कुमार, वरुण कुमार मौजूद थे। सुरक्षा सप्ताह में स्पीच, निबंध, क्विज व अन्य प्रतियोगिता भी हुई। स्पीच प्रतियोगिता में मेकाट्रॉनिक्स की कशिश कुमारी और इलेक्ट्रॉनिक्स की श्रेया सिन्हा अव्वल रहे।

# पलामू लोकसभा सीट से कांग्रेस हर हाल मे लड़ेगी चुनाव

## गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक मे लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी की अध्यक्षता में गुरुवार को पार्टी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई।

गढ़वा जिला कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की आयोजित इस बैठक में पलामू लोकसभा चुनाव लड़ने एवं तैयारी पर चर्चा की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पलामू लोकसभा सीट से चुनाव कांग्रेस के सिंबल पर लड़ने का निर्णय लिया गया। साथ ही इससे संबंधित एक प्रस्ताव जिला प्रभारी के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व को भेज दिया गया।


बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष।

मौके पर गढ़वा जिला कांग्रेस प्रभारी सत्यनारायण सिंह ने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव हर हाल में कांग्रेस पार्टी लड़ेगी। यह चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेंगे और जीतेंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। सभी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी शुरू कर दें। जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर हमारे सभी कार्यकर्ता तैयार हैं। सभी लोग लगातार गांव, पंचायत और बूथ तक जा रहे हैं। इस बार पलामू लोकसभा सीट इंडिया गठबंधन की झोली में जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी धनंजय तिवारी, प्रदेश सचिव श्रीकांत तिवारी, नेता सुरेन्द्र नाथ तिवारी, अलख निरंजन चौबे, रामवृक्ष यादव, शिव प्रसाद गुप्ता, शैलेश चौबे, अल्पसंख्यक अध्यक्ष जफर इकबाल, सुशील कुमार चौबे, ओम प्रकाश चौबे, दिवाकर चौबे, अशरफ अंसारी, मानिक राम, मोसाहिद हुसैन, मोती राम, शैलेंद्र प्रताप देव, ब्रिजेंद्र चौधरी, रोहित पांडेय, कयाम अंसारी, सुनील कालिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गढ़वा प्रखण्ड अध्यक्ष उगेन्द्र नाथ चौबे ने किया।

## मधुमक्खी के डंक से वृद्ध घायल

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बुका टोला निवासी 65 वर्षीय रिझन राम गुरुवार को मधुमक्खी के डंक से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना के बारे में वृद्ध रिझन राम ने बताया कि घर के पास चापानल के पास स्नान करने गया था कि अचानक से मधुमक्खी के झुंड ने हमला कर दिया। किसी प्रकार बचते बचाते घर के अंदर गया। काफी मधुमक्खियों के काटने से शरीर के कई अंग में सूजन हो गया है।

## बिजली के करंट से महिला घायल

**मझिआंव।** हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी संजय शर्मा की 30 वषीर्या पत्नी सुनीता देवी बिजली की करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई। करंट लगने के बाद परिजनों ने कांडी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव रेफर कर दिया। जहां पर उपस्थित डॉ शमशेर सिंह के द्वारा इलाज किया गया। इस संबंध में डॉ शमशेर सिंह ने बताया कि महिला का स्थिति ठीक है और इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सिंचाई के लिए सुनीता देवी घर में ही लगे समरसेबल चलाने गई थी इस दौरान बिजली की चपेट में आ गई और घायल हो गई।

## विधायक ने मृतक की पत्नी को दिया चार लाख का चेक


चेक प्रदान करते विधायक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** विधायक भानु प्रताप शाही ने थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाखोरेया गांव के केतमा गांव निवासी स्व. इंद्रदेव सिंह खरवार की पत्नी कुंवर शिवाला देवी को चार लाख का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि जंगली हाथियों के झुंड ने कुछ माह पहले इंद्रदेव सिंह को कुचल कर मार डाला था। जिसके बाद विधायक ने परिजनों के घर पहुंचकर वन विभाग से सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाने की बात कही थी। मौके पर अम्बाखोरेया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण कुमार सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, रेंजर प्रमोद कुमार यादव आदि लोग मौजूद थे।

## मां करतल शक्ति पीठ मांडर महारानी मंदिर में बाहरी गर्भगृह की ढलाई का कार्य प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंडरिया गांव स्थित मां करतल शक्ति पीठ मांडर महारानी मंदिर अधौरा में बाहरी गर्भगृह का ढलाई का कार्य गुरुवार को प्रारंभ किया गया। जिसमें चपरी, सराइया, पंडरिया, अधौरा, बेलपहाडी, धनीमंडरा तथा सिंघीताली के धर्म सज्जन एवं माता बहन ने ढलाई में श्रमदान किया। ढलाई कार्य में उपस्थित मांडर महारानी मंदिर के अध्यक्ष रामनाथ साह, उपाध्यक्ष रामप्रसाद सिंह, सचिव भानु गुप्ता, कोषाध्यक्ष नागेन्द्र यादव, संयोजक उमेश्वर साह, महावीर साह, नागेन्द्र बैठा, मनोज यादव, राकेश कुमार गुप्ता, शोभनाथ मेहता, सितेश साह, फूलचंद राम, फूदन सिंह, महेंद्र सिंह, चनरदीप साह, पारस नाथ साह, राम प्यारे साह सहित ग्रामीण ने श्रम दान में सहयोग किया। बताते चले कि वर्षो से इस मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ है, जिसमे साउथ के कारीगरों द्वारा इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर में लोग दूर दूर से आकर अपनी मनते मांगने पहुंचते है और जो भी भक्त सच्चे मन से अपनी मन्नते मांगते है उनकी पूरी होती है।


मांडर महारानी मंदिर।

## सारण : इनामी अपराधी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**छपरा।** बिहार में सारण जिला पुलिस ने पचास हजार रुपए के इनामी अपराधी को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला ने गुरुवार को बताया कि रसूलपुर थाना कांड संख्या 171/23 दिनांक 26.06.2023 धारा 386/387/307/34 भादवि और 27 आर्म्स एक्ट के आरोपी सिवान जिले के एम.एच.नगर थाना क्षेत्र के डिब्बी गांव निवासी अपराधी अपराधी चंदन सिंह को गुप्त सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला के हरीनगर वार्ड नंबर 59 मकान नंबर 03/558 से गिरफ्तार किया गया है।

## नदियों के अधिशेष जल को शुद्ध कर पेयजल के रूप में उपलब्ध कराने की योजना पर होगा काम : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि भविष्य में जनसंख्या वृद्धि और भूगर्भ जल के स्तर में हो रही गिरावट को देखते हुए विभिन्न नदियों के अधिशेष जल का बरसात में भंडारण कर उसे शुद्ध पेयजल के रूप में उपलब्ध कराए जाने की योजना पर काम किया जाएगा। श्री कुमार ने गुरुवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में उनके समक्ष जल संसाधन विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा खेल विभाग द्वारा प्रस्तुतीकरण बैठक में कहा कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि जल-जीवन-हरियाली का मतलब है जल और हरियाली है तभी सभी का जीवन सुरक्षित है।

## ट्रांसफॉर्मर विस्फोट में घायल मुंशी की मौत

**पटना।** बिहार में पटना व्यवहार न्यायालय के गेट नंबर एक पर ट्रांसफर्मर में आग लगने के बाद हुए विस्फोट में घायल मुंशी की गुरुवार को मौत होने से इस घटना में मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई और इसके बाद अदालत के वकील अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हादसे में घायल हुए एक मुंशी प्रकाश कुमार की इलाज के दौरान आज पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल (पीएमसीएच) में मौत हो गई है। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या दो हो गई। मुंशी प्रकाश कुमार पटना जिले के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र निवासी लालबाबू पासवान के पुत्र थे और पटना व्यवहार न्यायालय में अधिवक्ता लिपिक का काम करते थे। हादसे में घायल एक अन्य अधिवक्ता हरिनारायण गुप्ता एवं अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। गौरतलब है कि बुधवार को इस दुर्घटना में एक दिव्यांग अधिवक्ता देवेंद्र प्रसाद, जो नोटरी का काम करते थे की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## सुपौल में 25 हजार रुपए का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के जदिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने गुरूवार को 25 हजार रुपए के इनामी कुख्यात अपराधी मोहम्मद अजीम उर्फ अजीमा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने यहां बताया कि फुलकाहा-बिशनपुर गांव के सीमा क्षेत्र से मोहम्मद अजीम उर्फ अजीमा को गिरफ्तार कर उसके पास एक लोडेड देसी पिस्तौल बरामद की है। गिरफ्तार अपराधी पर मधेपुरा एवं सुपौल जिले के विभिन्न थानों में 08 आपाराधिक मामले दर्ज हैं।

## 05 फर्जी शिक्षकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के विभिन्न विद्यालयों में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे पांच शिक्षकों के विरूद्ध निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ,पटना ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना के पुलिस उपाधीक्षक सह समस्तीपुर जिला शिक्षक नियोजन के सहायक जांचकर्ता गौतम कृष्ण ने जिले के कल्याणपुर एवं वारिसनगर थाना में फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज कराई गई प्राथमिकी मे पुलिस उपाधीक्षक गौतम कृष्ण ने कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश पर शिक्षक नियोजन ईकाई की जांच की गई, जिसमें इन शिक्षकों का प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया।

## पत्नी की चाकू मारकर हत्या, पिता-पुत्री घायल

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि चपरेठी गांव निवासी बिट्टू कुमार बुधवार की देर रात को अपने घर पहुंचा। किसी बात को लेकर बिट्टू का पत्नी रम्भा देवी के साथ विवाद हो गया। इसके बाद बिट्टू कुमार ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी।

## सारण में मजदूर का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक मजदूर का शव बरामद किया। गुरूवार को यहां बताया कि मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में एक कमरे से एक मजदूर का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान उत्तरप्रदेश के गोंडा जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र के कुरी हटा गांव निवासी पवन कुमार गोस्वामी के पुत्र विजय कुमार गोस्वामी (28) के रूप में की गयी है।

## सारण में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को यहां बताया कि छतर छपरा गांव निवासी धनु राय (28) अपने घर मोटरसाइकिल से लौट रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित वाहन ने मोटरसाइकिल सवार को रौंद दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन दुर्घटना में घायल धनु राय को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे, इसी दौरान उसकी मौत हो गयी।

## मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 2901 आयुष चिकित्सकों तथा 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र सौंपा

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दिया। सीएम नीतीश ने अनीता कुमारी, अफसाना बेगम, यशवंत कुमार, श्वेता रंजन, हरिशंकर चौबे, डॉ भारती कुमारी, उदय कुमार मिश्रा, बबीता कुमारी, संगीता कुमारी, प्रवीण कुमार, स्मृता श्री, अब्दुल कलाम, बुशरा हयात और राहत जहां को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सहायक अभियंता नीरज कुमार, अमित कुमार, निवेदिता भारती, संगीता रानी सिन्हा एवं विकास कुमार गुप्ता को भी सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तथा नगर एवं आवास विभाग के मंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों एवं सहायक अभियंताओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 2901 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।




## हथियार व कारतुस के साथ 6 अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के केसरिया थानाक्षेत्र के राजपुर कोठी चौक से पुलिस 6 अपराधियो को हथियार कारतुस व चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है।बताया गया पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति हथियार से लैश होकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने हेतु एकत्रित हुए है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने सघन छापमारी कर राजपुर कोठी चौक से छः अपराधी को आग्नेयास्त्र, कारतूस एवं चोरी के मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियो में विकास कुमार, थाना-रघुनाथपुर, यश सिंह, थाना केसरिया, कुन्दन कुमार, थाना-केसरिया, जिला-पूर्वी चम्पारण व भोला कुमार, थाना-साहेबगंज, गोलू कुमार, थाना-साहेबगंज, सुमन कुमार, थाना-साहेबगंज, जिला-मुजफ्फरपुर शामिल है। इनके पास से एक देशी कट्टा चार कारतुस,चार बाईक व तीन मोबाइल बरामद किये गये है।

## अग्निवीर में भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवेदन तिथी 22 मार्च तक

एजेंसी

**कटिहार।** सेना भर्ती कार्यालय कटिहार अंतर्गत बिहार के 12 जिला अररिया, बांका, बेगुसराय, भागलपुर, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, मधेपुरा, मुंगेर, पूर्णिया, सहरसा और सुपौल के इच्छुक युवाओं व युवतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु पंजीकरण प्रक्रिया 22 मार्च तक चलेगा तथा 22 अप्रैल 2024 को ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा निर्धारित है। जिसमें सेना में भर्ती के चाह रखने वाले युवक व युवतियां अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर कार्यालय सहायक/स्टोर कीपर तकनीकी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं, अग्निवीर महिला सैन्य पुलिस, नर्सिंग सहायता (एनए) और सिपाही फार्मा श्रेणियों के पद हेतु लिए अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों भारतीय सेना के वेबसाइट पर लॉगइन कर आनलाईन पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अग्निवीर भार्ती में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों के लिए बोनस अंक की भी सुविधा की गई है। जिस आवेदनकर्ता के पास आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक डिप्लोमा, एनसीसी सर्टिफिकेट एवं स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट है वैसे उम्मीदवार के लिए बोनस अंक का भी व्यवस्था है। इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा किए जा रहे आनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया में उत्पन्न समस्याओं के निदान व अभ्यर्थियों के सहायता के मद्देनजर सेना भर्ती कार्यालय में हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा जहां अभ्यर्थी समस्याओं के निदान हेतु कार्यालय अवधि में पुर्वाहन 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक सम्पर्क कर ऑनलाइन पंजीकरण में उत्पन्न समस्याओं के संबंध में सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

## विधान परिषद चुनाव : नीतीश और राबड़ी समेत 11 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधान परिषद चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी समेत 11 प्रत्याशी गुरुवार को निर्विरोध चुन लिए गए। विधानसभा सचिव एवं रिटर्निंग ऑफिसर राज कुमार ने गुरुवार को नामांकन वापस लेने का समय समाप्त होने के बाद सभी 11 उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र सौंपा। श्री नीतीश कुमार राज्यसभा सांसद संजय झा, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ. ललन सिंह और कई अन्य लोगों के साथ व्यक्तिगत रूप से विधानसभा सचिव से मिले और प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। हालांकि श्रीमती राबड़ी देवी ने अपने करीबी भोला झा को प्रमाण-पत्र लेने के लिए भेजा था। नीतीश कुमार और राबड़ी देवी के अलावा निर्विरोध चुने जाने वालों प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंगल पांडे, अनामिका सिंह पटेल और लाल मोहन गुप्ता, जदयू के खालिद अनवर, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संतोष मांझी, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अब्दुल बारी सिद्दीकी, फैसल अली और उर्मिला ठाकुर तथा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) की शशि यादव शामिल हैं।




### कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची।

लोक सभा (आम) निर्वाचन 2024

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के प्रथम चरण (1st Phase) का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित है:–

प्रशिक्षण स्थल :– राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची

प्रशिक्षण कार्यक्रम

| Training Date | Shift | Time | Pin Number |
|---|---|---|---|
| 18 March 2024 (Monday) | 1st | 10.30 AM to 12.30 PM | 340100002 to 340100923 |
| | 2nd | 01.00 PM to 03.00 PM | 340100924 to 340101872 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340101874 to 340102840 |
| 19 March 2024 (Tuesday) | 1st | 10.30 AM to 12.30 PM | 340102841 to 340103769 |
| | 2nd | 01.00 PM to 03.00 PM | 340103771 to 340104668 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340104669 to 340105570 |
| 20 March 2024 (Wednesday) | 1st | 10.30 AM to 12.30 PM | 340105572 to 340106589 |
| | 2nd | 01.00 PM to 03.00 PM | 340106591 to 340107607 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340107609 to 340108562 |
| 21 March 2024 (Thursday) | 1st | 10.30 AM to 12.30 PM | 340108563 to 340109494 |
| | 2nd | 01.00 PM to 03.00 PM | 340109495 to 340110369 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340110370 to 340111518 |
| 22 March 2024 (Friday) | 1st | 10.30 AM to 12.30 PM | 340111519 to 340112518 |
| | 2nd | 01.00 PM to 03.00 PM | 340112519 to 340113514 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340113515 to 340114492 |
| 23 March 2024 (Saturday) | 1st | 10.30 AM to 12.30 PM | 340114493 to 340115447 |
| | 2nd | 01.00 PM to 03.00 PM | 340115448 to 340116413 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340116415 to 340117390 |
| 24 March 2024 (Sunday) | 1st | 10.30 AM to 12.30 PM | 340117392 to 340118383 |
| | 2nd | 01.00 PM to 03.00 PM | 340118384 to 340119323 |
| | 3rd | 03.30 PM to 05.30 PM | 340119324 to 340120436 |

नोट:–

1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची (सी0आई0पी0 काँके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी (Presiding Officer)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारी (1st Polling Officer)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी (2nd Polling Officer)/सभी तृतीय मतदान पदाधिकारी (3rd Polling Officer) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के विरुद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, राँची।

PR 322606 Ranchi(23-24)D



### कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

– :: आम सूचना ::–

एतद् द्वारा हजारीबाग जिला क्षेत्रान्तर्गत सदर/दारू/कटकमसांडी/कटकमदाग/चुरचू/डाड़ी/बड़कागाँव/केरेडारी/विष्णुगढ/टाटीझारिया/ईचाक/बरही/पदमा/बरकट्ठा/चलकुशा एवं चौपारण प्रखण्ड के आमजनों को सूचित किया जाता है कि गर्मी को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के स्तर पर नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दुरभाष सं0– 06546–262291 पर नलकूप मरम्मति/ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं से संबंधित शिकायतों को प्राप्त किया जायेगा। जिसके नोडल पदाधिकारी श्री रक्षित कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल पदाधिकारी संख्या–1, हजारीबाग एवं उनके अधीनस्थ सदस्यों के रूप में श्री फेकन राम, आंशुलिपिक, श्री उपेन्द्र कुमार एवं श्री विजय कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक तथा मो0 पिंकी देवी एवं श्री संतोश कुमार, अनुसेवक नियंत्रण कक्ष में रहेंगे। वर्णित दूरभाष पर उक्त क्षेत्र के ग्रामीण जनता नलकूप मरम्मति/ ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजनाओं में त्रुटि के निराकरण हेतु कार्य अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत प्राप्त होने पर उसके निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

पेयजलापूर्ति संबंधित शिकायत को निराकरण हेतु प्रखण्डों में पदस्थापित सहायक अभियन्ता/कनीय अभियन्ता का नाम एवं मोबाईल नं0 निम्नांकित है, जिनसे पेयजलापूर्ति की समस्या के समाधान हेतु उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | अवर प्रमण्डल पदाधिकारी का नाम/मोबाईल नं0 | कार्यरत कनीय अभियन्ता का नाम/मोबाईल नं0 | आवंटित प्रखण्ड | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रक्षित कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता अपर प्रमण्डल सं0–01, हजारीबाग मो0–8651694007 | श्री विजय प्रसाद, प्रशाखा– कटकमसांडी, ह0बाग मो0 नं0–9304933309 | कटकमसांडी एवं कटकमदाग | |
| | | श्री अरूण कुमार प्रशाखा – सदर, हजारीबाग। मो0 नं0–7295921997 | प्रखण्ड–सदर एवं दारू | |
| | | श्री दिनेश एक्का प्रशाखा–विष्णुगढ़ मो0 नं0–8084495895 | प्रखण्ड– चुरचू एवं डाडी, | |
| 2 | श्री चन्द्रिका राम, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं0–02, हजारीबाग मो0–8789356527 | श्री अरूण कुमार प्रशाखा–ईचाक मो0 नं0–7295921997 | प्रखण्ड– ईचाक | |
| | | श्री प्रदीप तिर्की प्रशाखा–बड़कागाँव, मो0 नं0–7856880117 | प्रखण्ड–बड़कागाँव, केरेडारी, | |
| | | श्री दिनेश एक्का प्रशाखा–विष्णुगढ़ मो0 नं0–8084495895 | विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया | |
| 3 | श्री निखिल कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल बरही, हजारीबाग मो–8076635024 | श्री अरूण कुमार प्रशाखा–बरकट्ठा, मो0 नं0–7295921997 | प्रखण्ड– बरकट्ठा एवं चलकुशा | |
| | | श्री विमल कुमार प्रशाखा–बरही मो0 नं0– 7739042466 | प्रखण्ड–बरही, चौपारण एवं पदमा | |

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR.NO.322621 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 40/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 22.03.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 23.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 23.03.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of New Meeting Hall & Store Room in District Animal Husbandary Office at Hazaribag | 2273700/- | 46000/- | 5000/- | 06 माह |
| 2 | Renovation of District Animal Husbandary Office at Hazaribag | 1690000/- | 34000/- | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 322580 Building (23-24)_D

स्पीड न्यूज

## ममता बनर्जी को सिर में लगी गंभीर चोट अस्पताल में हुयी भर्ती



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक बार फिर गंभीर चोट आई है। गुरुवार को अचानक वह गिर गईं, जिसके बाद उनके माथे (ललाट) पर कट लग गया। तृणमूल कांग्रेस ने उनकी घायलावस्था में फोटो जारी की, जिसमें अस्पताल के बेड पर ममता बनर्जी लेटी हुई हैं और उनके सिर से खून की एक धार गिरकर सूख गई है। पार्टी के सूत्रों ने बताया है कि घर पर ट्रेड मिल पर वॉक करते समय वह अचानक गिर गई हैं, जिसकी वजह से उन्हें चोट लगी है। सीएम को कोलकाता के राजकीय एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटिल अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** देश की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभाताई पाटिल की तबीयत बिगड़ गई है। वह बुखार और सीने में संक्रमण से पीड़ित हैं। फिलहाल प्रतिभा पाटिल की तबीयत में सुधार हो रहा है। डॉक्टरों ने गुरुवार को बताया कि प्रतिभा पाटिल (89साल) की तबीयत पिछले कई दिनों से खराब चल रही थी। बुधवार को देर रात उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने से उन्हें पुणे के भारती अस्पताल में भती कराया गया है।

## पंजाब में आप ने पांच मंत्रियों को दिया टिकट

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी ने गुरुवार को लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब से आठ उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की।सूची में पांच कैबिनेट मंत्रियों समेत दो विधायक शामिल है। अमृतसर से मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब लोकसभा से कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, जालंधर से सांसद सुशील रिंकू, फतेहगढ़ साहब से गुरप्रीत सिंह जीपी, फरीदकोट से गायक एवं अदाकार करमजीत अनमोल, बठिंडा से मंत्री गुरमीत सिंह खुड़िया, संगरूर से मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर और पटियाला से मंत्री बलवीर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है।

## जल्द फिर भाजपा में शामिल होंगे :अर्जुन



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बैरकपुर से लोकसभा सदस्य अर्जुन सिंह ने गुरुवार को कहा कि जल्द भाजपा में फिर शामिल होंगे। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि वह पश्चिम बंगाल में या नई दिल्ली में भाजपा में शामिल होंगे । अर्जुन सिंह 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए थे और बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुने गए थे। लेकिन 2022 में वह फिर से तृणमूल में शामिल हो गए।

## राजस्थान में सस्ता हुआ पेट्रोल-डीजल

**जयपुर।** राजस्थान में शुक्रवार सुबह छह बजे से पेट्रोल और डीजल सस्ते हो जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वैट में दो प्रतिशत कटौती करने की घोषणा की। केबिनेट ने कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वैट में कटौती से पेट्रोल के रेट में एक रुपये 40 पैसे से लेकर पांच रुपये 30 तक रेट कम होंगे। वहीं डीजल के रेट एक रुपये 34 पैसे से लेकर चार रुपए 85 पैसे तक कम होंगे।

## सुधा मूर्ति ने रास सदस्य के रूप में ली शपथ

**नयी दिल्ली।** लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ सुधा मूर्ति इंफोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी हैं।

# अब नया गुल खिलायेगी अपाचे और प्रचंड

## सेना आज जोधपुर में बनायेगी अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की पहली स्क्वाड्रन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अब अमेरिकी अपाचे और स्वदेशी प्रचंड लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जुगल जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी। भारतीय वायु सेना पहले ही स्वदेशी प्रचंड की पहली स्क्वाड्रन जोधपुर में स्थापित कर चुकी है लेकिन अब भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर भी 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का अपना पहला स्क्वाड्रन स्थापित करने जा रही है। इस यूनिट के पहले हेलिकॉप्टर इस साल मई में अमेरिका से आने की उम्मीद है।

भारतीय सेना ने अमेरिका से छह अपाचे हेलिकॉप्टर हासिल करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। भारतीय वायु सेना पहले ही अमेरिकी कंपनी बोइंग के अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों पर भरोसा करती है, इसीलिए वायु सेना ने सितम्बर, 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। वायु सेना ने पठानकोट एयरबेस पर सितम्बर, 2019 में आठ लड़ाकू अपाचे हेलिकॉप्टर तैनात किए हैं। यह शक्तिशाली और भारी हथियार ले जाने में सक्षम होने के बावजूद वजन में भारी होने की वजह से उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में पूरी क्षमता से काम नहीं कर पाते हैं। इसीलिए हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की जरूरत को देखते हुए वायु सेना ने पिछले साल जोधपुर में मल्टी रोल वाले हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर प्रचंड की पहली धनुष स्क्वाड्रन बनाई थी। रक्षा मंत्रालय ने 2017 में 4168 करोड़ रुपये कीमत पर सेना के लिए हथियारों के साथ छह अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी थी। भारतीय सेना की आर्मी एविएशन कोर को इस साल मई में अमेरिका से अपाचे हेलिकॉप्टर मिलने की उम्मीद है लेकिन सेना 15 मार्च को जोधपुर में अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टरों का पहला स्क्वाड्रन स्थापित करेगी। इस स्क्वाड्रन के नाम का खुलासा नहीं किया गया है लेकिन अमेरिका से मिलने वाले पहले बैच के हेलिकॉप्टरों को जोधपुर की इसी स्क्वाड्रन में तैनात किया जायेगा। सेना के लिए अपाचे को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि दुश्मन की किलेबंदी को भेदकर और उसकी सीमा में घुसकर हमला करने में सक्षम है। पाकिस्तानी सीमा पर पश्चिमी सेक्टर के जोधपुर में वायु सेना की स्वदेशी प्रचंड की स्क्वाड्रन और यहीं पर सेना की अपाचे की स्क्वाड्रन मिलकर काम करेगी। दोनों स्क्वाड्रन एक ही जगह पर होने से लड़ाकू अमेरिकी अपाचे और स्वदेशी प्रचंड की जोड़ी आसमान में नया गुल खिलाएगी।



### मुख्य बातें

- पिछले साल ही स्वदेशी प्रचंड की पहली स्क्वाड्रन स्थापित कर चुकी है वायु सेना
- वायु सेना ने पठानकोट एयरबेस पर सितंबर 2019 में 8 अपाचे तैनात किया था

### 550 किलोमीटर में 16 एंटी टैंक मिसाइल दागेगा

अपाचे हेलिकॉप्टर फ्लाइंग रेंज 550 किलोमीटर में 16 एंटी टैंक मिसाइल दागकर उसके परखच्चे उड़ा सकता है। इसे दुश्मन पर बाज की तरह हमला करके सुरक्षित निकल जाने के लिए बनाया गया है। हेलिकॉप्टर के नीचे लगी बंदूकों से 30 एमएम की 1,200 गोलियां एक बार में भरी जा सकती हैं। अपाचे एक बार में 2:45 घंटे तक उड़ान भर सकता है।



## श्रद्धालु ने योगी को दी लकड़ी से निर्मित हनुमान चालीसा

**अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ओडिशा के अरुण कुमार साहू ने गुरुवार को लकड़ी से निर्मित हनुमान चालीसा और मुख्यमंत्री की तस्वीर भेंट की। अरुण अपने हाथ से बनाई गई दोनों वुडेन आर्ट को लेकर अयोध्या पहुंचे थे। इस संबंध में राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अनिल मिश्र ने बताया कि ओडिशा के रामभक्त अरुण खुद मुख्यमंत्री के पास नहीं पहुंच सके थे, इस वजह से उन्होंने बुधवार को ट्रस्ट को ये दोनों वुडेन आर्ट सौंपा था और इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की गुजारिश की थी।**

## किसान होंगे जीएसटी से बाहर, फसल बीमा योजना में करेंगे सुधार : राहुल

एजेंसी

**मुंबई।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को नासिक में कहा कि केंद्र में भारत आघाड़ी की सरकार आने पर किसानों को जीएसटी से बाहर करेंगे और फसल बीमा योजना में सुधार करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली बॉर्डर और रामलीला मैदान पर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार किसानों की मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए गुरुवार को महाराष्ट्र के नासिक में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने 22 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया लेकिन किसानों का एक रुपया भी माफ नहीं किया। जो लोग किसानों की तकलीफों से वाकिफ नहीं, उनकी पीड़ा नहीं समझते, वे किसानों का क्या भला करेंगे? किसानों के भले को लेकर सवाल उठाते हुए सांसद राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार और उसके दरवाजे किसानों और आम लोगों के लिए हमेशा खुले रहेंगे और जब भारत अघाड़ी सरकार आएगी तो किसानों को जीएसटी से बाहर रखा जाएगा और फसल बीमा योजना का पुनर्गठन किया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश में किसानों की समस्या,

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले-मोदी सरकार ने किसानों का एक रुपया भी माफ नहीं किया**




बेरोजगारी, महंगाई, बटाईदारी मूल मुद्दे हैं, लेकिन इन मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाया जा रहा है। फसल बीमा योजना से सिर्फ कंपनियों को फायदा होता है, यह तस्वीर बदलने की जरूरत है कि किसानों को नुकसान होने पर मदद नहीं मिलती, कांग्रेस सरकार आने पर फसल बीमा योजना का पुनर्गठन किया जाएगा। आयात-निर्यात नीति से किसान प्रभावित न हों, इसका ध्यान रखा जाएगा।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि अंगूर, प्याज और कपास जैसी कृषि फसलों को कीमत नहीं मिल रही है। किसान को दो पैसे मिले, इसका स्टैंड लेना चाहिए। किसान संकट में है इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। यूपीए सरकार के दौरान 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर किसानों पर से बोझ उठाया गया था। पवार ने आरोप लगाया कि मौजूदा भाजपा सरकार किसानों के प्रति उदासीन है।

## लुची, मिष्टी दोई की तरह ही रैलियां और सभाएं बंगाल की संस्कृति का हिस्सा :हाई कोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सार्वजनिक रैलियों और बैठकों को मिष्टी दोई, लुची और आलू पोस्तो जैसे व्यंजनों की तरह ही बंगाल की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताते हुए गुरुवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों के एक संगठन को मार्च निकालने की अनुमति दे दी। लुची (मैदा से बनी पूरी), मिष्टी दोई (मीठा दही) और आलू पोस्तो (पोस्ते दानों के साथ पकाया गया आलू) बंगाल के सुप्रसिद्ध व्यंजन हैं। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों के एक वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन, राज्य समन्वय समिति द्वारा गुरुवार को राज्य सचिवालय नबन्ना तक रैली की अनुमति देने वाले एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए निर्देश दिया कि वे सड़क के एक ही तरफ रैली करेंगे और यातायात के संचालन को बाधित नहीं करेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अन्य चीजों के अलावा, मिष्टी दोई, लुची और आलु पोस्तो बंगाल की संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा हैं, इसी तरह ऐसा प्रतीत होता है कि सार्वजनिक रैलियां, बैठकें आदि भी इस संस्कृति का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि हर बंगाली जन्मजात वक्ता होता है और यह संस्कृति और विरासत से भरा राज्य है।

- **चीफ जस्टिस ने राज्य सरकार के कर्मचारियों के एक संगठन को रैली निकालने की दी अनुमति**



## 18 ओटीटी प्लेटफार्म ब्लॉक

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने अश्लील सामग्री दिखाने वाले ओटीटी प्लेटफार्म और वेबसाइट्स के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। गुरुवार को सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ऐसे 18 ओटीटी प्लेटफार्म को ब्लॉक कर दिया। इसके साथ 19 वेबसाइट, 10 ऐप्स (जिसमें गूगल प्ले स्टोर पर 7, एपल एप्स स्टोर पर 3) और इन प्लेटफार्म से जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट भी ब्लॉक किए गए हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ब्लॉक किए गए 18 ओटीटी प्लेटफार्म में ड्रीम्स फिल्म, न्योन एक्स वीआईपी, मूड एक्स, हंटर, रैबिट, प्राइम प्ले शामिल हैं। इसके साथ फेसबुक से 12 अकाउंट, इंस्टाग्राम से 17, ट्वीटर (एक्स) से 16 और यूट्यूब से 12 अकाउंट हटाए गए हैं। यह फैसला केन्द्र सरकार के अन्य मंत्रालयों/विभागों और मीडिया और मनोरंजन, महिला अधिकारों और बाल अधिकारों में विशेषज्ञता वाले डोमेन विशेषज्ञों के परामर्श से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के तहत लिया गया है। उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बार-बार रचनात्मक अभिव्यक्ति की आड़ में अश्लीलता का प्रचार न करने के लिए प्लेटफार्मों की जिम्मेदारी पर जोर दिया है।

**अश्लील सामग्री पर केंद्र सरकार सख्त, 19 वेबसाइट, 10 एप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल पर भी लगाया प्रतिबंध**




## गायत्री प्रजापति के कई ठिकानों पर इडी की रेड

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रेत खनन मामले में यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति के कई ठिकानों पर छापेमारी की। गायत्री प्रजापति की पत्नी महाराजी देवी और बेटा भी घर के अंदर मौजूद थे। छापेमारी के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। सूत्रों ने बताया कि गायत्री प्रजापति के करीबी के यहां भी ये छापेमारी हुई है। बताया जा रहा है कि इसके अलावा लखनऊ में एक महिला के घर पर भी रेड हुई। राजधानी लखनऊ स्थित गायत्री प्रजापति के आवास पर भी ईडी की टीम सुबह से छापेमारी की।

गायत्री के कथित महिला मित्र गुड्डा देवी के घर पर भी ईडी की छापेमारी के बाद कई प्रकार के कयास लगाए जा रहे हैं। सपा सरकार में कैबनेट मंत्री रहे गायत्री प्रसाद प्रजापति की मुश्किलें कम होने का नाम नही ले रही हैं।

## लव सेक्स और धोखा-2 से उर्फी जावेद करेंगी बड़े पर्दे पर डेब्यू


**मुंबई।** लव सेक्स और धोखा-2 से उर्फी जावेद बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। बिग बॉस ओटीटी से ज्यादा पॉपुलर हुई उर्फी इससे पहले एक्टिंग में भी अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं। उर्फी टेलीविजन के कई सीरियल्स में एक आदर्श बहू के किरदार में नजर आ चुकी हैं। यह साफ है कि फिल्म लव सेक्स और धोखा-2 की कहानी उर्फी की पर्सनैलिटी से मेल खाती है। इस फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी करेंगे और एकता कपूर की प्रोडक्शन कंपनी बालाजी टेलीफिल्म्स इसे प्रोड्यूस करेगी। पहले इस फिल्म में तुषार कपूर और मौनी रॉय नजर आने वाले थे लेकिन कहा जाता है कि दोनों ने इसके लिए मना कर दिया। अनुमान



लगाया जा रहा है कि यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। उर्फीइससे पहले ऐ मेरे हमसफर, चंद्र नंदिनी, मेरी दुर्गा, साथ फेरो की हेरा फेरी, बेपना व कई टेलीविजन सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं।


सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय

गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य



जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह
होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद


## नौसेना में शामिल होगा 2600 अग्निवीरों का तीसरा बैच

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना के लिए शुक्रवार का दिन महत्वपूर्ण होने वाला है, क्योंकि ओडिशा के आईएनएस चिल्का में पासिंग आउट परेड के बाद 2600 अग्निवीरों का तीसरा बैच मिल जायेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार इस आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे और वे सूर्यास्त के बाद पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करेंगे। तीसरा बैच मिलने के बाद नौसेना में अग्निवीरों की संख्या 7,400 हो जाएगी। कमांडर विवेक मधवाल ने बताया कि नौसेना के अग्निवीरों के तीसरे बैच की पासिंग आउट परेड (पीओपी) 15 मार्च को आईएनएस चिल्का में होगी। इन सभी ने आईएनएस चिल्का में कठिन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस विशेष अवसर पर दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास भी उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण पूरा करने वाले अग्निवीरों के परिवार भी समारोह में शामिल होंगे। इसके अलावा बड़ी-बड़ी उपलब्धियां प्राप्त करने वाले पूर्व सैनिक तथा कई खेल हस्तियां भी समारोह में उपस्थित रहकर इन अग्निवीरों को अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से प्रेरित करेंगी। नौसेना प्रमुख समापन समारोह में भाग लेंगे और विभिन्न प्रभागों को पुरस्कार एवं ट्रॉफियां प्रदान करेंगे। वे प्रशिक्षुओं की द्विभाषी पत्रिका ह्यअंकुरह्न का अनावरण भी करेंगे। अग्निवीर के पहले बैच में 273 महिला सैनिकों सहित कुल 2,600 अग्निवीर शामिल थे, जिन्हें ओडिशा के आईएनएस चिल्का में 16 सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद पिछले साल 28 मार्च को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। पहले बैच में वो भी अग्निवीर भी शामिल थे, जो पिछले साल 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर भारतीय नौसेना के गणतंत्र दिवस परेड दल का हिस्सा थे। दूसरे बैच में 452 महिलाओं सहित लगभग 2200 अग्निवीर थे, जिनकी पासिंग आउट परेड पिछले साल 26 सितंबर को ओडिशा में भारतीय नौसेना जहाज (आईएनएस) चिल्का में हुई थी। तीसरे बैच की पासिंग आउट परेड लगभग 2600 अग्निवीरों के सफल प्रशिक्षण के समापन का प्रतीक है, जिसमें महिला अग्निवीर भी शामिल हैं। अब तीसरा बैच मिलने के बाद नौसेना में अग्निवीरों

- **आइएनएस चिल्का में आज होगी पासिंग आउट परेड**
- **नौसेना में अग्निवीरों की संख्या 7,400 हो जायेगी**



## नेपालियों के परिवारों को इजराइल आजीवन आर्थिक सहयोग देगा

**नेपाल।** फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के आक्रमण में मारे गए नेपाली नागरिकों के परिवारों को इजराइल सरकार आजीवन आर्थिक सहयोग देगी। नेपाल में इजराइल के राजदूत हनान गोडर ने विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ से मुलाकात कर सरकार के फैसले की जानकारी दी। गोडर ने विदेश मंत्री को बताया है कि सहायता की पहली किस्त पीड़ित परिवारों को उपलब्ध करा दी गई है। हमास के इजराइल पर हमले में करीब 10 नेपाली नागरिक मारे गए हैं। इनमें से अधिकांश कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी थे। मगर कंचनपुर जिले के एक छात्र विपीन जोशी की अब तक कोई खबर नहीं मिल पाई है। न तो उसका शव ही मिल पाया है। इजराइली राजदूत ने कहा कि जब तक उसका पता नहीं लग जाता तब तक उसके परिवार को भी आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# अंजनी सूत फैक्ट्री में जीएसटी टीम का चल रहा है छापेमारी

## एक ही समय घर व फैक्ट्री में टीम ने दी दस्तक

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** केंद्रीय जांच एजेंसी जीएसटी की दो अलग-अलग टीम अंजनी सूत स्टील प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री व आवास पर एक साथ एक ही समय पर दस्तक दी है। टीम में जीएसटी ज्वाइंट डायरेक्टर स्तर के पदाधिकारी शामिल थे।



एजेंसी की टीम गुरूवार की सुबह 5 गाड़ियों से कोडरमा पहुंची, जिसके बाद टीम दो हिस्सों में बंटकर पहले गुमो गझंडी डोइयाडीह रोड स्थित अजंनी सूत प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री के अंदर चली गई।

उस वक्त फैक्ट्री के अंदर जांच एजेंसी के तीन गाड़ियों के अलावा पुलिस की एक गाड़ी मौजूद रही। वहीं अड्डीबंग्ला रोड भालोटिया मोहल्ला स्थित फैक्ट्री मालिक के आवास के बाहर जांच एजेंसी की दो गाड़ियां खड़ी रही। फिलहाल जांच कब तक चलेगी यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# अप्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कोडरमा एवं पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर आपस में समन्वय स्थापित कर एसडीपीओ कोडरमा एवं एसडीपीओ खोरीमहूआ (गिरिडीह) के नेतृत्व में टीम गठित कर तिलैया थाना काण्ड संख्या 284/2023, 06 दिसम्बर 2023 के अनुसंधान के दौरान काण्ड के अप्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक शर्मा पिता रूपलाल, ठाकुर एवं पप्पु शर्मा पिता रूपलाल शर्मा दोनों ग्राम चरघरा थाना जमुआ जिला गिरिडीह निवासी के घर पर रात्री 3:15 बजे संयुक्त छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान घर से काण्ड के अप्राथमिकी अभियुक्त पप्पु शर्मा को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति के शरीर की तलाशी के क्रम में उनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, जिसके बट के दोनों तरफ लकड़ी का पट्टा लगा हुआ, बैरल की लम्बाई करीब 12 सेमी, बट की लम्बाई करीब 9 सेमी कुल लम्बाई 17 सेमी बरामद किया गया। कट्टा के बैरेल से 3.15 बोर का एक कारतुस निकाला गया, जिसके पेंदे में 8 एमएम लिखा हुआ है एवं उनके पास से एक काले रंग का ओप्पो कम्पनी का मोबाईल बरामद किया गया। देशी कट्टा एवं कारतूस के संबंध में पकड़े गये व्यक्ति से पूछाताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि देशी कट्टा एवं जिंदा कारतुस उनके पास पहले से ही है, जिसका उपयोग कर तिलैया थाना में डकैती की घटना को अंजाम दिये थे। इस संबंध में जमुआ थाना (गिरीडीह) कांड सं 62/24 14 मार्च 2024 को मामला दर्ज कर विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।




### छापेमारी दल में

एसडीपीओ कोडरमा जीतवाहन उरांव, एसडीपीओ खोरीमहूआ नीरज कुमार सिंह, प्रशिक्षु डीएसपी कैलाश महतो, पुनि जमुआ अंचल प्रमोद कुमार सिंह, पुनि डोमचांच अंचल बिनोद कुमार, थाना प्रभारी जमुआ गिरिडीह पुअनि मणिकांत कुमार, तिलैया थाना निताई चन्द्र साहा, तकनिकी शाखा अब्दुल्लाह खान, जमुआ थाना रोहित कुमार सिंह, तिलैया पैंथर आरक्षी एवं सशत्र बल के जवान मौजूद थे।

## आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं होली का त्योहार : एसडीओ

**कोडरमा।** बिरसा मुंडा सांस्कृतिक भवन में एसडीओ रिया सिंह की अध्यक्षता में होली पर्व के दौरान विधि व्यवस्था संधारण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ। इस दौरान एसडीओ ने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विधि व्यवस्था संधारण के साथ आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में होली त्यौहार को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय व सतर्क रहने का निर्देश दिया। उन्होंने होली त्योहार को लेकर सभी संबंधित विभाग जैसे पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, फायर सेफ्टी, नगर परिषद्, पंचायत को एक्टिव रहने का निर्देश दिया। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को एक्टिव रहने की बात कहीं ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से लोग मना सके और किसी भी प्रकार का व्यवाान ना हो पाए। वहीं उन्होंने कहा कि होली पर्व को सभी उत्साह के साथ मनायें, रंग लगाने के नाम पर किसी प्रकार का जोर-जबरदस्ती ना हो।

# आइएनडीआइए गठबंधन पर लगाया गया गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झुमरीतिलैया स्थित स्थानीय रॉयल सेलिब्रेशन में प्रेस कांफ्रेंस संपन्न हुई। वहीं जिलाध्यक्ष अनुप जोशी ने कहा कि इण्डिया गठबंधन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर गाली गलौज दी गई। यह एक ईनडी गठबंधन के लोगों की सड़ी हुई विकृत मानसिकता प्रदर्शित होती है। प्रधानमंत्री देश के सभी लोगों के प्रधानमंत्री होते हैं, उनके लिए मर्यादित शब्दों का उपयोग होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश को विकासशील देशों से निकलकर विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का अच्छा प्रयास किया। 500 वर्ष के राम मंदिर के आंदोलन को खत्म कर राम मंदिर बनवा देना। सभी पुराने मंदिरों को जीर्णोद्वार करवाना। आज तक सनातन धर्म मंदिर टूटते हुए देखा, मगर आज दुबई में भी इस्लामिक देश में मंदिर बनते हुए दिख रहे हैं। ऐसे देवतूलय प्रधानमंत्री पर अपशब्द का प्रयोग कर गाली-गलौज देना एक विकृत मानसिकता बताती है। इसी को कहते हैं संगति से गुण आवत है, संगति से गुण जात। सुभाष यादव जैसे माफिया प्रवृत्ति के आदमी के साथ जिनके साथ बालू माफिया जैसा सब जुड़ा हुआ है, रहने वाले लोगों से संस्कार की उम्मीद कैसे की जा सकती है। इन्होंने सांसद पर आरोप लगाया तो हमारी सांसद का परिवार तो 90 के दशक से आज तक कोडरमा का प्रतिनिधित्व कर रहे है। कोडरमा के लोगों के दिलों में उनके प्रति प्रेम है तो विधायक से लेकर सांसद तक का चुनाव जीत रही है एवं लगातार कोडरमा से प्रतिनिधित्व कर रही है और लोगों के दुख सुख में उनके साथ खड़ी है, ऐसी नेतृत्व वाली महिला पर झूठा आरोप लगाना यह इनकी विकृत मानसिकता बताती है। इन लोगों को शर्म आनी चाहिए, हम इसकी घोर निंदा करते हैं। जवाब तो हमें भी उनकी भाषा में देना आता है, मगर हम संस्कारी पार्टी के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं जो मर्यादा में ही बातें रखते हैं और करते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि ईडी गठबंधन के नेताओं पर सभी थानों में जिला एवं सभी मंडल अध्यक्षों के द्वारा एफआईआर दर्ज कराया गया।

## नगर परिषद ने 34 होल्डिंग बकायादारों का बैंक खाता किया फ्रीज

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद झुमरीतिलैया प्रशासक हर्षवर्धन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के होल्डिंग टैक्स के बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इसके तहत 34 होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज कराया गया। प्रशासक हर्षवर्धन ने कहा कि सभी होल्डिंग धारी ससमय होल्डिंग टैक्स जमा करें। बकाया होने पर नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद समाचार पत्रों में नाम भी प्रकाशित किया गया। इसके बावजूद इन लोगों ने बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान नहीं किया। इसके बाद इन लोगों पर झारखंड नगर पालिका आिनियम की ारा 184 के क्र.सं 161 के तहत कार्रवाई करते हुए बैंक खाता फ्रीज कराया गया।उन्होंने अन्य बकायादारों से आग्रह किया किवे अपना बकाया होल्डिंग टैक्स जमा कर दें अन्यथा उन लोगों पर भी झारखंड नगर पालिका आिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# प्रमुख ने किया आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

## कहीं सेविका गायब तो कहीं आंगनबाड़ी केंद्र मिला बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिमरिया।** प्रमुख रोहन साव ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कहीं सेविका गायब तो कही केंद्र बंद मिला। इससे प्रमुख ने बेहद नाराजगी व्यक्त की। प्रमुख सर्व प्रथम आंगनबाड़ी केंद्र हफूवा में पहुंचे जहां बच्चो की उपस्थिति नगण्य थी, जबकि पिछले तीन दिनों से बच्चो को उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दशार्या गया मिला। इसके बाद गोठाई आंगनबाड़ी केंद्र पंहुचे जहां सेविका गायब थी। यहां बच्चो को सूजी और बादाम भी नही मिला और पूछे जाने पर सहायिका ने कहा कि सेविका अभी घर गई हुई है। उसके बाद प्रमुख ने आंगनबाड़ी केंद्र लूतीडीह का निरीक्षण किया। यहां एक भी बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में नही मिले और सेविका के द्वारा दर्जनों बच्चो का उपस्थिति पंजी में अंकित कर दिया गया था जिसे देख बिफरे। प्रमुख बगरा आंगनबाड़ी केंद्र गए यहां भी बच्चो की उपस्थित मात्र चार था, जबकि बच्चो नाश्ता और चना गुड भी नहीं दिया गया। अंत में प्रमुख ने जबड़ा आंगनबाड़ी के केंद्र का भी निरीक्षण किया तो बंद पाया गया। प्रमुख ने कहा कि सीडीपीओ और सुपरवाइजर के द्वारा क्षेत्र में केंद्र का निरीक्षण नही करने का नतीजा देखने को मिला है। उन्होंने सीडीपीओ को केंद्रों को स्थिति से अवगत कराते हुए अविलंब सुधार करने को कहा।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड स्तरीय 40 मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण



**चतरा।** गुरुवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल निर्वाचन हेतु प्रखंड स्तरीय 40 मास्टर ट्रेनर को डीएमएफटी सह प्रशिक्षण भवन हॉल में दिया गया। ये मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षित होकर प्रखंड स्तर के मतदान कर्मियों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। गुरुवार के प्रशिक्षण में ईवीएम संचालन, प्रपत्र एवं चुनाव से संबंधित व्यवहारिक एवं प्रेक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अजीत कुमार झा, देवेंद्र कुमार, रमेश कुमार, बिरेंद्र कुमार, नरेश तिवारी द्वारा दिया गया। उक्त मौके पर प्रशिक्षण कोषांग से संबंधित पदाधिकारी जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर पंडित, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा हरिणाथ महतो समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### प्रेस क्लब चुनाव के पहले दिन 9 पत्रकारों ने किया नामांकन



**चतरा।** चतरा प्रेस क्लब चतरा के चुनाव के लिए तीन दिवसीय नामांकन प्रक्रिया के प्रथम दिन निवार्ची पदाधिकारी प्रवीण कुमार रस्तोगी, स्वतंत्र समिति सदस्य चन्द्रेश शर्मा, जफर परवेज तथा संतोष सिंह की उपस्थिति में 14 मार्च को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चतरा जिला जनसंपर्क कार्यालय परिसर में अध्यक्ष पद के लिए ठाकुर धीरेन्द्र प्रसाद तथा धर्मेंद्र पाठक,सचिव पद के लिए सूर्यकांत कमल , कोषाध्यक्ष पद के लिए सरफराज अहमद तथा सत्येंद्र मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य के लिए अजय कुमार , मो हेलाल उर्फ लक्की, शैलेश कुमार तथा रणधीर सिंह ने नामांकन प्रपत्र का क्रय किया। वहीं रणधीर सिंह ने नामांकन प्रपत्र भरकर जमा किया। इस मौके पर जिला के सुनील कश्यप,सतेंद्र अग्रवाल,अजय चौरसिया , विपिन कुमार सूर्यकांत कमल प्रदीप वर्मा मलिक बाबू मुन्ना कुमार वीरेंद्र साहू अरविंद सिंह महेंद्र यादव जितेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### खेत में महिला का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के झुमरी टोला के खेत के बगल से पुलिस ने गुरुवार को एक महिला का शव बरामद किया है। मृत महिला पहरा के झुमरी टोला निवासी उमर राम की 42 वर्षीय पत्नी मालती देवी है। परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या कर खेत के समीप फेंकने का आरोप लगा रहा है। घटना बीते बुधवार की देर रात की है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाते ही थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले अंतियप्रिक्षण के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। हालांकि महिला की मौत कैसे हुई,इसकी जानकारी नहीं हो पाया है। बताया गया की महिला प्रसूति का काम करती थी। जिसे लेकर महिला घर के बगल एक छठी कार्यक्रम में गई थी। छठी कार्यक्रम से वापस आ कर दुबारा छठी कार्यक्रम में खाना लाने जा रही थी। इसी बीच महिला के साथ ब्लातकार कर दिया कर खेत में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस फिलहाल मामले की जांच करने में जुटी है।

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज चतरा आएंगे



**चतरा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज 15 मार्च हेलीकाप्टर द्वारा लगभग 1 बजे चतरा के इटखोरी आएंगे। राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। सुरक्षा प्रबंध भी कड़े कर दिए गए हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संशोधित दौरा कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय रक्षा मंत्री का आगमन लगभग 1 बजे चतरा के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर परिसर में होगा। मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना करने के पश्चात महोत्सव मैदान पर आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह, स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास भी शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष ने बताया कि बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों से कार्यकताओं का जुटान होगा।

### शोकाकुल परिजनों से मिले सांसद

**इटखोरी।** राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह तथा स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास ने गुरुवार को दिवंगत सेवानिवृत शिक्षक बजरंग सिंह के परिजनों से मुलाकात की। जनप्रतिनिधियों ने दुख की इस घड़ी में दिवंगत शिक्षक के पुत्र व किसान मोर्चा के जिला मंत्री टुन्नी सिंह से मिलकर संवेदना प्रकट की। सांसद व विधायक के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिवंगत शिक्षक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## नये थाना प्रभारी ने किया पद भार ग्रहण

**सतगावां (कोडरमा)।** नये थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निःवर्तमान प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार से अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में उग्रवाद व अपराधी की घटनाओं में अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र पर पैनी नजर रहेगी।

**सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड**
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, राँची–834031, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक :–................./कोडरमा, दिनांक ......./......../2021

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस इस कार्यालय का निविदा सूचना सं० – RDD/SD/KODERMA/12/EE/2023-24 (2nd call) एवं पी०आर० सं० – 321862 को अपरिहार्य कारण से तत्काल स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
कोडरमा

PR 322602 Rural Work Department (23-24)_D

**कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित वाहन पडाव की बन्दोबस्ती एक वर्श के लिए की गई है। उल्लेखनीय है कि निगम क्षेत्रान्तर्गत निर्धारित वाहन पडाव को छोडकर ऐसे स्थान यथा ओल्ड समाहरणालय मेन गेट के बाहरी परिसर से मजार रोड तक पश्चिम में दोनो तरफ, उतर में झील रोड से बी.एड. कॉलेज गेट तक दोनो तरफ, आरोग्यम हॉस्पिटल से डिस्ट्रीक चौक तक, मटवारी गाँधी मैदान के समीप, आन्नदा चौक से टाउन हॉल तक, आन्नदा चौक से बुढवा महादेव तक एवं अन्य अधिसूचित क्षेत्रों में यत्र–तत्र वाहनों के ठहराव से यातायात बाधित होता है एवं जाम की स्थिति बनी रहती है।

उक्त के आलोक में शहर के यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने एवं आम जनों को जाम से निजात दिलाने हेतु उक्त सभी स्थानों को नो पार्किंग जोन घोषित किया जाता है। यदि उक्त स्थान पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा गाडी खडी की जाती है तो उस स्थिति में उक्त वाहन मालिकों से दण्ड की वसूली की जाएगी।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

PR 322583 Urban Development and Housing (23-24)_D

प्रशासक–सह–नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिशद, राँची का पत्रांक–368, दिनांक–02.02.2024 के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत उच्च प्राथमिक कक्षा के 200 छात्रों का राज्य के अंदर तथा मध्यमिक एवं उच्चत्तर माध्यमिक कक्षाओं के 100 छात्रों को राज्य के बाहर शैक्षणिक भ्रमण हेतु निबंधित इच्छुक संस्थानों से मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ से निविदा प्रपत्र दिनांक–15.03.2024 से दिनांक–22.03.2024 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त कर झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ में दिनांक–23.03.2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक तकनीकि बिड एवं वित्तीय बिड अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में भरकर जमा करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय क्रय समिति के द्वारा दिनांक–23.03.2024 को अपराह्न 02:00 बजे झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बुनियादी विद्यालय परिसर, गोला रोड, रामगढ़ में निविदा खोला जायेगा। पूर्ण एवं आवश्यक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए सर्व शिक्षा अभियान, रामगढ़ के नाम से अप्रतिदेय (Non-refundable) Rs. 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) राश्ट्रीयकृत बैंक के डिमाण्ड ड्रफ्ट के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। झारखण्ड टूरिज्म से टूर एवं ट्रेवल्स के लिए निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे। निविदा को संशोधित करने या किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

ह०/–
जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़

बस्ती–बस्ती, गाँव–गाँव, में ये माहौल बनाना है, घर–घर में शिक्षा का दीप जलाना है।
PR 322639 (District)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
(उप निदेशक कल्याण कार्यालय, उतरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग)
प्रवेश परीक्षा/नामांकन संबंधी संशोधित सूचना शैक्षणिक वर्ष 2024–25

**–:विज्ञप्तिः–**

उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालयों में वर्ग–06, 07 एवं 08 में शैक्षणिक सत्र–2024–25 के नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र दिनांक–07.03.2024 तक आमंत्रित तथा नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक–17.03.2024 को निर्धारित की सूचना प्रकाशित की गई थी, जिसे अपरिहार्य कारण से संशोधित करते हुए नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा दिनांक–**07.04.2024** को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक निर्धारित की जाती है। विशेष जानकारी के लिए हजारीबाग जिले के वेबसाईड (www.hazaribag.nic.in) जनसाधारण के अवलोकनार्थ अपलोड (Upload) कर दिया गया है।

ह०/–
उप निदेशक कल्याण,
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 322592 Welfare(23-24)#D

**कार्यालय, जिला परिषद्, कोडरमा**

**अतिअल्पकालीन नीलामी**
**हाट–बाजार, जयनगर एवं मरकच्चो**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) के लिए प्रखण्ड जयनगर एवं मरकच्चो हाट बाजार की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय कक्ष/सभागार में निम्नांकित तिथि को की जायेगी–

| क्र0 सं0 | हाट–बाजार का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पेठियाबागी हाट–बाजार, जयनगर प्रखण्ड | 2,40,000.00 | 24,000.00 | 28/03/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |
| 2 | हाट–बाजार, मरकच्चो प्रखण्ड | 4,42,260.00 | 44,226.00 | 28/03/2024 | 03:00 बजे अपराह्न |

इच्छुक डाकवक्ता उपरोक्त कॉलम 04 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के पदनाम से देय होगा एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। आवेदन पत्र के साथ दस्तावेज संलग्न कर डाक से पूर्व जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं। नियमावली एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट एवं जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.322678 Panchayati Raj(23-24):D

# ओजोन परत के बिना समाप्त हो जाएगी पृथ्वी

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किलोमीटर की ऊंचाई पर वायुमंजल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है।

**योगेश कुमार गोयल**

**16 सितंबर 1987** को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष ह्यविश्व ओजोन दिवसह्ल मनाया जाता है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस थीम है ह्यमॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंजह्ल अर्थात ह्यमॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करनाह्ल।

आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री सेल्सियस वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में पिछले साल कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है।नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई है।



विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सहयोग से पर्यावरण पर छपी पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किलोमीटर की ऊंचाई पर वायुमंजल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैंगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्रायः कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

(लेखक के निजी विचार हैं।)

# आत्म स्वाभिमान और आत्म परिष्कार से जीवन के उदेश्यों की प्राप्ति

**निशा**

**दुनिया** में सबसे अधिक युवा भारत में हैं। युवाओं के योगदान से ही भारत दुनिया में अपनी पहचान बना रहा है। खबर मन्त्र के तत्वावधान में राजधानी के उर्सूलाइन कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के सभागार में एक मोटिवेशनल काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। कामर्स स्ट्रीम की छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। बतौर विशेषज्ञ खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने छात्राओं को विषयों की जानकारी के साथ ही देश-दुनिया की गतिविधियों पर नजर रखने और उसके विश्लेषण की क्षमता को बढ़ाने की प्रेरणा दी। श्री मुरलीधर ने कहा कि हमें श्रेष्ठ देश की कल्पना करनी हो तो हमें इस राष्ट्र को श्रेष्ठतम राष्ट्र बनाने की हिम्मत भी होनी चाहिए। हमारी विरासत बहुत समृद्ध रही है। हमारे मोटिवेशन के लिये हर ओर सहयोग का वातावरण है। जल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जल का कोई आकार नहीं होता उसी प्रकार मन की चंचलता की कोई सीमा नहीं होती है। जल जब तक आकार में न आये तक तक कोई काम का नहीं होता इसी प्रकार मन को भी एक आकार देने की आवश्यकता है। मनन, मन को आकार देने की प्रकिया है। हमारी सोच से ही हमारी वाणी और व्यवहार नियंत्रित होती है। हर युवा को आने वाले समय में कम से कम 25 साल के परिवर्तन और संभावनाओं का अंदाज होना चाहिए। इससे वे अपने जीवन को दिशा दे सकते हैं। हमारी संस्कृति और सामाजिक वातावरण में सहयोग का बड़ा अदभूत सांमजस्य है।



मोटिवेशन

जीवन में बेहतर संभावना बने इसके लिये अपनी शैक्षणिक विषयों के अधिकतम जानकारी के साथ ही विभिन्न परिवर्तनों पर भी नजर रखें। अपनी संवाद और विचार की शैली को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार काम करते रहें क्योंकि यह कार्य कुछ दिनों में पूरा नहीं होता। शारीरिक और मानसिक परेशानी को बहुत अधिक प्रभावी न बनने दें। अगर आप हर दिन का काम हर दिन करते हैं तो आपकी दिनचर्या बहुत सुखद और आपके लिये बहुत सुखद हो जायेगी।

हम अपने व्यवहार को लेकर इतना संजीदा रहें कि अनावश्यक स्थिति पैदा ही न हो। सोशल मीडिया और मोबाइल के उपयोग में पूरी सावधानी की आवश्यकता होती है। हमें इसका सही और सीमित उपयोग ही करना चाहिए।

हमारे पास अवसरों की कमी नहीं है कमी है उन अवसरों के अनुकूल हमारी योग्यता प्राप्त कर लेने की। इस अवसर की प्राप्ति के लिये हम शिक्षा ग्रहण करते हैं। देश में जिस प्रकार की आर्थिक स्थिति है उसमें शिक्षा परिवर्तन का सबसे बेहतर हथियार है।

कार्यक्रम का विषय प्रवेश प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कराया। उन्होंने कहा कि खबर मन्त्र के सहयोग से हम लगातार मोटिवेशनल कार्यक्रम करते रहें है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिये खबर मन्त्र का धन्यवाद।

# आदिवासियों की शिक्षा का बदलता स्वरूप

**अमरेंद्र किशोर**

**जनजातीय** लोगों ने आबोहवा की हिफाजत और जंगलों को बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। अगर पेसा कानून ने सालों पहले ग्राम सभा को सामुदायिक संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण का अधिकार दिया है तो फिर शिक्षा से इन नागरिक संकायों को जोड़ने की बात क्यों नहीं की गई?

आजादी के अमृत महोत्सव साल में जनजातीय इलाकों में एक उदासीन लोक पर्व मनाया जा रहा है, क्योंकि अब आदिवासियों के स्कूलों की रंगत और रुतबा बदलने के दिन आ गए हैं। बांग्लादेश, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका की तरह मध्य प्रदेश सरकार की ओर से भी राज्य के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बानबे सरकारी स्कूलों को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) स्वरूप में संचालित करने के लिए निजी हाथों में सौंपने का फैसला लिया गया है। यह निर्णय कई मामलों में अहम है।

अनुमान है कि मध्य प्रदेश की तरह देश भर में देर-सबेर पीपीपी स्वरूप में आदिवासियों की शिक्षा का स्वरूप उभरेगा। सवाल है कि क्या यह फैसला भारत की नई शिक्षा नीति का एक क्षेपक है, यानी भविष्य की जनजातीय शिक्षा की कोई



रणनीति है? उल्लेखनीय है कि गुजरात और ओड़ीशा में पीपीपी स्वरूप बहुत पहले अपनाया जा चुका है। तो क्या पीपीपी आधारित जनजातीय शिक्षा के एक नए युग की दस्तक है?

पीपीपी स्वरूप का मतलब यह कतई नहीं है कि निजी संस्थाओं को विद्यालय की जमीन, मकान या अन्य किस्म के संसाधनों का मालिकाना हक सौंप दिया जाता है। मुद्दा महज प्रबंधन का भी नहीं, बल्कि सेवाओं के निष्पादन से है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पीपीपी स्वरूप की आड़ में सरकार की विफलताएं परदे के पीछे चली जातीं हैं।

ओड़ीशा में ऐसा ही देखने को मिला है। दरअसल, यह स्वरूप कोई विचार नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है जो जिम्मेदारियों को कम करते हुए एक साधन के रूप में निजीकरण को बढ़ावा देता है। इसमें उम्मीद की जाती है कि विद्यालयों की संख्या बढ़ाकर शिक्षा के अधिकार को शत-प्रतिशत पूरा किया जा सकता है। मध्य प्रदेश के ग्रामीण और वन्य क्षेत्रों में शिक्षा को लेकर व्यापक निराशा है।

याद किया जा सकता है कि राज्य के झाबुआ जिले में पढ़ाई छोड़कर काम की तलाश में निकली लड़कियों से जुड़ी खबर हाल ही में सुर्खियों में आई थी। विज्ञापनी दावों में यह बार-बार जताने की कोशिश की जाती है कि जनजातियों के विकास के प्रति मध्य प्रदेश सरकार पूरी तरह से ईमानदार है, हर साल कल्याणकारी उपायों पर भारी-भरकम राशि खर्च की जाती है। लेकिन नतीजों का हाल जगजाहिर है। सरकार का तंत्र कहीं न कहीं जर्जर हो चुका है।

सरकार का कहना है कि प्रारंभिक अनुबंध कक्षा छह से बारहवीं तक के विद्यार्थियों की प्रगति को मापने के लिए सात साल के लिए होगा। ये स्कूल सरकार को गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की कमी की समस्या को दूर करने में सक्षम बनाएंगे। लेकिन राज्य में एक बड़ी समस्या जहां नवासी आदिवासी विकास खंडों के स्कूलों में कई रिक्तियां हैं।

अब निजी हिस्सेदार या सहयोगी ही शिक्षकों और कर्मचारियों का चयन करेगा। इस बात के लिए तसल्ली दी गई है कि सरकारी शिक्षक भी वहां काम करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपना पल्ला झाड़ते हुए सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगिता परीक्षा में विद्यार्थियों का अधिकतम चयन सुनिश्चित करने के साथ उनके ज्ञान के स्तर को बढ़ाने की जिम्मेदारी निजी भागीदारों की होगी।

लेकिन सवाल है कि विद्यालयों में रिक्तियों के कारण क्या हैं? अभी तक सरकार के शिक्षा विभाग ने क्या किया? ग्रामीण अंचलों से भी कहीं कठिन इलाकों में स्थित विद्यालयों के हालात क्यों बदतर हैं? सरकार की जवाबदेही किसके प्रति है? क्या सरकार ने बनी-बनाई लीक से हटकर नव्यतम तरीकों को अपनाने की पहल कभी की है? जितनी ईमानदारी बीड़ी पत्ता का मसला सुलझाने में दिखी थी, उतनी ही तत्परता उन आदिवासी विद्यालयों को लेकर क्यों नहीं देखने को मिली है? आज आदिवासी विद्यालय का उदास-बेजान माहौल, आदिवासियों की शिक्षा का माध्यम और उसे स्वीकार करने का द्वंद्व, अपनी मातृभाषा में शिक्षा हासिल नहीं करने की स्थिति अनेक सवाल पैदा करती है। आदिवासी विद्यालयों के संचालन या प्रबंधन को किसी के हाथों में सौंपना ही था तो नमूने के तौर पर चरणबद्ध हस्तांतरण करने में दिक्कत क्या थी? पेसा लागू करने का रंगारंग उत्सव मनाने वाली राज्य सरकार ग्राम सभाओं को इस तरह के हस्तांतरण शामिल करने से क्यों बचती रही है?जनजातीय लोगों ने राज्य की आबोहवा की हिफाजत और जंगलों को बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

(साभार जनसत्ता)

## बिन पानी सब सून...




**मनोज कुमार सिन्हा**

**आहट आने लगी है जल संकट की........**

अभी गरमी की दस्तक ठीक से पड़ी भी नहीं है कि कई शहरों से जल संकट की खबरें आने लगी है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बीते सप्ताह जानकारी दी थी कि 2024 के गर्मी के मौसम में मार्च से मई के दौरान तापमान सामान्य से अधिक रहेगा. बढ़ते तापमान व जलवायु परिवर्तन ने दुनियाभर में जल संकट उत्पन्न कर दिया है. भारत भी इस समस्या की जद में है. अनियमित बारिश और सूखे के कारण वर्ष 2030 तक भारत में पानी की मांग में दोगुनी वृद्धि का अनुमान है. भूजल का स्तर तेजी से गिरता जा रहा है. पानी की उपलब्धता, मांग व आपूर्ति समेत इसके संरक्षण से जुड़े प्रयासों के बारे में जानिए इन दिनों में....

ब ढ़ता तापमान पूरी दुनिया को अनगिनत समस्याओं के घेरे में ला रहा है. इन समस्याओं से भारत भी अछूता नहीं है. ऐसी ही एक समस्या है देश में गहराता जल संकट, जो जलवायु परिवर्तन के साथ और गंभीर रूप लेता जा रहा है. बीते कुछ वर्षों से भारत के कई बड़े शहर जल की गंभीर कमी जूझ रहे हैं. इस कारण लाखों लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है. आंकड़ों की मानें, तो जिस गति से भारत की जनसंख्या बढ़ रही है, देश के कुछ ही शहरों में जल प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था है. इस कारण भविष्य में पीने के पानी की उपलब्धता पर गंभीर संकट आने की संभावना है.

2030 तक पानी की मांग में दोगुनी वृद्धि का अनुमान

वर्ष 2018 में नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि भारत इतिहास के सबसे बुरे जल संकट से जूझ रहा है. हमारे महत्वपूर्ण भूजल संसाधन जो हमारी जल आपूर्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा है, उनका अस्थिर दरों (अनसस्टेनेबल पर क्षरण हो रहा है. रिपोर्ट बताती है। है कि देश में स रेट्स) सूखा लगातार बढ़ता जा रहा है, चूंकि देश की आधी से अधिक खेती वर्षा पर आधारित है, इससे बारिश पर निर्भर देश के किसानों के लिए गंभीर समस्याएं पैदा हो रही है. इतना ही नहीं, जब पानी उपलब्ध होता है, तो इसकी जल आपूर्ति के बड़े हिस्से के दूषित होने की संभावना होती है।

**30 भारतीय शहरों में पानी की गंभीर कमी की आशंका**

वर्ष 2020 के वर्ल्ड वाइड फंड के एक अध्ययन में कहा गया है कि यदि जलवायु परिवर्तन को कम करने और परिस्थिति को अनुकूल बनाने के लिए तत्काल कदम नहीं उठाया जाता है, तो दुनियाभर के 100 शहरों को 2050 तक गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है. इससे करोड़ों लोगों का जीवन खतरे में पड़ सकता है. इन सौ शहरों की सूची में जकार्ता, जोहानसबर्ग, इस्तांबुल,

हांगकांग, मक्का और रियो डी जेनेरियों के अतिरिक्त बीजिंग समेत चीन के लगभग आधे शहर शामिल हैं. भारत की बात करें तो जयपुर, इंदौर, अमृतसर, पुणे, श्रीनगर, कोलकाता, बेंगलुरु, मुंबई, कोझिकोड और विशाखापत्तनम सहित लगभग 30 भारतीय शहरों की पहचान ऐसे शहरों के रूप में की गयी है जहां अगले कुछ दशक में नाटकीय रूप से जल संकट में वृद्धि देखने को मिल सकती है.

जल संकट को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किये गये एक अध्ययन ने बताया है कि बढ़ते तापमान और गर्म जलवायु के चलते भारत आने वाले दशकों में अपने भूजल का कहीं अधिक तेजी से दोहन कर सकता है. अनुमान जताया गया है कि इस दोहन के चलते 2040 से 2080 के बीच भूजल में गिरावट की दर तीन गुना बढ़ सकती है. इस शोध के निष्कर्ष एक सितंबर, 2023 को अंतरराष्ट्रीय जर्नल साइंस एडवांसेज में प्रकाशित हुए हैं.

**एक तिहाई लोगों की आजीविका पर खतरा**

विदित हो कि वर्तमान में भारत दुनिया के अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक तेजी से अपने भूजल का दोहन कर रहा है. इस संबंध में हुए अध्ययन के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर वर्ष 230 क्यूबिक किलोमीटर भूजल की निकासी हो रही है, जो भूजल के वैश्विक उपयोग का लगभग एक चौथाई भाग है. देश में इसका सबसे अधिक उपभोग कृषि के लिए हो रहा है. गौरतलब है कि गेहूं, चावल और मक्का जैसी मुख्य फसलों की सिंचाई के लिए भारत बड़े पैमाने पर भूजल पर निर्भर है, परंतु जैसे-जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है, खेत तेजी से सूख रहे हैं. इसके साथ ही मिट्टी में नमी को सोखने की क्षमता भी घट रही है, जिसके चलते भारत में भूजल स्त्रोतों के पुनर्भरण के लिए पर्याप्त जल नहीं मिल रहा है. परिणामस्वरूप, वर्ष दर वर्ष देश में भूजल की कमी जल उपलब्धता को बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं. ऐसे में अनुमान है कि तापमान में बढ़त के साथ जल उपलब्धता में और कमी आयेगी, जिसके चलते एक तिहाई लोगों की आजीविका खतरे में आ जायेगी. इससे देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो जायेगा.

कुछ फैक्ट :

60 करोड़ से अधिक लोग जल की अत्यधिक कमी का सामना कर रहे हैं देश में, नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार.

15 प्रतिशत घरों के परिसर में पीने के पानी की सुविधा नहीं है. वहीं 84 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में पाइप से पानी की सुविधा नहीं है.

10 प्रतिशत जल दूषित है देश की जल आपूर्ति का.

2 लाख लोगों की मृत्यु होती है हर वर्ष, उपलब्ध जल के दूषित होने के कारण.

2 गुनी वृद्धि होने का अनुमान है देश में पानी की मांग में, उपलब्ध आपूर्ति से, 2030 तक. लाखों लोगों को पानी की कमी का सामना करना होगा.

6 प्रतिशत देश की जीडीपी का नुकसान हो सकता है 2050 तक जल संकट के कारण.

40 प्रतिशत जनसंख्या के पास पीने का पानी उपलब्ध नहीं होगा, 2030 तक.

भारत में प्रतिवर्ष लगभग 4000 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) वर्षा (प्रेसिपिटेशन) होती है.

ग अनुमान है कि देश में सालाना क्रमशः 690 बीसीएम और 431 बीसीएम सतह जल व भूजल (सर्फेस व ग्राउंड वाटर) संसाधन उपयोग के लिए उपलब्ध है.

बीते दो दशकों में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आयी है और अनुमान है कि 2050 तक इसमें 20 प्रतिशत की और कमी आयेगी.

ग भारत दुनिया में सबसे अधिक भूजल का उपयोग करने वाला देश है.

जल का उपभोग

ग देश में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दो से चार लीटर पीने के पानी का प्रत्यक्ष उपभोग (डायरेक्ट कंजम्शन) करता है.

कुल ताजे पानी का लगभग 85 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में उपयोग होता है.

पानी की कुल मांग के छह से आठ प्रतिशत की रोजाना खाना बनाने के लिए आवश्यकता होती है.

देश के 83 प्रतिशत बिजली उत्पादन के लिए जल की जरूरत होती है.

पंजाब-हरियाणा में सर्वाधिक निकासी

देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति के लिए भूजल का उपयोग होता है.

100 प्रतिशत से अधिक निकासी के साथ पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली अपने भूजल का अत्यधिक उपभोग कर चुके हैं.

# राष्ट्रभाषा के बिना गूंगा है राष्ट्र

**योगेश कुमार गोयल**

हिन्दी भाषा को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिवर्ष 14 सितंबर का दिन हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी के साथ शुरू हो जाता है हिन्दी दिवस सप्ताह। प्रत्येक भारतीय के लिए अब यह गर्व की बात है कि दुनियाभर में हिन्दी को चाहने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉ. फादर कामिल बुल्के ने संस्कृत को मां, हिन्दी को गृहिणी और अंग्रेजी को नौकरानी बताया था। आयरिश प्रशासक जॉन अब्राहम ग्रियर्सन को भारतीय संस्कृति और यहां के निवासियों के प्रति अगाध प्रेम था, जिन्होंने हिन्दी को संस्कृत की बेटियों में सबसे अच्छी और शिरोमणि बताया था। दूसरी ओर हमारे ही देश में कुछ लोग कुतर्क देते हैं कि भारत सरकार योग को तो 177 देशों का समर्थन दिलाने में सफल हो गई लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन भी नहीं जुटा सकी और इसे अब तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनाने में भी सफलता नहीं मिली। हालांकि इस प्रकार की नकारात्मक बातों से न हिन्दी का कुछ भला होने वाला है और न ही उसका कुछ बिगड़ने वाला है। ऐसे व्यक्ति हिन्दी की बढ़ती ताकत का यह सकारात्मक पक्ष बहुत चालाकी से नजरअंदाज कर देते हैं कि आज विश्वभर में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। हिन्दी को लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने एक बार कहा था:-निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।

अर्थात अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है क्योंकि यही सारी उन्नतियों का मूलाधार है। मातृभाषा के ज्ञान के बिना हृदय की पीड़ा का निवारण संभव नहीं है। देश-विदेश के बड़े-बड़े विद्वानों ने हिन्दी भाषा के महत्व को समय-समय पर अपने शब्दों में व्यक्त किया है। पुरुषोत्तमदास टंडन मानते थे कि जीवन के छोटे से छोटे क्षेत्र में भी हिन्दी अपना दायित्व निभाने में समर्थ है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनसम्पर्क के लिए हिन्दी को ही सबसे उपयोगी भाषा मानते थे। हिन्दी भाषा के महत्व को स्वीकारते हुए वह कहा करते थे कि सम्पूर्ण भारत के परस्पर व्यवहार के लिए ऐसी भाषा की आवश्यकता है, जिसे जनता का बड़ा भाग पहले से ही जानता-समझता है और राज व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है।

गांधी जी कहते थे कि दिल की कोई भाषा नहीं है, दिल, दिल से बातचीत करता है और राष्ट्रभाषा के बिना एक राष्ट्र गूंगा है। अमेरिका के जाने-माने चिकित्सक वॉल्टर चेनिंग का कहना था कि विदेशी भाषा का किसी स्वतंत्र राष्ट्र के राजकाज और शिक्षा की भाषा होना सांस्कृतिक दासता है। माखनलाल चतुर्वेदी हिन्दी को देश और भाषा की प्रभावशाली विरासत मानते थे जबकि राहुल सांकृत्यायन के अनुसार संस्कृत की विरासत हिन्दी को जन्म से ही मिली है।